YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-179 | गुरुवार, 31 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



विदुर कुटी स्थल की विकास परियोजना न केवल क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। स्थल का सौंदर्यीकरण होने से बिजनौर जिले के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट लकड़ी पर नक्काशी उद्योग को विशेष रूप से लाभ मिलेगा।

जयवीर सिंह

आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़ी महिला को किया गिरफ्तार 11

विधायकों की ओर से उठाई गई जन समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी : मुख्यमंत्री 12

## संक्षेप

### पुंछ में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को किया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय सेना के जवानों ने बुधवार को दो आतंकवादियों को ढेर करके घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। रक्षा प्रवक्ता ने कहा, एक घुसपैठ विरोधी सफल अभियान में भारतीय सेना के सतर्क जवानों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई और सटीक गोलाबारी ने आतंकवाादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया और मौके से तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि की। रक्षा अधिकारी ने कहा कि हमारी खुफिया इकाइयों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली समन्वित और समन्वित खुफिया सूचनाओं के आधार पर एक सफल अभियान चलाया गया, जो अभी चल रहा है।

### यूपी विधान सभा मानसून सत्र का कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के मानसून सत्र का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने बुधवार को प्रस्तावित तिथिवार कार्यक्रम जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि 11 से 16 अगस्त तक विधान सभा मानसून सत्र का कार्यक्रम जारी किया जा रहा है। पहले दिन 11 को औचारिक कार्य पूरे किए जाएंगे। दूसरे, तीसरे और चौथे दिन विधायी कार्य होंगे। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान सभा नहीं बैठेगी। वहीं 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी होने की वजह से बैठक नहीं होगी। प्रमुख सचिव की ओर से विधान सभा के सभी सदस्यों को इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सत्र आहूत किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगी थी।

### अब्बास अंसारी के मामले में उच्च न्यायालय ने फैसला किया सुरक्षित

**प्रयागराज।** मऊ सदर से पूर्व विधायक अब्बास अंसारी के भड़काऊ भाषण मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आज दोनो पक्षो की बहस को पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। अंसारी ने क्रिमिनल रिवीजन याचिका दाखिल कर मऊ के एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट से मिली दो साल की सजा रद्द किए जाने की मांग की थी। 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट मऊ ने अंसारी को 31 मई को दो साल की सजा और 3000 रुपये जुर्माना लगाया था। जिला जज मऊ की अदालत ने पांच जुलाई को अब्बास की अपील खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर जिला जज मऊ के आदेश को चुनौती दी थी जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच मामले की सुनवाई कर रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

# आंतरिक जांच के आधार पर न्यायिक कार्यभार वापस लेना सही

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए बुधवार को कहा कि देश के मुख्य न्यायाधीश आंतरिक जाँच के आधार पर न्यायिक कार्यभार वापस ले सकते हैं।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने कहा कि न्यायाधीश संरक्षण अधिनियम की धारा 3(2) आंतरिक प्रक्रिया शुरू करने और न्यायाधीश से न्यायिक कार्य वापस लेने की अनुमति देती है। पीठ ने कहा कि इस मामले में आंतरिक प्रक्रिया में किसी भी अधिकार का उल्लंघन नहीं हुआ है, क्योंकि (शीर्ष अदालत के पिछले फैसलों के आधार पर) यह संविधान के अनुच्छेद 141 अनुसार कानून सही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आंतरिक जाँच के आधार पर मुख्य न्यायाधीश न्यायिक कार्यभार वापस ले सकते हैं लेकिन संसद सिफारिश को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र है। पीठ ने टिप्पणी की, मुख्य न्यायाधीश केवल एक डाकघर की तरह काम नहीं कर सकते। गंभीर कदाचार का सामना करने पर देश के मुख्य न्यायाधीश समिति की जांच के आधार पर संबंधित न्यायाधीश के बारे में राष्ट्रपति को सिफारिश कर सकते हैं। न्यायपालिका के संरक्षक के रूप में राष्ट्र के प्रति उनका कुछ कर्तव्य है। हम चुप रहकर केवल एक फैसला सुना सकते थे, लेकिन यह अन्याय होगा। न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायाधीश को हटाने के लिए मुख्य न्यायाधीश द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को की गई सिफारिश की वैधता पर सवाल उठाया। उन्होंने तर्क दिया कि यदि आंतरिक प्रक्रिया न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर सकती है, तो यह संविधान के अनुच्छेद 124 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह असामान्य है क्योंकि न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में जाँच शुरू करने से पहले कोई औपचारिक शिकायत नहीं की गई थी। यह प्रक्रिया दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की रिपोर्ट पर शुरू की गई थी। अधिवक्ता सिब्बल के जांच पर सवाल उठाने पर पीठ ने कहा कि यह केवल एक प्रारंभिक तथ्य-खोज प्रक्रिया है और जिरह ऐसी कार्यवाही का हिस्सा नहीं है। अधिवक्ता सिब्बल ने फिर दलील देते हुए कहा कि ऐसी प्रक्रिया महाभियोग की सिफारिश को कैसे उचित ठहरा सकती है। इस पर, पीठ ने कहा कि इस तरह की प्रक्रियागत आपत्ति जिरह के अधिकार से वंचित किए जाने के समय ही उठाई जानी चाहिए थी। पीठ ने यह भी अधिवक्ता सिब्बल से यह भी पूछा कि क्या संसद आंतरिक समिति की प्रक्रिया से कानूनी रूप से बाध्य है। पीठ ने कहा, ''स्पष्ट कर दें - समिति हटाने की सलाह नहीं दे रही है, बल्कि केवल कार्यवाही शुरू करने का सुझाव दे रही है। इसमें एक महत्वपूर्ण अंतर है।' पीठ ने हालाँकि स्पष्ट किया कि यह एक आंतरिक प्रक्रिया थी, न कि कोई औपचारिक न्यायिक प्रक्रिया। पीठ ने हालांकि ''घटना से संबंधित टेप के अनधिकृत तौर पर खुलासे'' के संबंध में माना कि ऐसा होना अनुचित था और ऐसा नहीं होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मैथ्यूज जे. नेदुम्परा की याचिका के संबंध में उनसे पूछा कि क्या उन्होंने इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। अधिवक्ता नेदुम्परा ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की है। अपनी याचिका में न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान (14 मार्च की रात) अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर भारी मात्रा में नगदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया को चुनौती दी है। उन्होंने दिल्ली से इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरण करने और संबंधित जांच समिति द्वारा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को भी चुनौती दी है। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति वर्मा को इस वर्ष मार्च में उनके आवास पर कथित तौर पर नकदी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय से उनके मूल न्यायालय, इलाहाबाद उच्च ● शेष पेज 11 पर



### दो हजार आरोपी, 500 गवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाजिरी के लिए क्रिकेट स्टेडियम की आवश्यकता होगी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नौकरी में कथित भ्रष्टाचार के मामले पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी के खिलाफ 2000 आरोपी और 500 गवाहों को शामिल करने पर बुधवार को कहा कि उनकी हाजिरी दर्ज कराने के लिए भी एक क्रिकेट स्टेडियम की आवश्यकता पड़ेगी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले में सरकार से कहा कि वह आरोपियों और गवाहों की सूची उसे उपलब्ध कराये। पीठ ने इस कार्यवाही को 'बिना पतवार वाली नाव' मानते हुए कहा, ल्ल दो हजार से अधिक अभियुक्तों और 500 ● शेष पेज 11 पर

# ट्रम्प का भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान

एजेंसी



- कहा- भारत रूस से हथियार-तेल खरीद रहा, इसलिए जुर्माना भी वसूलेंगे, 1 अगस्त से लागू
- अमेरिकी टीम ट्रेड डील के लिए 25 अगस्त को भारत आएगी
- ट्रम्प ने पहले कहा था- भारत हमारे सामानों पर टैक्स नहीं लगाएगा

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि भारत, रूस से हथियार और ऑयल खरीद रहा है, इसलिए उस पर जुर्माना भी लगाएंगे।

ट्रम्प ने एक और पोस्ट में कहा कि अमेरिका के साथ भारत का व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, इसलिए वे भारतीय सामानों पर टैरिफ लगा रहे हैं। ट्रम्प ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि भारत, अमेरिका का दोस्त है, लेकिन पिछले कुछ सालों में अमेरिका ने उसके साथ कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। दरअसल, भारत की कई नीतियां ऐसी हैं जो अमेरिकी कंपनियों को व्यापार करने में मुश्किलें पैदा करती हैं।

भारत आज भी अपने ज्यादातर हथियार रूस से खरीदता है। इतना ही नहीं, चीन के साथ मिलकर भारत, रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस भी खरीदता है, जबकि पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में हिंसा रोके। इन सब वजहों से अब अमेरिका ने फैसला किया है कि भारत से आने वाले सामानों पर 1 अगस्त से 25% टैरिफ लगाएगा। इसके अलावा पेनल्टी भी लगाई जाएगी। दोनों देशों के बीच सबकुछ सही नहीं है। बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट को लेकर छठे राउंड की चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारी 25 अगस्त को भारत आएंगे। दोनों देश सितंबर-अक्टूबर तक ट्रेड एग्रीमेंट्स का पहला चरण पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है। ट्रेड डील को लेकर बातचीत का पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था। वहां भारत के चीफ नेगोशिएटर राजेश अग्रवाल और यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ब्रेंडन लिंच ने चर्चा की थी। डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जुलाई को कहा था कि जल्द ही अमेरिकी उत्पादों को भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। इंडोनेशिया फॉर्मूले के तरह अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने कहा था- हमने कई देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के साथ। हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने 15 जुलाई को इंडोनेशिया पर 19% टैरिफ लगाया था। 1 अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19% टैरिफ लगेगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं लगेगा।

# रूस में 8.8 तीव्रता का भूकंप, बेअसर रही सुनामी



एजेंसी

- रूस में भूकंप के बाद कई देशों ने जारी किया था अलर्ट

मॉस्को/नई दिल्ली। रूस के सुदूर पूर्वी कमचटका प्रायद्वीप में बुधवार को आए शक्तिशाली भूकंप के कारण प्रशांत महासागर क्षेत्र के देशों में शाम तक सुनामी या इससे नुकसान की कोई खबर नहीं है।

भूकंप के बाद तटीय देशों में सुनामी से नुकसान की आशंका प्रबल हो गई थी और कईं देशों ने सुनामी चेतावनी जारी कर दी थी। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 8.8 मापी गई थी और इससे अमेरिका के हवाई द्वीप और प्रशांत महासागर के तट वाले दूसरे कई देशों ने सुनामी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था। भूकंप के कारण सुदूर रूसी क्षेत्र में कुछ नुकसान हुआ है। भूकंप ने इलाके की कुछ इमारतों को क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे कुछ लोगों को चोट लगने की खबर है। कमचटका प्रायद्वीप और किरिल द्वीप समूह के क्षेत्रीय अधिकारियों ने कहा है कि इन दोनों जगहों पर जारी की गई सुनामी की चेतावनी को रद्द कर दिया गया है लेकिन संभावित झटके और सुनामी लहरों से अभी इनकार नहीं किया जा सकता है। सुनामी की आशंका के चलते जापान के पूर्वी समुद्र तट के अधिकांश हिस्से ● शेष पेज 11 पर

# भारत ने फिर रचा इतिहास: इसरो नासा का मिशन 'निसार' लॉन्च

एजेंसी

- अंतरिक्ष से पृथ्वी की करेगा निगरानी
- पूरे विश्व से एकत्र होगा डाटा, हर देश की सरकारें करेंगी इस्तेमाल



श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 30 जुलाई यानी आज निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) मिशन का प्रक्षेपण किया। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार शाम 5:40 बजे निसार को जीएसएलवी-एस16 रॉकेट के जरिये लॉन्च किया गया। यह ऐसा मिशन है, जिसमें पहली बार किसी जीएसएलवी रॉकेट के जरिये ऐसे उपग्रह को सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट (सूर्य-स्थिर कक्ष) में स्थापित किया जाएगा।

जीएसएलवी रॉकेट ने लगभग 19 मिनट की यात्रा के बाद उपग्रह को 745 किलोमीटर की ऊंचाई पर सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित किया। सूर्य तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा (सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट) वह होती है, जिसमें उपग्रह पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर से गुजरता है और हर बार जब वह एक विशेष स्थान से गुजरता है तो सूरज की रोशनी की स्थिति एक जैसी रहती है। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक राधाकृष्ण कवुलुरु ने मिशन के बारे में बताया कि इसमें नासा ने निसार के लिए एल-बैंड उपलब्ध कराया है जबकि इसरो ने इसके लिए एस-बैंड उपलब्ध कराया है। इससे बड़ी मात्रा में डाटा एकत्र करना संभव हो पाएगा। यह उपग्रह अंटार्कटिका, उत्तरी ध्रुव और महासागरों सहित पृथ्वी से संबंधित व्यापक डाटा प्रसारित करेगा। कवलुरु ने बताया कि निसार पूरी से डाटा एकत्र करेगा और इसका इस्तेमाल व्यावसायिक तथा वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कवुलुरु ने कहा, इसरो इस डाटा का प्रसंस्करण करेगा और इसका अधिकांश हिस्सा ओपन-सोर्स के रूप में उपलब्ध कराएगा, ताकि दुनियाभर के उपयोगकर्ता इसे आसानी से प्राप्त कर सकें। इससे हम हिमालय और अंटार्कटिका जैसे क्षेत्रों में वनों में होने वाले बदलाव, पर्वतों की स्थिति या स्थान में बदलाव और ग्लेशियरों की गतिविधियों सहित मौसमी परिवर्तनों की निगरानी कर सकेंगे। इसरो के ● शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री काशी में करेंगे 53 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 2248 करोड़ रुपए की 53 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी के काशी आगमन की तैयारियों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जुट गई है। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री बनौली (कालिकाधाम) में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे 2248 करोड़ रुपए की 53 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मंगलवार को सेवापुरी विधानसभा में जंसा मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने बताया कि 1618 करोड़ रुपए की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास और 630 करोड़ रुपए की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण प्रस्तावित है। श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 50 से अधिक बार आ चुके हैं और प्रत्येक दौरा काशी के विकास को नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ जिम्मेदार : संयुक्त राष्ट्र

एजेंसी

- टीआरएफ ने पहलगाम हमले के स्थल की तस्वीर प्रकाशित की, दो बार जिम्मेदारी ली थी : संरा रिपोर्ट




संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंध निगरानी दल ने कहा कि 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की दो बार जिम्मेदारी ली थी और ''घटनास्थल की एक तस्वीर प्रकाशित की थी।''

संयुक्त राष्ट्र दल ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि यह हमला पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थन के बिना संभव नहीं था। इस्लामिक स्टेट, अल-कायदा और उनसे जुड़े व्यक्तियों एवं संगठनों पर विश्लेषणात्मक समर्थन और प्रतिबंध निगरानी दल की मंगलवार को 36वीं रिपोर्ट में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया है। इस हमले में 26 नागरिकों की हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है, ''पांच आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटक स्थल पर हमला किया। इसमें कहा गया है, ''टीआरएफ ने इस हमले की जिम्मेदारी उसी दिन ली और साथ ही घटनास्थल की एक तस्वीर भी प्रकाशित की थी। यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल (दाएश) और अल-कायदा प्रतिबंध समिति को सौंपी गयी है। इसमें कहा गया है कि टीआरएफ ने अगले दिन भी दोबारा इस हमले की जिम्मेदारी ली ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 का किया शुभारंभ

# युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बना रही सीएम युवा स्कीम: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- सीएम ने फ्रेंचाइजी व्यवसाय, बिजनेस ऑन व्हील्स व अन्य इनोवेटिव व्यवसायों के ब्रांड्स/मशीनरी की प्रदर्शनी का भी किया उद्घाटन
- सीएम युवा स्कीम हर उस युवा को अवसर दे रही जिसके पास सपना है लेकिन साधन नहीं: मुख्यमंत्री
- सीएम युवा योजना से उत्तर प्रदेश के युवाओं को मिली नई उड़ान, 68 हजार उद्यमियों को मिली 2751 करोड़ की वित्तीय सहायता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत संचालित सीएम युवा योजना को प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए ''स्वरोजगार से स्वावलंबन तक की यात्रा'' का माध्यम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इस योजना के अंतर्गत 68,000 से अधिक युवाओं को 2751 करोड़ रुपए का ब्याजमुक्त एवं गारंटी मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। योजना के अंतर्गत 10 प्रतिशत मार्जिन मनी की सुविधा भी राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यूपी के युवाओं में अनलिमिटेड पोटेंशियल है। सीएम युवा इन युवाओं को मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है, जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हर जिले से कम से कम 50 युवाओं को लाकर इस प्रदर्शनी को दिखाया जाए, ताकि उन्हें योजनाओं, स्टार्टअप संसाधनों और मार्केट एक्सेस की सही जानकारी मिल सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फ्रेंचाइजी व्यवसाय, बिजनेस ऑन व्हील्स व अन्य इनोवेटिव व्यवसायों के ब्रांड्स/मशीनरी की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं मशीनरी सप्लायर्स पोर्टल 'यूपी मार्ट' की लॉन्चिंग भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष 17 एमओयू भी किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी ब्याजमुक्त और गारंटीमुक्त संरचना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूंजी की कमी, ट्रेनिंग का अभाव, और गाइडेंस की दिक्कत इन सभी समस्याओं का समाधान इस योजना के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ योजना नहीं, एक आंदोलन है। यह हर उस युवा के लिए अवसर है, जिसके पास सपना है लेकिन साधन नहीं। उन्होंने मंच पर अपनी सफलता की कहानी सुनाने वाले युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन सभी की कहानियों में एक समानता है और वह यह कि जो सपना उन्होंने देखा, सीएम युवा योजना के माध्यम से सरकार ने उसे पूरा किया। सीएम युवा उद्यमी स्कीम ने पूंजी की कमी को दूर किया, ट्रेनिंग की समस्या का समाधान किया, आत्मनिर्भर युवा के मिशन को धरातल पर उतारा। अनेक युवा अलग-अलग क्षेत्र में इस स्कीम का लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण और युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे संस्थान एक तरह से 'टापू' बन चुके हैं, जिनका समाज और स्कीमों से जुड़ाव टूटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब जानकारी नहीं होती, तो युवा गलत स्कीम में फंसते हैं। कर्ज के बोझ से टूट जाते हैं। पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सीएम युवा योजना न केवल युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित कर रही है, बल्कि उन्हें ''जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर'' भी बना रही है। सीएम योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की हस्तशिल्प, कुटीर और एमएसएमई इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। आज उत्तर प्रदेश में कोई भी नया उद्यम शुरू करने पर पहले 1000 दिन तक किसी प्रकार ● शेष पेज 11 पर

## बंद घरों में रेकी कर चोरी करने वाले गिरफ्तार

सरोजिनी नगर,लखनऊ। बिजनौर पुलिस ने थाना क्षेत्र में बीते लंबे अरसे से रेकी कर कई बंद मकानों में चोरी करने वाले शातिर गिरोह के एक अभियुक्त सहित दो बाल अपचारी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। बिजनौर थाने पर बीते दिनों 30 मई को मोहल्ला पटवारी के वादी के बंद पड़े मकान में,5 जुलाई को आर्यकुल कॉलेज के पास वादी रंजना सिंह के मकान में,14 जुलाई को चमन कॉलोनी में वादी अली जामीन जैदी के मकान में, 23 जुलाई को वादी सैयद मजहर अब्बास रिजवी के बंद पड़े मकान में नगदी व जेवरात चोरी होने के मुकदमे दर्ज किए गए थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस की कई टीमें गठित की गई। इन टीमों द्वारा लगातार घटना के अनावरण हेतु अभियुक्तों की गिरफ्तारी माल बरामदगी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। टीमों द्वारा सीसीटीवी कैमरा, मैन्युअल व टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को रात्रि करीब 12:00 उपरोक्त चोरियों में शामिल एक अभियुक्त सहित दो बाल अपचारी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नितिन पुत्र सुरेश निवासी कंकडकुआ थाना बिजनौर के रूप में हुई साथ ही दो बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लेकर विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया। पुलिस ने करीब चार लाख रुपये के जेवरात भी बरामद किया है।

# बरामदे में सो रहे अधेड़ व्यक्ति की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**शराब के नशे में देर रात हुई कहासुनी,फिर हत्याकांड को दिया गया अंजाम**

**परिजनों ने चार लोगों को किया नामज़द,तीन हिरासत में,पूछताछ जारी**

माल/लखनऊ। बरामदे में सो रहे अधेड़ व्यक्ति की देर रात बदमाशों नें धारदार हथियार से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। हत्याकांड से परिजनों सहित ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिजनों की तहरीर पर पुलिस नें तत्काल मुक़द्दमा दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। माल थाना क्षेत्र के मड़वाना गांव में शराब के नशे में मामूली कहासुनी के बाद राजू गौतम की हत्या को लेकर परिजनों नें बताया कि मंगलवार देर रात राजू गौतम की कुछ लोगो के साथ मामूली कहासुनी भी हुई थी। मामला शांत होने के बाद वह खाना खाकर रात करीब 11 बजे घर के बरामदे में कथरी बिछाकर सो गया। बेटी काजल के अनुसार, रात 12 बजे तक वह सामान्य रूप से सो रहा था, फिर परिवार के अन्य सदस्य भी सोने चले गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे जब परिजन उठे तो देखा कि राजू चादर ओढ़े पड़ा है, लेकिन चादर के पास खून फैला था। चादर हटाकर देखा गया तो राजू की



धारदार हथियार से सर पर वार कर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना पर माल पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से मौके से साक्ष्य एकत्र कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार राजू मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह गांव के ही शीतला बक्श के यहां काम करता था। मृतक के परिवार में पिता चंदी, पत्नी ममता, बेटियां काजल (विवाहित), कामिनी और बेटा सुजीत हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक माल नवाब अहमद ने बताया कि परिजनों की तहरीर चार लोगों के विरूद्ध मुक़द्दमा दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पुछताक की जा रही है। अभी हत्या के कारणों का पता नही चल सका है। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है जल्द ही हत्या का ख़ुलासा किया जायेगा।

# आयुष मंत्री ने की लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में स्वच्छता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

वाराणसी। हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2 अगस्त को काशी आगमन के पूर्व वाराणसी जिला व महानगर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया है , शहर के प्रमुख चौराहों, पार्कों, महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं मठ-मंदिरों के आसपास स्वच्छता की जा रही है। जिसमें मंत्री, जनप्रतिनीधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बढ चढकर भाग ले रहें है। इस क्रम में आज बुधवार को आयुष मंत्री डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने वाराणसी के लहुराबीर चौराहे पर स्थित आजाद पार्क में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल एवं आसपास रोड पर स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता की इस दौरान उन्होंने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को स्वच्छ जल से साफ कर माल्यार्पण किया एवं उन्हें नमन किया इसके पश्चात कार्यकर्ता के संग ''एक कदम स्वच्छता की ओर'' देश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए वहाँ व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर आयुष मंत्री डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा



कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली एवं भारत के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2अगस्त को काशी आममन हो रहा है। कहा कि काशी आगमन पर वे केवल लोगों से मिलते ही नही है वरन अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को हजारों करोडो की सौगात भी देते है। कहा कि काशी की सडके, काशी के फ्लाई ओवर, काशी के रेलवे स्टेशन , काशी के घाट इस बात का जीता जागता प्रमाण है। वाराणसी से हल्दिया तक जलमार्ग द्वारा क्रुज का चलना, वंदे भारत ट्रेन के माध्यम से लोगों को अपने गंतव्य तक सस्ता व आलिशान सफर विकास को दर्शाता है। इस अवसर पर पंकज चौबे, संजय मिश्रा, चंद्र प्रकाश सिंह, संजय जायसवाल, गौरव राठी, शिवकुमार जायसवाल, इंद्रेश मिश्रा, राहुल मिश्रा, सुधीर त्रिपाठी, लखन शर्मा, तुषार सेठ, प्रवीण पांडेय, रजत केशरी, रवि जायसवाल आदि कार्यकर्णा उपस्थित रहे।

# डिंपल यादव पर अनैतिक टिप्पणी करने वाला साजिद रशीदी जल्द गिरफ्तार हो : मो. यामीन खान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की मैनपुरी सांसद डिंपल यादव पर अभद्र और अनैतिक टिप्पणी करने वाले कथित ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ सपा अल्पसंख्यक सभा ने कड़ा रुख अपनाया है। सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव और पूर्व मंत्री एडवोकेट मो. यामीन खान ने लखनऊ के थाना मदेगंज में मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत पत्र दाखिल किया है।

मो. यामीन खान ने मौलाना साजिद रशीदी को सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा बताते हुए कहा कि उनकी टिप्पणियां न केवल एक महिला सांसद के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली हैं, बल्कि समाज में वैमनस्य और तनाव फैलाने का भी प्रयास करती हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि साजिद रशीदी के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी



कार्रवाई की जाए तथा साजिद रशीदी के संगठन को फर्जी बताते हुए कहा की ये कोई मौलाना नही है और इसका काम समाज में अशांति फैलाना है।पूर्व में भी साजिद रशीदी पे समाज में अशांति फैलाने वाले बयान देने पर मुकदमे दर्ज हुए है।ऐसे संगठन पर प्रतिबंध के साथ साजिद रशीदी के बयान देने व मीडिया डिबेट में जाने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इस दौरान शिकायत पत्र दाखिल करने के समय सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फाहद शाह, सपा से कदम रसूल वार्ड पार्षद नदीम खान, एडवोकेट अरशद आलम खान, सपा अल्पसंख्यक सभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य यूनुस राईन चौधरी सहित कई अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मौलाना रशीदी की टिप्पणियों की निंदा की और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग दोहराई।कई उलेमा व दारूल उलूम फरंगी महल लखनऊ के सदर मौलाना खालिद रशीद फरंगी मेहली ने भी साजिद रशीदी के बयानों को गैर जिम्मेदाराना बताया है।

गौरतलब है कि मौलाना साजिद रशीदी ने एक टीवी डिबेट शो के दौरान सपा सांसद डिंपल यादव के मस्जिद दौरे और उनके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद से यह मामला राजनीतिक और सामाजिक रूप से तूल पकड़ चुका है। इससे पहले भी लखनऊ के विभूति खंड थाने में सपा नेता प्रवेश यादव की शिकायत पर रशीदी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। सपा महिला सभा ने भी प्रदेश भर में विभिन्न थानों में इस मामले की शिकायत की है।गिरफ्तारी न होने से सपा समर्थको में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।साजिद रशीदी पर एक सपा कार्यकर्ता द्वारा मारपीट की भी खबर है।

# दिनदहाड़े चोरी, पगड़ीधारी शातिर ने घर से उड़ाए 40 लाख के गहने

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । कर्नलगंज थाना क्षेत्र में आज दोपहर करीब 1 बजे एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। दो पगड़ीधारी शातिर ठगों ने एक घर में अलमारी की चाभी बनाने के बहाने घुसकर लगभग 40 लाख रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त घर में मौजूद लोगों को कुछ भी शक नहीं हुआ और चोर बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी चाभी बनाने के लिए मोहल्ले में आवाज लगा रहा था। जब घरवालों को अलमारी की चाभी बनवानी थी, तो उन्होंने उसे घर बुला लिया। आरोपी ने चाभी बनाते समय मौका पाकर अलमारी से कीमती गहने चुरा लिए। चौंकाने वाली बात यह रही कि घरवालों को इस चोरी की भनक



तक नहीं लगी। करीब आधे घंटे बाद जब अलमारी खोली गई, तब जाकर घटना का पता चला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चोर अकेला नहीं था, उसके साथ एक और व्यक्ति भी था, जिसने

**आलमारी की चाभी बनाने के बहाने घुसा था घर में**

भी पगड़ी पहन रखी थी। दोनों ने मिलकर पूरे घटनाक्रम को बेहद शातिर ढंग से अंजाम दिया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों से अपील की गई है कि यदि ये दोनों संदिग्ध कहीं नजर आएं तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही किसी अनजान व्यक्ति को घर में बुलाते समय पूरी सतर्कता बरतें और पहचान की पुष्टि के बिना प्रवेश न दें। यह घटना एक स्थानीय निवासी की बहन के घर की है, जिससे पूरे परिवार को गहरा आघात पहुंचा है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

# विधायक को व्यापार मंडल ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज । भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रयागराज महानगर द्वारा आज प्रयागराज (पूर्वी) विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री हर्ष वर्धन बाजपेई का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने विधायक श्री बाजपेई से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु एवं उज्जवल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष श्री योगेश गोयल ने किया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ महामंत्री श्री नवीन अग्रवाल, महामंत्री श्री अभिषेक केसरवानी, महामंत्री श्री संदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री पियूष पांडेय, श्री विकास वैश्य, श्री मनोज गोस्वामी, श्री नवीन शेखर, श्री हर्ष कुमार सहित कई अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने विधायक श्री बाजपेई के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके विकास कार्यों की प्रशंसा की तथा विश्वास जताया कि उनका मार्गदर्शन प्रयागराज के व्यापारिक एवं सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। यह कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में सभी ने विधायक के साथ सामूहिक रूप से उनके जन्मदिन की खुशियां साझा कीं।

# अतीक के करीबी के भतीजे की हिरासत पर बवाल, थाने का घेराव



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । नवाबगंज थाना क्षेत्र में उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई जब पुलिस ने अतीक अहमद के करीबी माने जाने वाले व्यक्ति के भतीजे को हिरासत में लिया। युवक पर गोकशी व गो-तस्करी में संलिप्त होने का आरोप है। हिरासत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग थाने पहुंच गए और पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव किया।

सूत्रों के अनुसार, युवक को बीती रात संदिग्ध गतिविधियों के चलते पकड़ा गया था। पुलिस का दावा है कि उसके पास से गोवंश से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। हालांकि परिजनों और समर्थकों का कहना है कि युवक को राजनीतिक द्वेषवश फंसाया गया है, और उसके खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से शांति बनाए रखने की अपील की गई है, जबकि कुछ संगठनों ने इस घटना को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की आशंका जताई है। एसपी ग्रामीण ने बयान जारी कर कहा कि जांच निष्पक्ष तरीके से की जा रही है और यदि युवक निर्दोष पाया गया तो उसे छोड़ा जाएगा। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# दलित महिला कर्मचारी का उत्पीड़न, कर अधीक्षक पर आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**आरोपी अधिकारी ने खुद ही अपनी शिकायत की जांच रिपोर्ट आईजीआरएस पर की अपलोड**

**महिला कर्मचारी पर गलत फाइल पास कराने का दबाव, विरोध करने पर धमकी और मानसिक प्रताड़ना**

**नगर आयुक्त, महिला सेल व उच्चाधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल, पीड़िता न्याय के लिए भटक रही**

प्रयागराज । प्रयागराज नगर निगम में कार्यरत एक दलित महिला कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ अधिकारी कर अधीक्षक राकेश कुमार पर उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता जो कि नगर निगम के जोन-6 में तैनात है, का कहना है कि उसे अवैध रूप से फाइल पास करने के लिए मजबूर किया गया, और विरोध करने पर उसे अपशब्द कहे गए, मानसिक दबाव बनाया गया और धमकियाँ दी गईं।

महिला कर्मचारी ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने इस उत्पीड़न और भ्रष्टाचार की शिकायत शासन से लेकर महिला आयोग तक की, तो आरोपी राकेश कुमार ने स्वयं ही उस शिकायत की जांच रिपोर्ट तैयार कर उसे IGRS पोर्टल पर अपलोड कर दिया – जो प्रशासनिक नियमों का सीधा उल्लंघन है। न तो किसी सक्षम अधिकारी ने जांच की, न ही कोई आधिकारिक हस्ताक्षर उसमें शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, कर अधीक्षक राकेश कुमार पर यह भी आरोप है कि वे नियमों को दरकिनार करते हुए अवैध रूप से संपत्तियों को नंबर आवंटित करते हैं और इसके एवज में आर्थिक लाभ उठाते हैं। महिला कर्मचारी ने जब इस पर आपत्ति जताई, तो उन्हें लगातार प्रताड़ना का सामना करना पड़ा।

पीड़िता ने नगर आयुक्त, महिला सुरक्षा सेल, प्रमुख सचिव नगर विकास और मुख्यमंत्री तक को शिकायती पत्र भेजे, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई। महिला अधिकारी और नगर निगम के अन्य जिम्मेदार अफसर भी इस मामले में मौन साधे हुए हैं। हताश



और निराश महिला कर्मचारी ने अब राज्य महिला आयोग और न्यायालय की ओर रुख करने की तैयारी शुरू कर दी है। पीड़िता का कहना है कि वह दलित वर्ग से है, इसलिए बार-बार उसके साथ भेदभाव और कार्यस्थल पर अपमान किया जा रहा है, जिससे वह मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुकी है। महिला कर्मचारी ने एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य सचिव से मांग की है कि मामले की स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा कर अधीक्षक राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर न्याय सुनिश्चित किया जाए। फिलहाल नगर निगम प्रशासन की निष्क्रियता पर जनता व कर्मचारियों के बीच रोष है, और यह मामला एक बड़े प्रशासनिक और सामाजिक सवाल के रूप में उभरता दिख रहा है।

## ऑनलाइन ठगी करने वाला गैंग गिरफ्तार



**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत के निर्देश पर साइबर क्राइम थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड में लिप्त पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से दो कार, लैपटॉप, कई मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह भोले–भाले लोगों को वीडियो कॉल के जरिए अपने जाल में फंसा कर उनसे ठगी करता था। आरोपियों का मुख्य निशाना सोशल मीडिया और ऑनलाइन माध्यमों के ज़रिए संपर्क में आने वाले व्यक्ति होते थे। ये लोग पहले विश्वास में लेते, फिर विभिन्न तरीकों से ठगी को अंजाम देते थे। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने इनसे महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सबूत भी जब्त किए हैं, जिनके आधार पर गिरोह की अन्य गतिविधियों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कई लोगों से लाखों रुपये की ठगी की बात कबूल की है। गंगानगर कुलदीप गुनावत ने इस सफल ऑपरेशन के लिए साइबर क्राइम थाना टीम को बधाई दी और लोगों से अपील की कि वे किसी भी अनजान लिंक, कॉल या वीडियो कॉल के झांसे में न आएं। ऑनलाइन लेन–देन करते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है और जल्द ही इनके पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सकता है।

## डीएम साहब ? जरूरतमंद को कब बंटेगा राहत किट

**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोराव तहसील क्षेत्र में हाल ही में कुछ दिन पहले भारी बारिश के कारण हुए नुकसान के बाद सरकार ने राहत किट देने का फैसला लिया, लेकिन इसका लाभ जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। राहत किट का वितरण मनमाफी तरीके से किया जा रहा है, जिससे गिने–चुने लोगों को ही इसका लाभ मिल पा रहा है जरूरतमंद लोगों को राहत किट नहीं मिल पा रही है, जिससे वे परेशान हैं गरीब महिलाएं दूर–दूर से तहसील आती हैं, लेकिन शाम होते घर वापस लौट जाती हैं क्षेत्र के लोगों ने नवांगतुक डीएम से मांग की है कि जरूरतमंद लोगों को राहत किट तहसील कोराव से वितरण करवाया जाए और सही–सही रिपोर्ट प्रेषित दैवी आपदा का भेजा जाए। जिससे सरकार की योजनाओं का सही सही लोगो तक लाभ पहुँच सके।

## मंडलायुक्त द्वारा सेवापुरी के बनौली स्थित प्रधानमंत्री के प्रस्तावित सभा स्थल का निरीक्षण किया गया



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगामी वाराणसी दौरा 02 अगस्त को प्रस्तावित है जिस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण तथा शिलान्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के बाद वाराणसी – भदोही की सीमा पर स्थित बनौली में जनसभा को संबोधित किया जायेगा। प्रस्तावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं, उक्त के संबंध में मंडलायुक्त एस राजलिंगम द्वारा बनौली पहुँचकर सभास्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मंडलायुक्त द्वारा जनसभा स्थल, स्टेज, हेलीपैड, वाहन पार्किंग, प्रवेश द्वार, जर्मन हैंगर, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन आदि के संबंध में अधिकारियों से वार्ता करते हुए उक्त के संबंध में उचित दिशा–निर्देश दिये गये। उन्होंने मजबूत बैरिकेडिंग के साथ सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद करने को भी निर्देशित किया। सभास्थल तथा आसपास साफ–सफाई, पीने के पानी तथा शौचालय की उचित व्यवस्था करने को भी निर्देशित किया गया। मंडलायुक्त ने बचे कार्यों को भी अविलंब पूरा कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन विपिन कुमार, एसडीएम राजातालाब समेत लोकनिर्माण विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण



**वाराणसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में तहसील सदर निर्वाचन कार्यालय के वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की संख्या एवं उनकी स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिये। डीएम ने उप–जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत माननीय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान डीआईओ एनआईसी अविनाश शर्मा, निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान जल्द होने के आसार

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर सहमति बन चुकी है। अब जल्द ही पार्टी की ओर से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

कई दौर की बैठक व मुलाकातों के बाद पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने सरकार व संगठन के स्तर पर नाम तय कर लिये हैं। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने दिल्ली पहुंचकर नये अध्यक्ष के नाम पर मुहर लगा दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक को दिल्ली बुलाकर गृहमंत्री अमित शाह व और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चर्चा की थी। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल की शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के बाद अब नहीं लगता की विलंब होगा। भाजपा को प्रदेश अध्यक्ष के लिए ऐसा जुझारू चेहरा चाहिए जो संगठन को चलाने के साथ ही सरकार के साथ भी तालमेल रख सके। क्योंकि 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है, इसलिए पार्टी अभी से कील कांटे दुरूस्त कर रही है। भाजपा का नया अध्यक्ष संगठन और सरकार के साथ ही कार्यकर्ताओं की बात सुनने वाला होगा। इस बीच पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के अध्यक्ष बनने की चर्चा चल पड़ी है। उनसे लोग मिलने भी लगे हैं। इसके अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम शंकर कठेरिया, विद्या सागर सोनकर, केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी और डा. दिनेश शर्मा का नाम चर्चा में हैं। अब देखना है कि इनमें से कौन भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनेगा। वैसे दलित समाज से अध्यक्ष होने की प्रबल संभावना जतायी जा रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है। यहां पर आम सहमति से सभी निर्णय लिये जाते हैं। रही बात प्रदेश अध्यक्ष की तो इस बारे में निर्णय पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को करना है। मुझे लगता है कि बहुत जल्द ही नये प्रदेश के नाम की घोषणा हो जायेगी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-07-2025-26 |
| कार्य का नाम | ''क्म्प्रेहेन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ स्टेटकान मेक आई० पी० एस० (78 नंबर्स) इन्सटाल्ड ओवर लखनऊ डिवीजन फॉर थ्री इयर्स'' |
| अनुमानित लागत | रू 3,16,14,649.62 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू 308100.00 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 20/08/2025 at 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू०सं० 106–सिग– टेन्डर–07 / 2025–26 दिनांक: 28.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2316/25

# शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती तपस्या प्रसंग पर किया व्याख्यान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## मनुष्य का परम कर्तव्य ईश्वर की साधना करना : जयशंकर शुक्ल महाराज जी



निगोहां, लखनऊ। दखिना गांव में चल रही शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन भक्तों की उपस्थिति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला कथा का आयोजन भोलेनाथ बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष अनमोल तिवारी के सौजन्य से किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कथा वाचक जय शंकर शुक्ला जी महाराज ने इस अवसर पर माता पार्वती की कठोर तपस्या और भगवान शिव से विवाह के दिव्य प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस में सराबोर कर दिया, उन्होंने बताया कि भगवान शिव को प्राप्त करने हेतु माता पार्वती ने घोर तपस्या की, जो इस बात का प्रतीक है कि ईश्वर को पाने के लिए मनुष्य को समर्पण, साधना और संयम का मार्ग अपनाना होता है।कथा व्यास ने प्रकृति और परमात्मा के संबंध को स्पष्ट करते हुए कहा, माता भवानी ने भगवान शिव से कहा कि कर्म की शक्ति ही प्रकृति कहलाती है, और उसी से सृष्टि की उत्पत्ति, पालन तथा संहार होता है। प्राणी मात्र प्रकृति के प्रभाव से ही ईश्वर की उपासना, अर्चना और ध्यान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान शिव, जो कि योगेश्वर और इंद्रियों से परे हैं, उन्होंने गिरिराज हिमालय और माता पार्वती की इच्छा का सम्मान करते हुए उन्हें अपनी सेवा में स्थान दिया। इससे यह शिक्षा मिलती है कि मनुष्य का परम कर्तव्य ईश्वर की आराधना एवं साधना करना है। पं. शुक्ला जी महाराज ने यह भी बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह ईश्वर से प्राप्त शक्ति और प्रेरणा को अपने जीवन में उतारने का निरंतर प्रयास करे, यही सच्चा धर्म और जीवन की दिशा है। कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना रहा। श्रोताओं ने कथा के दिव्य प्रसंगों में भावविभोर होकर भक्ति रस का आनंद लिया।

# स्मार्ट मीटर लगवाने के नाम पर न दें पैसे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। विद्युत नगरीय वितरण मंडल-तालकटोरा के अंतर्गत आने वाले ऐशबाग, अपट्रान और राजाजीपुरम जैसे क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। यह कार्य मेसर्स इंटेलीस्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. द्वारा किया जा रहा है। तालकटोरा मण्डल के अधीक्षण अभियंता मुकेश त्यागी ने बताया किया है कि स्मार्ट मीटर लगाने में लगने वाली सभी सामग्री जैसे—मीटर, केबल, क्लैम्प, नट-बोल्ट आदि बिजली विभाग द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं को किसी को भी इस कार्य के लिए कोई धनराशि देने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर आपसे पैसे की मांग करता है, तो उसकी शिकायत तत्काल संबंधित अधिकारियों या टोल फ्री नंबर पर दर्ज कराये। शिकायत दर्ज कराने के लिए क्षेत्रवार नंबर भी जारी किए गए हैं। ऐशबाग, तालकटोरा, वैध स्टील क्षेत्र के उपभोक्ता अधिशासी अभियंता के मोबाईल नं 9415901401 पर व अपट्रान, नूरबाड़ी क्षेत्र के उपभोक्ता अधिशासी अभियंता के मोबाइल नं 9415901108 पर तथा राजाजीपुरम, प्रथम, द्वितीय, आरडीएसओ क्षेत्र के उपभोक्ता अधिशासी अभियंता के 9453007416 मोबाइल नं पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1912 पर या मंडल कार्यालय तालकटोरा के मोबाइल नंबर 9415901393 पर भी संपर्क कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा और समयबद्ध ढंग से कार्रवाई की जाएगी।

# भारत के गौरवशाली इतिहास को जानें युवा: प्रान्त प्रचारक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में युवराष्ट्र संस्था की ओर से बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान के सभागार में बुधवार को कारगिल के बलिदानियों की स्मृति में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास के बारे में युवाओं को जानना चाहिए। सामरिक दृष्टि से, ज्ञान विज्ञान व शिक्षा के क्षेत्र में भारत अग्रणी था। अर्थ की दृष्टि से देखें तो भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। उन्होंने कहा कि युवाओं में स्व का जागरण करने की जरूरत है। उनके मन में हीन भावना और निराशा को दूर करने की जरूरत है।

प्रान्त प्रचारक ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए समय–समय पर वीरों ने बलिदान दिया है। युवाओं को चाहिए कि अपने देश की सीमाओं को जाकर देखें। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के प्रपौत्र अमित आजाद ने कहा कि भारत माता समय–समय पर चन्द्रशेखर आजाद व भगत सिंह जैसे सपूतों को पैदा करती है। चन्द्रशेखर आजाद ने कहा था कि ?''मै आजाद था, आजाद हूँ और आजाद रहूँगा। उन्होंने कहा था कि इंग्लैंड की कंपनी में ऐसी कोई गोली नहीं बनी जो चन्द्रशेखर को भेद सके। वीर चक्र विजेता कैप्टन शत्रुध्न सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को कारगिल युद्ध के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान के निदेशक एम.जी.ठक्कर ने किया। मंच संचालन डा. भूपेन्द्र सिंह ने किया। युवराष्ट्र संस्था के सुमित अवस्थी ने बताया कि 'एक पेड़ कारगिल बलिदानियों के नाम' अभियान के तहत लखनऊ के 35 संस्थानों में 527 पौधे लगाये गये। कारगिल युद्ध में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले 527 वीर बलिदानियों की स्मृति में प्रत्येक बलिदानी के नाम से एक पौधा लगाया गया और पौधों के संरक्षण के लिए एक वृक्ष मित्र भी तय किये गये हैं। इस अवसर पर विभाग प्रचारक अनिल, विभाग सेवा प्रमुख सुभाष अग्रवाल व युवराष्ट्र के वांछित सिंह, शरद मिश्र और दीपेन्द्र समेत बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

# नगराम : बेख़ौफ़ चोरों का आतंक एक ही रात में छः घरों को बनाया निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के नई बस्ती नेहरू नगर बहरौली गांव में बीती रात बेखौफ चोरों ने मंगलवार की रात चार घरों को निशाना बनाया। चोरों ने घरों में ताला तोड़ कर लाखों की नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया, वहीं अन्य दो घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है।पहली वारदात मोहम्मद अहमद के घर पर हुई, जहां चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी और बक्से को खंगाल डाला। चोरों ने एक लाख रुपये नकद, सोने की अंगूठी, माला, झुमकी, पायल और सीडी टीवी समेत कीमती सामान चोरी कर लिया। वहीं मोहम्मद शरीफ के घर से चोर 20 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल और मीना पार कर ले गए। तीसरी घटना सरवन के घर की है, जहां चोरों ने चावल के बर्तन में छिपाकर रखे गए 20 हजार रुपये भी खोज निकाले। इसके अलावा इस्लाम की परचून दुकान से नकदी और किराने का सामान पर कर दिया। चोरों ने यहीं पर रुकने का नाम नहीं लिया। अहमद, शरीफ और इस्लाम के घरों के पास स्थित दो अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन किसी वजह से वे वारदात को अंजाम देने में असफल रहे। सूचना पर नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर चिंता जताई है और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। एक ही रात में हुई कई घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल है।

# युवाओं में स्व का जागरण करने की जरूरत: कौशल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का कार्य कर रहा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग: हंसराज अहीर**

लखनऊ। भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता में बुधवार को लखनऊ स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस में प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा, प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप,आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल एवं सचिव मीता राजीव लोचन भी उपस्थित रहीं।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि आयोग न केवल शिकायतों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, बल्कि नीतिगत सुझावों एवं अनुसंधान कार्यों के माध्यम से भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का कार्य कर रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़ा वर्गों के हित में उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की पहलें अन्य राज्यों के लिए उदाहरण बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि आयोग राज्य के साथ मिलकर कार्य करने को पूरी तरह तत्पर है। आयोग द्वारा संकलित समस्त बिंदुओं को दस्तावेज़ रूप में संकलित कर भारत सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा तथा राज्य सरकार की ओर से प्राप्त सुझावों को भी यथासमय क्रियान्वयन हेतु संज्ञान में लिया जाएगा। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि वे केंद्र सूची में शामिल होने से वंचित जातियों को यथाशीघ्र सम्मिलित कराने हेतु अपनी संस्तुति भेजें।

उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रदेश में किए जा रहे विभिन्न अध्ययन, सर्वेक्षण और जनसुनवाई की प्रक्रिया की जानकारी दी तथा राज्य और केंद्र आयोग के बीच अधिक समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में प्रदेश स्तर पर पिछड़े वर्ग के उत्थान हेतु आयोग द्वारा अब तक किए गए प्रमुख कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिछड़े वर्ग की जातियों की पहचान, जातीय अनुसूचियों का अद्यतन, सामाजिक-आर्थिक स्थिति का मूल्यांकन, क्षेत्रवार अध्ययन और केन्द्र सरकार को भेजी गई संस्तुतियाँ शामिल रहीं।

# नगराम : घर में अकेला देख नाबालिग को घर में घुस आया युवक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। नगराम में एक बच्ची एक युवा के की हैवानियत का शिकार होने से बाल बाल बच गई , 15 साल की लड़की को अकेला घर में पाकर आरोपी घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ और रेप की कोशिश करने लगा। नगराम में एक बच्ची 35 वर्षीय पड़ोसी युवक की हैवानियत का शिकार होने से बाल बाल बच गई। यहां के नगराम इलाके में 15 साल की नाबालिक को घर में अकेला देख खिड़की के रास्ते घर में घुस गया यहां उसने बच्ची से दुराचार करने की कोशिश की । लेकिन नाबालिक के शोर मचाने से आरोपी किसी से कुछ भी न बताने व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं था पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में पीड़िता ने आप बीती बताइ मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध पास्को समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है आरोपी की तलाश की जा रही है।

### ससुराल गए युवक के घर में चोरी

सरोजिनी नगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके में बीती 23 जुलाई को युवक के ससुराल जाने पर पीछे चोरों ने उसका घर साफ कर दिया। सोमवार को युवक जब घर वापस आया तो घर का ताला टूटा हुआ था वहीं घर के अंदर जाकर देखा तो जेवर, नगदी व अन्य सामान गायब थे जिसे देखकर उसके होश उड़ गए। फिलहाल बिजनौर थाने पर लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस चोरों का सुराग लग रही है। इलाके के कजियाना निवासी सैयद मजहर अब्बास रिजवी ने शिकायती पत्र देकर बताया है कि वह बीती 23 जुलाई को अपने ससुराल हुसैनाबाद गया था। सोमवार को जब वह घर वापस आया तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था,अंदर लाकर को तोड़कर दो नाक की कील एक अंगूठी सोने की 50 हजार रुपए नगद व घर के अन्य सामान भी चोरी हो गए हैं। बिजनौर पुलिस पीड़ित की शिकायत दर्ज कर चोरों का सुराग लगा रही है।

### नगराम में सांप को पकड़ रहें वृद्ध की डंसने से मौत, मचा हड़कंप

नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के कोयली का पुरवा गांव निवासी एक 60 वर्षीय वृद्ध की बीते मंगलवार शाम एक वृद्ध को सांप के काटने से मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक रामदेव अपने घर के पास किसी कार्य से बाहर निकले थे। इसी दौरान उन्होंने एक सांप को देखा और पकड़ने का प्रयास किया और सांप ने डस कर घटना को अंजाम दिया जब तक परिजन कुछ समझ पाते, तब तक उनकी हालत बिगड़ने लगी। आनन–फानन में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों को मृत्यु की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया, नगराम पुलिस ने मामले की जानकारी प्राप्त की है और आवश्यक विधिक कार्यवाही करने की बात कही।

### बकाया पैसे देने के बहाने बुलाकर मारपीट

सरोजिनी नगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिजनौर इलाके में बकाया पैसा देने के बहाने बुलाकर मारपीट करने का संगीत मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने बिजनौर पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार गोविंद कनौजिया पुत्र स्वर्गीय लल्लू कनौजिया निवासी 69/ 35 छितवापुर भेंडी मंडी लाल कुआं ने बताया कि वह बीती 29 जुलाई को अपने मित्र विनय राजपूत तथा रवि जायसवाल के साथ रवि जायसवाल का पैसा हड़प करने वाली महिला पूनम के तथा उसके पति रंजीत निवासी सैनिक एनक्लेव थाना बिजनौर के बुलाने पर समय लगभग 8:00 बजे रात सैनिक एंक्लेव के पास गया था जहां पर पूनम तथा रंजीत ने पैसा देने के लिए बुलाया था। गोविंद के अनुसार जब वह वापस लौट रहा था तभी वैगनआर संख्या यूपी 32 एमटी 3284 से चार पांच व्यक्ति जिसमें प्रमोद सिंह पुत्र देशराज, रणजीत सिंह तथा तीन व्यक्ति अज्ञात जिनका फोटो उनके मोबाइल में है सभी ने मिलकर उनको जान से मारने के उद्देश्य से हाथों में ईंटें लेकर हमला कर दिया जिससे उनके हाथ की उंगली फट गई तथा सर एवं पीठ पर भी गंभीर चोट आई विनय को भी पीठ एवं अन्य अंगों पर गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी भीड़ इकट्ठी होता देख जाति सूचक गाली देने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। बिजनौर पुलिस मामला दर्ज करने के साथ छानबीन कर रही है।

### 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' साइकिल रैली से गूंजा पर्यावरण और शिक्षा का संदेश

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत राजभवन लखनऊ से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दो दिवसीय साइकिल रैली, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान जनपद बाराबंकी में चलाया गया। इस दौरान देवा एवं बंकी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पर्यावरण, शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता से जुड़ी कई प्रेरणादायक गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

राजभवन से आई टीम का बाराबंकी जनपद की सीमा पर पहुँचने पर उनका स्वागत किया गया तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय देवा में टीम के आगमन पर छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा पारंपरिक ढंग से उनका स्वागत किया गया। इसके उपरांत परिसहाय राज्यपाल पुनीत द्विवेदी के नेतृत्व में राजभवन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा विद्यालय परिसर में नीम, जामुन, मौलश्री, बॉटल ब्रश, सहजन, छितवन और अमरूद के कुल 200 पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

साइकिल रैली के प्रतिभागी अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके अनुशासन, शैक्षिक स्तर एवं जागरूकता की सराहना करते हुए छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित किया। इस क्रम में 'स्वच्छता, पर्यावरण और शिक्षा' विषयक

# फरीदीपुर बना उपेक्षा का प्रतीक, टूटी सड़कें, गड्ढों में जल भराव, उफनते नाले, और अफसरशाही की बेरुखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता





ठाकुरगंज लखनऊ। नगर निगम जोन-6 के फरीदीपुर गांव में जनता की आहें और अफसरों की खामोशी अब चीख बन चुकी है। कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड की सड़कों पर गड्ढे नहीं खाइयां हैं। नालों में पानी नहीं, सड़ांध बह रही है। लेकिन नगर निगम के जिम्मेदार अफसर अपनी चमचमाती टेबलों ठंडे एसी कमरों और सुरक्षित कुर्सियों से बाहर निकलना शायद अपनी शान के खिलाफ समझते हैं।

जनता घुट रही लेकिन अफसरों को फर्क नहीं पड़ता

वर्षों से टूटी पड़ी सड़कें सीवर के चैंबरों से उफनती गंदगी और बारिश में डूबते रास्ते यह फरीदीपुर की पहचान बन गई है। स्कूल जाने वाले बच्चे हों गर्भवती महिलाएं या बीमार मरीज हर कदम पर जान हथेली पर लेकर चलना पड़ता है।

लेकिन नगर निगम के अधिकारी 'फील्ड' शब्द को शायद सिर्फ फाइलों में जानते हैं, क्योंकि ज़मीनी निरीक्षण तो वर्षों से नहीं हुआ। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शिकायतें करने पर अधिकारी टालमटोल करते हैं और कार्रवाई के नाम पर देखते हैं। बताइएगा ऊपर भेजा है जैसे रटे-रटाए जुमले सुनने को मिलते हैं।

जनप्रतिनिधि सिर्फ बयानवीर, जिम्मेदारी कोई नहीं लेता

विधायक कहते हैं कि सरकार बजट नहीं दे रही। पार्षद बोलते हैं कि मेरे पास सीमित फंड है। जब जनता ने सांसद श्री राजनाथ सिंह से गुहार लगाई तो उन्होंने मात्र इतना कहा नगर निगम को फोन कर दिया है।

लेकिन हकीकत ये है कि किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। नेता चुनाव के समय गली-गली घूमते हैं। लेकिन जब जनता बुनियादी ज़रूरतें लेकर दरवाजे पर खड़ी होती है। तो सबके दरवाजे बंद मिलते हैं।

फोन तंत्र' से चल रहा है नगर निगम दबंगों के इशारे पर ही होता है काम

फरीदीपुर के लोगों ने बड़ा और गंभीर आरोप लगाया है नगर निगम अब जनसेवा नहीं, फोनसेवा पर चल रहा है। जब तक किसी प्रभावशाली पार्षद, दबंग नेता या रसूखदार व्यक्ति का फोन नहीं आता, तब तक निगम के कर्मचारी काम को हाथ तक नहीं लगाते। स्थानीय दुकानदार मनोज वर्मा बताते हैं। तीन महीने से हम गड्ढों और बदबू में जी रहे हैं। जब नेता जी ने फोन किया तो अगले ही दिन काम शुरू हो गया। क्या आम जनता की कोई औकात नहीं?

सिर्फ सोशल मीडिया पर चमक रहा नगर निगम – ज़मीनी हालात शर्मनाक

लखनऊ नगर निगम को स्वच्छता में देश में तीसरा और उत्तर प्रदेश में पहला स्थान मिला है – लेकिन यह सम्मान फरीदीपुर की गलियों में घुट रही ज़िंदगी का अपमान लगता है। यहां सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति सिर्फ कागजों में है और कूड़ा उठाने वाले वाहन शायद क्ष्म्ट्ट से 'अमीर मोहल्लों' की ही पहचान करते हैं। सड़ांध में जी रहे लोगों को देखना किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि की प्राथमिकता नहीं है।

अधिकारियों की चुप्पी सवालों के घेरे में इस रिपोर्ट के लिए जब नगर निगम जोन-6 के जेई, एक्सईएन और ज़ोनल अधिकारी से प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, तो या तो फोन उठाया नहीं गया। या जवाब टालू रहा। यह वही रवैया है जो आम जनता को हर दिन झेलना पड़ता है।

# भिठौरा में मनरेगा बना 'मुनाफ़े का मैदान', एक मजदूर दो काम

**भ्रष्टाचार की तस्वीरें खुद दे रही गवाही, प्रशासन के लिए अग्निपरीक्षाः क्या होगी सख्त कार्रवाई या फिर खानापूर्ति**

**महिलाओ के नाम पर दर्ज हाजरी, फोटो से गायब महिलाय**

**विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भिठौरा का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर/मछरेहटा। विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भिठौरा में मनरेगा योजना का जिस तरह से दुरुपयोग हो रहा है, उससे यह योजना रोजगार का नहीं, लूट का साधन बनती जा रही है। न महिलाएं मौके पर हैं, न पारदर्शिता की कोई परछाईं। हाजिरी है, भुगतान है ऽ पर ज़मीनी हकीकत कुछ और!*फोटो में खुला फर्जीवाड़ा – एक ही व्यक्ति दो अलग-अलग स्थानों पर ''काम करता'' नजर आया*गांव में दो बंधा निर्माण कार्य चल रहे हैं:विनोद के खेत से लोटन के खेत तक,सरवन के खेत से श्यामलाल के खेत तक।इन दोनों कार्यों की फोटो में एक ही मजदूर दो स्थानों पर कार्य करता दिखाया गया है। यानी कागज़ों में सुपरमैन पैदा कर दिया गया है, जो एक ही समय पर दो जगह श्रम कर सकता है!*महिलाओं के नाम पर फर्जी हाजिरी – पर न काम, न उपस्थिति*कई महिलाओं के नाम पर हाजिरी दर्ज की जा रही है, जबकि कार्यस्थलों पर महिलाएं कहीं नहीं दिखतीं। ऐसे में सवाल उठता है –''क्या ये रोजगार योजना है या बंद कमरे में बैठकर तैयार हो रही फर्जी उपस्थिति की स्क्रिप्ट?''*ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और एपीओ की साठगांठ साफ नजर आ रही*इस घोटाले में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की भूमिका भी सवालों के घेरे में है, लेकिन सबसे अहम भूमिका रोजगार सेवक और एपीओ की है –रोजगार सेवक फोटो खींचकर पोर्टल पर अपलोड करता है,एपीओ (असिस्टेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर) इन कार्यों की मॉनिटरिंग और भुगतान पास करता है।यदि इनकी मिलीभगत न हो, तो एक ही व्यक्ति की दो जगह तस्वीरें और फर्जी हाजिरियों का खेल नहीं चल सकता।

## रेल मंत्री जीएम और डिप्टी चीफ को सस्पेंड करें : अर्थी बाबा

गोरखपुर । अर्थी बाबा ने कहा कि बोधगया महाबोधि मुक्त करवाने के लिए जंतर मंतर पर धरना देने के बाद गोरखधाम ट्रेन से दिल्ली से गोरखपुर वापस आ रहे थे हमारा ऐसी वन बर्थ के बगल में ऐसी सेकंड ये वन की बोगी थी जिसमें एसी इलेक्ट्री का सिस्टम लगा हुआ उसी के ऊपर पूरा ऐसी का पानी गिर रहा था कुछ पालीथीन लगा के पानी रोकने का जुगाड करके ट्रेन लिए जिससे शॉर्ट सर्किट से पूरी ट्रेन में आग लगने से खतरा था ये लापरवाही के येसी वन में मेरे ही बगल की बर्थ पर डिप्टी चीफ इलेक्ट्रिक यात्रा के रहे थे और गोरखपुर रेल के जीएम सैलून लेकर कर चल रहे थे कोई अधिकारी झांकने भी गया कि ऐसी के मिटर पानी गिरने से ट्रेन में आग लग सकती है ।अर्थी बाबा ने रेल मंत्री से मांग किया है कि जब इतने बड़े अधिकारी गाड़ी में चल रहे तो जनता को खतरे में डाल कर ट्रेन चला रहे है तो इस लापरवाही के वजह तत्काल इस ट्रेन में चलने वाले जीएम और डिप्टी चीफ को सस्पेंड किया जाय और सभी रेल जीएम का सैलून से चलने का अधिकार खत्म किया जाय ताकि ये आम जनता के बर्थ के बगल में चले उनकी समस्या को समझे ।

## किसानों के हित के लिए किया गया जय जवान जंक्शन का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। तहसील क्षेत्र खरवहिया न. 2 में किसानों के हित के लिए'जय किसान जंक्शन' का भव्य उद्घाटन किया गया। निघासन तहसील क्षेत्र के खरवहिया न. 2 कस्बे में जुआरी फार्महब लिमिटेड के प्रतिष्ठान के द्वारा 'जय किसान जंक्शन' का शुभारंभ किया गया जिसमें कंपनी के मार्केटिंग मैनेजर डॉ.अजय सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री संदीप त्रिवेदी,अजीत वर्मा एवं शमरीश मिश्रा आदि ने फीता काट कर उद्घाटन किया, इस अवसर कम्पनी मालिक के द्वारा किसानों को कंपनी की विभिन्न सेवाओं एवं सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई जिसमें बताया गया कि 'जय किसान जंक्शन' के माध्यम से किसानों को बुआई से कटाई तक की सम्पूर्ण कृषि आवश्यकताओं जैसे बीज, उर्वरक, कीटनाशक, उपकरण आदि उच्च गुणवत्ता के साथ उचित मूल्य पर एवं पक्के बिल के साथ उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही उर्वरकों की बिक्री सरकारी दरों पर सुनिश्चित की जाएगी,कंपनी के अधिकारियों द्वारा किसानों को धान की उन्नत खेती एवं अन्य फसलों की आधुनिक तकनीकों से भी अवगत कराया गया। किसानों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर भी अधिकारियों ने दिए।कार्यक्रम में स्टोर मैनेजर सोनू कटियार ने 'जय किसान जंक्शन' पर मिलने वाली अन्य सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए किसानों से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।इस उद्घाटन समारोह में सम्राट हॉस्पिटल के संचालक डॉ. पंकज मौर्य, रवि मौर्य, सुरेन्द्र शुक्ला सहित सैकड़ों क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## पुलिस ने छह हत्याभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सीतापुर ने चला रखा है अपराधियों के विरूद्ध अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही/शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिश्रितआलोक प्रसाद के नेतृत्व में थाना संदना पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 253/25 धारा 103(1) /115(2) /126(2) /191(2)/ 191(3)/190 बीएनएस में वांछित एवम् प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. गोविन्द पुत्र मुन्ना 2. राकेश पुत्र अंगनूलाल उर्फ मटकुट्टे 3. बनवारी पुत्र अंगनूलाल उर्फ मटकुट्टे 4. रामस्वरुप पुत्र मुल्लू 5. सर्वेश पुत्र होरीलाल 6. अंगनूलाल उर्फ मटकुट्टे पुत्र मुल्लू उम्र करीब 55 वर्ष नि0 गण ग्राम सहोली थाना संदना सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल 02 अदद डण्डा बरामद हुआ है। दिनांक 27.07.2025 को प्रथम पक्ष के छोटू उर्फ जगदीश पुत्र शोभरन पासी आदि के खेत में व द्वितीय पक्ष मनोज उर्फ गुड्डू आदि सर्व निवासीगण ग्राम सहोली थाना संदना सीतापुर की मवेशी (गाय) चली जाने पर आपस में मारपीट हो गयी थी जिसमें छोटू उर्फ जगदीश उपरोक्त की मृत्यु हो गयी थी। गिरफ्तार अभियुक्तगण का चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराध एवम् अपराधियों के विरुद्ध निरंतर एवम् प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार चलती रहेगी।

## हरियाली पर कहर, वन विभाग की चुप्पी से कट रहे प्रतिबंधित पेड़

मिश्रिख (सीतापुर)। क्षेत्र में हरियाली की सांसें अब उखड़ती नजर आ रही हैं। मिश्रिख से लेकर संदना क्षेत्र तक प्रतिबंधित पेड़ों की खुलेआम कटाई हो रही है, लेकिन वन विभाग की भूमिका सिर्फ मूकदर्शक तक सीमित है।स्थानीय लोगों के अनुसार, दिनदहाड़े की जा रही अवैध कटाई अब आम बात हो चुकी है। खासकर संदना क्षेत्र में हर रोज़ दर्जनों हरे-भरे पेड़ों को बेरहमी से काटा जा रहा है। इन पेड़ों की लकड़ियाँ कहां जाती हैं और किसके संरक्षण में यह सब हो रहा है, इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है।सूत्रों के मुताबिक, लकड़ी माफियाओं ने ऐसा मजबूत नेटवर्क खड़ा कर लिया है कि उनकी पहुंच सीधे जिम्मेदार अधिकारियों तक है। यही वजह है कि कार्यवाही के नाम पर आज तक 'जीरो बटा सन्नाटा' है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई के बजाय चुप्पी साध ली जाती है। अब सवाल उठता है कि आखिर किन अफसरों की शह पर ये पर्यावरण विरोधी गतिविधियां हो रही हैं?अब जरूरी है कि उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लें और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

## जलस्रोतों में डूबने की घटनाओं पर सख्त जिलाधिकारी

**सावधानी ही सुरक्षा का सबसे बड़ा उपाय बच्चों को जलस्रोतों से दूर रखें, टूटी नावों से बचें: डीएम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि तालाब/पोखर/नदी में डूबने के कारण हुई जनहानि के प्रकरण संज्ञान में आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावक अपने बच्चों को तालाब/पोखर/नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चे जल के समीप हैं तो अभिभावक अपनी देखरेख में रखें। जिससे होने वाली अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि जर्जर/टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें। यह भी देखें की संचालन के दौरान नाव साफ और सूखी हो। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें। नाव में यात्रा करते समय यह भी देख लें कि नाव की भर क्षमता कितना है और नाव पर लाइफ जैकेट है अथवा नहीं।जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थों का सेवन कर नदी/तालाब/पोखर में प्रवेश न करें। जल में बने सुरक्षात्मक चिन्ह के आगे जाने का प्रयास न करें। घाट पर उपस्थित सुरक्षा दल के निर्देशों को सुने व उसका पालन करें। उन्होंने कहा कि पानी में किसी भी प्रकार का खेल न खेले। तैरना न आने पर नदी या अन्य जल स्त्रोत से दूर रहें। अधिक गहरे जल में प्रवेश न करें। एक नाव से दूसरे नाव में कूदकर जाने एवं पानी में सेल्फी लेने का प्रयास न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो सबसे पहले आस-पास के मौजूद लोग उसकी मदद करें, और एम्बुलेंस को बुलायें। यदि व्यक्ति श्वास नहीं ले रहा हैं तो उसकी नब्ज चेक करें और उसे सीपीआर दें। रोगी को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि पानी में डूब रहा व्यक्ति घबराएं नहीं, शांत रहें। अपने सिर को ऊपर की ओर रखे, बैग व जूते जैसी वजनदार चीजों को हटा दें। पानी को पीछे की ओर धकेलते रहे ताकि आप स्थिर रह सके। हाथों की सहायता से पानी को ऊपर की ओर उछालते रहे, जिससे लोग देखकर आपकी मदद कर सके

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित

उन्नाव। विकास भवन सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा एफ0आर0एस0, पोषण बच्चों का चिन्हांकन नैफ़ेड एवं टी0एच0आर0 द्वारा आपूर्तित पोषाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति, पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चें, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण, कायाकल्प, सम्भव अभियान प्रगति समीक्षा की गयी। समीक्षा में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ज्यादा-ज्यादा लाभान्वित करने तथा सम्भव अभियान 5.0 चिन्हित सैम बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर फींडिग कराने तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों को समय से पूर्ण कराने के सम्बन्ध में सम्बन्धित कन्वर्जन विभागाध्यक्षों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी व प्रभारी को निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, नवनियुक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## रहस्यमय हाल में गायब भट्ठा मुंशी के मामले में बवाल, अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। ईंट भट्ठे से करीब एक माह पहले रहस्यमय हाल में गायब भट्ठा मुंशी सुभाष यादव मामले को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने बुधवार को गांव के पंचायत भवन अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की मांग है कि सुभाष यादव की सकुशल वापसी,तथा दोषी भट्ठा मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाय ।आंदोलन रत ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम लहुरा देऊर निवासी भट्ठा मुंशी 54 वर्षीय सुभाष यादव गत नौ जून को जंगल औराही भट्ठा से रहस्यमय हाल में गायब हो गए। आरोप है कि दो दिन बाद भट्ठा मालिक ने उनके गायब होने की सूचना घर भेजा। भट्ठा मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी गई। लेकिन पुलिस ने केवल गुमशुदगी दर्ज किया। तथा शीघ्र मामले का पर्दाफाश का दावा किया। इस मामले को लेकर मुहर्रम के दिन पिपराइच के रामलीला मैदान में धरना प्रदर्शन किया। तब भी पुलिस सुभाष यादव को कहीं देखें जाने की बात बताई। कहा सुभाष यादव को शीघ्र ढूंढ निकाला जाएगा।तथा दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके पहले भी हम लोगों ने 3 जुलाई को धरना प्रदर्शन किया था ।तब एसएआई अजीत कुमार चतुर्वेदी के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया था । उन्होंने मौखिक रूप से मामले के खुलासा के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था। सपा नेता सुरेंद्र यादव, अहिर आर्मी के अध्यक्ष आदित्य यादव , पत्नी मलावती देवी के नेतृत्व में सुभाष यादव के परिजन व ग्रामीणों ने बताया कि बार बार पुलिस द्वारा दिया गया आश्वासन खोखला साबित हुआ । धरने पे बैठे लोगों ने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी भी की ।धरना प्रदर्शन में इस सम्बंध मे थाना प्रभारी पुरषोत्तम आनंद सिंह ने बताया की मामले में गुमशुदगी दर्ज है । जांच एसटीएफ टीम कर रही है। विना पूर्व सूचना के धरना प्रदर्शन करना असंवैधानिक है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सरोजिनी नगर,लखनऊ( कैनविज टाइम्स संवाददाता) ।सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक अज्ञात बहन ने एक युवक को जिसकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बुधवार को समय लगभग 7:00 बजे शाम एक अज्ञात युवक जो कि मानसिक विक्षिप्त था कानपुर रोड गौरी बाजार जंग बहादुर ज्वैलर के पास खड़ा था उसी समय एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और रफू चक्कर हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसका सर फट हो गया। सूचना पुलिस को हुई मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के लिए छानबीन की युवक का कोई अता पता नहीं चला फिर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम लिए भेज दिया।

## खाद के लिए कड़ाके की धुप मे भटक रहे किसान कब तक होंगी किसान की समस्या का हल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेलरायां खीरी। सहकारी क्रय विक्रय समिति लिमिटेड बेलरायां में यूरिया खाद के वितरण को लेकर किसान यूरिया खाद के लिए सुबह 5 बजे से भूखा प्यासा क्रय विक्रय समिति के दरवाजे पर इस इंतजार में खड़ा रहा कि कब वो समय आएगा जब कि खाद का वितरण होगा । वही न ही किसानों के लिए कोई भी पेयजल की व्यवस्था है जो हैं भी वो केवल सो पीस बने खड़े हैं।जिम्मेदार मौन।किसान भूखे प्यासे सुबह से साम तक लाइन मे लगे रहते शाम तक उनकी बारी आये गी पर ऐसा नहीं होता किसान दर दर की ठोकर खा रहा है। किसान क़ो यूरिया खाद नहीं मिल पाती हैसमिति मे किसानों क़ो टोकन बाटे जाते है फिर भी नहीं मिलती खाद आखिर कब मिलेगी खाद कब होंगी हरी भरी फसल अगर किसान क़ो समय से यूरिया खाद नहीं मिली तो किसानों की फ़सल नस्ट हो जायेगी भूख मेरी के तादात पर आ जायेगेअंत मे काफी जद्दोजहद के बात आपसी सहयोग से किसानों को टोकन सिस्टम के तहत पर्ची वितरण की गयी और अगले दिन खाद वितरण की बात कही गयी की आप लोग कल आइए और अपना टोकन लाये और खाद ले जाये

### मैगलगंज की सड़कों पर बारिश बनी मुसीबत



मैगलगंज खीरी। बुधवार को हुई महज 20 मिनट की हल्की बारिश ने कस्बे की बदहाल जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। सरोवर के सामने मुख्य मार्ग पर इतना जलभराव हुआ कि वाहनों के चक्के पानी में डूब गए। सड़कें झील का रूप ले चुकी हैं।यही नहीं, इसी मार्ग पर स्थित भारतीय इंटर कॉलेज में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को छुट्टी के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह दृश्य सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर कब इस स्थायी समस्या का हल निकलेगा और कौन इसकी जिम्मेदारी लेगा। प्रशासन से कस्बावासियों की मांग है कि जलभराव की इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान हो।

### अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्यवाही



लखीमपुर खीरी। थानाध्यक्ष खीरी निराला तिवारी के नेतृत्व में हुई अवैध खनन माफिया के खिलाफ कार्यवाही। आपको बता दें कि प्रभारी चौकी नकहा की खनन को लेकर कार्यवाही। रात्रि गस्त दौरान पुलिस ने पकड़ी अवैध खनन में कर लाई जा रही बालू भरी ट्राली। चौकी क्षेत्र के अंतर्गत चौकी प्रभारी नकहा गौरव कुमार मय हमराही कांस्टेबल सुधीर कुमार कांस्टेबल आशीष कुमार के द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को अवैध खनन करते पाए जाने पर मौके पर ही किया गया सीज खनन माफियों में मचा हड़कंप।

### जिले में नहीं थम रहा अवैध असलहों का प्रदर्शन, वायरल हो रही तस्वीरें



लखीमपुर। जिले में अवैध असलहों का खुलेआम प्रदर्शन एक गंभीर कानून-व्यवस्था की चुनौती बनता जा रहा है। ताजा मामला कट्टर हिंदू के नाम से इंस्ट्राग्राम द्वद जहां एक बाल अपचारी की अवैध असलहे के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।बताया जा रहा है कि 卐वायरल तस्वीरों में दिखाई दे रहा बाल अपचारी वह न केवल हथियार के साथ तस्वीरें खिंचवा रहा है, बल्कि उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर लोगों के बीच दहशत फैलाने का प्रयास भी कर रहा है।सार्वजनिक प्रदर्शन कर पुलिस को खुली चुनौती दी है।इस तरह के लगातार सामने आ रहे मामलों से जिले में अवैध हथियारों की मौजूदगी और उन पर लगाम न लगने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे।

### मानवता अभी जिंदा है :गहनों की पोटली देख कर नहीं डगमगाया इमान



गोरखपुर । कश्तियां उन्हीं की डूबती है जिनके ईमान डगमगाते हैं जिनके दिल में नेकी होती है उनके आगे मंजिल भी सर झुकाती है हम बात कर रहे हैं विकासखंड भटहट निवासी एक ऐसे व्यक्तित्व से जो लोहा बाबा के नाम से मशहूर हैं ।बुधवार को लोहा बाबा कस्बे के एक चाय की दुकान पर चाय पीने गए थे जहां पर उन्हेंएक पोटली दिखाई दी जो काफी समय से पड़ी हुई समय बीत जाने के बाद भीजब कोई उसे ले नहीं गयातो उन्हें संदेह हुआउन्होंने उसे पोटली को उठाया और इधर-उधर देखा तो पोटली का कोई मालिक नहीं दिख रहा था उन्होंने इसकी सूचना समाजसेवी जयनारायण राय को देते हुए पुलिस को सूचना दी गईएवं पोटली लेकर भटहट पुलिस चौकी पर पहुंचे ।पुलिस चौकी पर सब इंस्पेक्टरअनूप कुशवाहा मौजूद थे जिनके समक्ष पोटली को खोला गया तो उसमें से सोने एवं चांदी के गहने थे।गहनों में पर्ची भी थी जिसको देखकर पुलिस जांच पड़ताल कह रही थी लेकिन गहने के मालिक का पता नहीं चल पाया ।गहने को देखकर लग रहा था कि उसे बन्धक आदि से छुड़ाकर लाया गया था ।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। गोला कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि नगर के जाने माने चिकित्सक विद्यालय के पुरातन छात्र परिषद के सचिव डॉ रविंद्र नाथ वर्मा के द्वारा संपन्न हुआ। डॉ रवींद्र नाथ वर्मा ने बताया कि आज जब हम विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मना रहे हैं तो यह स्वीकार करें कि प्रकृति संरक्षण की शुरुआत बाहर से नहीं, अंदर से होनी चहिए जल, वायु, वृक्ष, नदियाँ, पर्वत और जीव, ये सभी प्रकृति के अंग हैं जो जीवन को संभव और टिकाऊ बनाते हैं। यदि प्रकृति है, तभी हमारा भविष्य सुरक्षित है, और तभी हमारी संस्कृति जीवंत रह सकती है। हमारी संस्कृति हमेशा ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की भावना पर आधारित रहती है, जहाँ जीव-जंतुओं, वृक्षों और नदियों को भी ईश्वर के रूप में पूजा जाता है। जब हम प्रकृति का सम्मान करते हैं, तो हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी जीवित रखते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि आज प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ सिर्फ पर्यावरण की नहीं, बल्कि मानवता की भी हैं। यदि हमने अभी भी प्रकृति का संरक्षण नहीं किया है, तो आने वाले वृक्ष को केवल संकट और सूखे विरासत में शामिल करें, इसलिए समय की पुकार है प्रकृति को पूजने नहीं, उसकी रक्षा भी करें। प्रधानाचार्य अनन्त प्रकाश सरोज ने बताया कि आईए आज श्रावण के तीसरे सोमवार संकल्प लें एक पेड़ मां के नाम और एक पेड़ धरती मां के नाम पर अंकित कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी सहित लखपत भारती ओम प्रकाश आरती गुप्ता रागिनी देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## दुधवा टाइगर रिजर्व में रेंजर को बंधक बनाने का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिंगाही खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल से धरती का फूल खोदकर लाने की सूचना पर पहुंचे रेंजर को ग्रामीणों द्वारा बंधक बनाने का मामला प्रकाश में आया है सूचना पर पहुंचे प्रधान ने किसी तरह ग्रामीणों को समझबुझाकर मामला शांत किया लेकिन वन विभाग की टीम के खिलाफ ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक दुधवा टाइगर रिजर्व बेलरायां बफरजोन क्षेत्रीय वनाधिकारी भूपेंद्र सिंह वन कर्मियों तथा एसटीपीएफ की संयुक्त टीम संग सिंगाही थाना क्षेत्र के पचपेड़ा रिछय्या मुखबिर की सूचना पर धरती का फूल जंगल से लाकर बिकने की सूचना पर गए थे गांव में पहुंचते पसियाना पुरवा मोहल्ले के एक घर को चारों तरफ से घेर लिया और घर की जामा तलाशी लेने लगे जिसका घर के लोगों ने विरोध किया तो वन कर्मियों तथा ग्रामीणों के बीच हाथापाई होने लगी हल्ला मचने पर गांव के अन्य लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई ग्रामीणों संग अपने व अपनी टीम को घिरा देख रेंजर ने गांव के प्रधान को सूचना दी प्रधान अहमद नूर के काफी समझाने के बाद ग्रामीण शान्त हुए ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम उन्हें नहीं पकड़ती जो लोग जंगल वाला काम करते हैं क्योंकि उन लोगों से उनकी मिलीभगत है निर्दोष लोगों को परेशान करती है मुंह खोलने पर जेल भेजने की धमकी देती है।वहीं रेंजर भूपेंद्र ने बताया कि धरती का फूल बिकने की सूचना पर छापामार कार्यवाही की लेकिन ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई जिससे आपरेशन फ़ेल हो गया बाकी हाथापाई जैसी कोई बात नही हुई थी

# ज़िला प्रशासन व यूथ अवेकनिंग मिशन ने 'धारा सेवा, शिव सेवा' का किया आयोजन

**इस अवसर पर जिला अधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया के मार्गदर्शन में पूरे जिले के विभिन्न स्थानों पर एक ही दिन में 51000 पौधें रोपित किए गए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




संभल। जिला प्रशासन सम्भल व यूथ अवेकनिंग मिशन द्वारा सम्भल जिले में 'धारा सेवा, शिव सेवा' का आयोजन किया गया जहां विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर डॉ पवन सिंहा 'गुरुजी' के सान्निध्य एवं जिला अधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया जी के मार्गदर्शन में पूरे जिले के विभिन्न स्थानों पर एक ही दिन में ५१००० पौधें रोपित किए गए। इस अवसर पर जुगल किशोर महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जहां परमपूज्य डॉ पवन सिंहा 'गुरुजी', पूर्व मंत्री अजीत कुमार यादव जी, एस श्री गोरखनाथ जी, प्रीति यादव जी व प्रबंधक श्री दीपक यादव जी ने बच्चों, युवाओं तथा शिक्षकों को संबोधित किया। कार्यक्रम के आरंभ में रोहित आरोड़ा जी ने युवा अभ्युदय मिशन एवं धरा सेवा, शिव सेवा का परिचय देते हुए कहा कि हमारा मिशन युवाओं को समग्र रूप से सशक्त बनाना और उनमें देश के प्रति प्रेम व समर्पण उत्पन्न करना है, और इसी क्रम में ये धरा यानी प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हैं। तदोपरांत परमपूज्य डॉ पवन सिंहा 'गुरुजी' ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए अवगत कराया कि प्रत्येक धर्म प्राकृतिक संप्रदाय की रक्षा करना सिखाता है। गुरुजी ने बताया कि हम सभी प्रकृति के क़र्ज़ में हैं और इसलिए प्रत्येक मनुष्य को ये शपथ लेनी चाहिए कि वे लकड़ी का कम से कम प्रयोग कर अपने जीवन में २८ पेड़ अवश्य लगाएं। पेड़ों से पर्यावरण में ऑक्सीजन बढ़ेगी और ऑक्सीजन से मनुष्य के मस्तिष्क व चरित्र, दोनों का विकास होगा साथ ही पर्यावरण को भी लाभ होगा।ज्ञातव्य हो कि पावन चिंतन धारा का युवा प्रकल्प युवा अभ्युदय मिशन वर्ष २०१९ से धरा सेवा, शिव सेवा अभियान चला रहा है, जिसका उद्देश्य न केवल पौधे रोपित करना है बल्कि प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति सामान्य जनमानस जागृति उत्पन्न करना भी है। इस अभियान के अंतर्गत हर वर्ष के सावन माह में पौधारोपण का कार्य किया जाता है और अब तक लाखों पौधें रोपित किए जा चुके है और साथ ही जनजागृति के लिए विभिन्न राज्यों के अनेक गांव और शहरों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।इस अवसर पर और भी विशेष व्यक्तित्व जैसे पावन चिंतन धारा आश्रम की सचिव डॉ कविता अस्थाना जी, सी.डी.ओ. श्री गोरखनाथ भट्ट जी, एस.डी.एम. डॉ वंदना मिश्रा जी, बी.डी.ओ. श्री कमलकांत जी, गवां की पूर्व विधायिका पुष्पा देवी जी, और प्रबंधक दीपक यादव जी उपस्थित रहे।

## दो बच्चों की मौत के मामले की जांच करेगी कमेटी

बदायूं। दो बच्चों की मौत के मामले में डीएम अवनीश राय ने जिला बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह को जांच कमेटी बनाते हुए विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। सावन व कांवड़ को ध्यान में रखते हुए डीएम ने स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए थे। बावजूद इसके सोमवार को स्कूल खोला गया था। सहसवान क्षेत्र के सिलहरी गांव के पास अवकाश के दिन खुले एक स्कूल की वजह से दो बच्चों की मौत के मामले ने प्रशासन को सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि स्कूल के संचालन में यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच समिति पूरे घटनाक्रम की तह तक पड़ताल करें कि स्कूल अवकाश के दिन क्यों और किसकी अनुमति से खोला गया था। साथ ही सुरक्षा मानकों का कितना पालन किया गया। बीएसए को निर्देशित किया गया है कि रिपोर्ट जल्द ही दें। बीएसए के निर्देश पर बीईओ ने स्कूल प्रशासन को नोटिस जारी किया है। डीएम अवनीश रॉय ने बताया कि घटना बेहद दुखद है। इसकी विस्तृत जांच करने के निर्देश बीएसए को दिए गए हैं।

## ककराला से अलापुर लिंक रोड निर्माण की मांग

बदायूं। अलापुर के नगर पंचायत पूर्व प्रत्याशी जियाउद्दीन अंसारी ने आवास आंवला के लोकसभा सांसद नीरज मोर्य दिल्ली उनके निजी आवास पर मुलाकात कर ककराला से अलापुर लिंक रोड निर्माण की मांग की और कहा कि अलापुर से ककराला आने जाने में जनता को बहुत बड़ी दिक्कत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, ककराला टू अलापुर पूरा रोड की हालत बहुत ज्यादा खराब है जिससे के राहगीरों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है आंवला प्रत्याशी लोकसभा सांसद नीरज मोर्य से मुलाकात कर ककराला टू अलापुर रोड का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए इस मौके पर मौजूद रहे जियाउद्दीन अंसारी, यूनुस अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उत्कृष्ट प्रसव सेवाओं के लिए दिए प्रशंसा पत्र

बदायूं। मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से राज्य स्तर से प्रसव इकाई के रुप में जनपद में चिन्हित किये गये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जनपद की 08 (ब्लाक सहसवान के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खिरौरा, खण्डुआ एवं उचैती ब्लाक आसफपुर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दबतौरी, ब्लाक समरेर के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गण्डाह एवं सादुल्लागंज, ब्लाक म्याऊं के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुरा बरेला एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्तर्गत नगरीय प्रा0स्वा0 केंद्र शहबाजपुर एवं सहसवान) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अधिकतम प्रसव सम्पादित कराने पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात चिकित्सा अधीक्षक, स्टाफनर्स, एएनएम एवं आशा कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी आरसीएच, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी मण्डलीय यूनीसेफ प्रतिनिधि व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार के टक्कर में बाइक सवार पिता पुत्र की मौत

अनूपशहर। अलीगढ़ रोड पर स्थित गांव जिरौली के निकट दो कारों की टक्कर के बाद एक कार की चपेट में आए बाइक सवार पिता पुत्र की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी पंकज राय ने बताया है, कि अलीगढ़ रोड पर स्थित गांव जिरौली के निकट आई-20 कार यूपी 86 डब्लू 5437 में सवार होकर सैय्यद अली पुत्र शाहिद अली निवासी मुहल्ला नोबिल सिकंदराऊ अलीगढ़ से अनूपशहर आ रहे थे। दूसरी तरफ अनूपशहर से बैगनार डीएल 2 सी पी 3123 से अलीगढ़ की ओर जा रही थी। तभी अचानक दोनों कारों की भिड़ंत हो गई और आई 20 कार रामपुर से अलीगढ़ जा रहे बाइक सवार 68 वर्षीय मोहम्मद अब्दुल जमील पुत्र अब्दुल जलील खां तथा उनका 23 वर्षीय पुत्र मोहम्मद दानियाल से टकरा गई। जिससे पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों घायलों को लेकर सीएचसी अनूपशहर पहुंची। वहां चिकित्सकों ने मोहम्मद जमील को मृत घोषित कर दिया। तथा मोहम्मद दानियाल को अलीगढ़ मेडिकल रेफर कर दिया। अलीगढ़ जाते समय दानियाल की भी मौत हो गई। अनूपशहर पुलिस ने पिता पुत्र के शव पोस्टमार्टम के लिए बुलंदशहर भेज दिए हैं। पुलिस ने आई 20 कार सहित चालक सैयद अली को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी पंकज राय ने बताया कि मृतक अब्दुल जमील के पुत्र सोहेल ने द्व20 कार चालक के विरुद्ध तहरीर दे दी है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## साहित्य की दुनिया सभी का स्वागत करती है

चंदौसी। साहित्य की दुनिया में आपका स्वागत है: चंदौसी का शायरक्या आप शब्दों के जादू में खो जाना चाहते हैं? क्या आपको कविताओं की मधुरता, शायरियों की गहराई और विचारों से भरे लेखों को पढ़ने में आनंद आता है? तो फिर, चंदौसी का शायर आपकी ही जगह है! एल. के. विकास कुमार मिश्रा द्वारा बनाई गई यह वेबसाइट साहित्य प्रेमियों के लिए एक नया ठिकाना है, जहाँ आपको उनकी कलम से निकले अनमोल रत्न मिलेंगे।आज की तेज़-तर्रार ज़िंदगी में अक्सर हम साहित्य से दूर हो जाते हैं। लेकिन साहित्य हमें सिर्फ मनोरंजन ही नहीं देता, बल्कि यह हमारी सोच को नई दिशा देता है, भावनाओं को समझने में मदद करता है और जीवन को एक अलग नज़रिए से देखने का अवसर प्रदान करता है। एक अच्छी कविता या एक विचारोत्तेजक लेख आपके दिन को रोशन कर सकता है, आपके मन को शांत कर सकता है और आपको सोचने पर मजबूर कर सकता है।चंदौसी का शायर वेबसाइट पर आपको कविताएँ मिलेंगी जो आपके दिल को छू जाएँगी, शायरियाँ जो आपके होंठों पर मुस्कान लाएंगी और लेख जो आपको नई जानकारी देंगे। यह सिर्फ एक वेबसाइट नहीं, बल्कि साहित्य का एक गुलदस्ता है जहाँ हर फूल अपनी सुगंध बिखेर रहा है।

## संविलियन विद्यालय रोरा में जिला भू-संरक्षण अधिकारी ने किया पौधारोपण



अनूपशहर। संविलियन विद्यालय रोरा में जिला भू-संरक्षण अधिकारी ने पौधारोपण कर प्रकृति संतुलन में पेड़-पौधों के महत्व के बारे में बताया। बुधवार को क्षेत्र के गांव रोरा संविलियन विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला भू-संरक्षण अधिकारी धीरज कुमार व अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने विभिन्न प्रजातियां के 11 पौधे रोपित किए। जिला भू-संरक्षण अधिकारी ने विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण पर प्रकृति असंतुलन के साथ-साथ हाल ही में आई कोरोना महामारी जैसी वैश्विक बीमारी ने कहर मचाया था। ऐसी वैश्विक बीमारी से सतर्क रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसके वृक्ष बनने तक रखरखाव करना चाहिए। ताकि पर्यावरण असंतुलित ना हो। उन्होंने जनहित में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की बारे में जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

# भाजपा नेता की निर्मम हत्या,ईंट से कुचला गया सिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं । बिनावर थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात हुई है। क्षेत्र के गांव विजलनगला में भाजपा नेता सुरेश चंद्र गुप्ता की हत्या कर दी गई। उनका शव बुधवार सुबह ओवरहेड टैंक परिसर के गेट पर पड़ा मिला। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र के गांव विजलनगला में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष की निर्मम हत्या कर दी गई। वह मंगलवार रात अपने बेटे की जगह ओवरहेड टैंक की रखवाली करने गए थे। बुधवार सुबह भाजपा नेता का शव ओवरहेड टैंक परिसर के गेट पर पड़ा मिला। उनका सिर ईंट से कुचला गया है। शव की हालत देखकर लोग सन्न रह गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम में घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। हत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है।गांव विजयनगला निवासी सुरेश चंद्र गुप्ता (58 वर्ष) भाजपा मंडल उपाध्यक्ष के साथ ही किसान यूनियन के नेता थे। उनके दो बेटे राहुल व निर्दोष हैं। राहुल गांव के ओवरहेड टैंक पर चौकीदार है। मंगलवार को राहुल एक रिश्तेदारी में गया था। वह अपने पिता सुरेश चंद्र गुप्ता को ओवरहेड टैंक पर जाने के लिए कह गया था। धारदार हथियार से भी किए गए वार परिजनों के मुताबिक भाजपा मंडल अध्यक्ष रात नौ बजे खाना खाने के बाद ओवरहेड टैंक परिसर में सोने के लिए चले गए थे। देर रात किसी ने उनकी ईंट से सिर पर कुचलकर हत्या कर दी। उनके शरीर पर धारदार हथियार से भी वार किए गए हैं। बुधवार सुबह सात बजे टहलने निकले लोगों ने ओवरहेड टैंक परिसर के गेट पर उनका रक्तरंजित शव पड़ा देखा। घटनास्थल पर खून से सनी ईंट के टुकड़े मिले हैं। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अशोक कुमार कंबोज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद फॉरेंसिक टीम बुलाई गई। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित किए हैं। परिजनों की पूछताछ में हत्या के पीछे का कारण साफ नहीं हो सका है। सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय मुताबिक पुलिस हत्याकांड की जांच में जुट गई है। भाजपा नेता की हत्या हुई है। जांच की रहा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपियों को गिरफ्तारी के लिए कई टीमों लगाई गई है जल्दी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

# जिला आबकारी विभाग एवं गायत्री शक्तिपीठ ने नशे के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंदौसी। एस. एम. कॉलेज, चंदौसी में जिला आबकारी विभाग एवं गायत्री शक्तिपीठ, चंदौसी के दिशा निर्देशन में नशे के विरुद्ध एक युद्ध शीर्षक कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स ने नशे के विरुद्ध एक कार्यक्रम का आयोजन किया. यह सबसे पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. हेमंत कुमार प्राचार्य एस. एम. कॉलेज, चंदौसी ने विद्यार्थियों को नशे के नकारात्मक प्रभाव के विषय में जानकारी दी. प्रो. (डॉ.) ए. पी.सिंह ने महाभारत काल में नशे के दुष्चक्र से विद्यार्थियों को परिचित कराते हुए उन्हें अपने परिवेश से नशे की उन्मूलन की प्रेरणा दी. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री अनुपम राजन जी, जिला आबकारी अधिकारी महोदय ने टोल फ्री नंबर 1933 की उपयोगिता बताते हुए विद्यार्थियों को भौतिक एवं सांस्कृतिक नशे से दूर रहने में विद्यार्थियों के जीवन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला. श्री अनिल कुमार जी एवं श्री निर्दोष कुमार जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया. श्री महेश पाल सिंह, जिला समन्वयक गायत्री परिवार शाखा चंदौसी नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई. श्री अमरजीत जी ने विद्यार्थियों से नशे के विरुद्ध शीर्षक के अंतर्गत नारे लगवाए. छात्र अभय प्रताप सिंह एवं अरुण शंखधार नशे की विरुद्ध शीर्षक से भाषण दिए. कार्यक्रम का संचालन डॉ.विशेष कुमार पांडेय समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# कल्कि धाम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार का हुआ आगमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल। श्री कल्कि धाम में सुबह लगभग 10 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार का आगमन हुआ। श्री कल्कि धाम सेवा समिति द्वारा मंत्री जी का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री जी ने श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के कक्ष में उनसे वार्ता की तत्पश्चात माननीय मंत्री अनिल कुमार जी ने श्री कल्कि धाम के गर्भगृह में श्री कल्कि धाम निर्माण के निमित्त शिला दान किया एवं विशेष पूजा अर्चना की। राष्ट्रीय लोकदल मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी के साथ श्री कल्कि धाम पधारे श्री अनिल कुमार जी ने इस अवसर पर कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे श्री कल्कि धाम निर्माण में सहभागी होने का अवसर मिला, मैं आचार्य प्रमोद कृष्णम जी का अत्यंत आभारी हूं जिन्होंने मुझे यहां आने का का अवसर दिया, मेरी भगवान श्री कल्कि नारायण से प्रार्थना है कि वो इस प्रदेश के कृषकों और कामगारों पर अपनी कृपा बनाए रखें। हम जल्द ही उत्तर प्रदेश में मंडल स्तर पर वैज्ञानिक कार्यों के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करने जा रहे हैं। श्री कल्कि धाम के विषय में उन्होंने कहा कि आचार्य प्रमोद कृष्णम जी का जो भी आदेश मुझे होगा वो शिरोधार्य होगा। शिला दान के पश्चात उपस्थित श्री कल्कि भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्री कल्कि धाम से हमारा संबंध बहुत पुराना है। स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह जी यहां कई बार आ चुके हैं, यहां आकर मैं स्वर्गीय चौधरी साहब की स्मृतियों को नमन करता

# दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड भंग, नया बोर्ड का हुआ गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा ने एक नया दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड का गठन करते हुए मौजूदा बोर्ड को भंग कर दिया गया है,इस नए बोर्ड का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए पूर्व में गठित मेडिकल बोर्ड को निरस्त करते हुए नए मेडिकल बोर्ड गठन की घोषणा की हैं। नए दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड में कौन-कौन चिकित्सक शामिल - दिव्यांगजन नए मेडिकल बोर्ड में ईएनटी सर्जन डॉ एमए सिद्दीकी जिला अस्पताल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ केपी यादव जिला अस्पताल, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ हरीश राजपूत, जिला अस्पताल,मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ नरवीर सिंह यादव राजकीय मेडिकल कॉलेज, बोर्ड में शामिल रहेंगे। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हिमांशु शेखर झा ने दिव्यांगजन बोर्ड के ईएनटी सर्जन डॉ एमए सिद्दीकी की कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए कहा डॉ सिद्दकी एक कुशल, योग्य, सक्षम चिकित्सक हैं जो दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड में पूर्व की तरह बने रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य आयुक्त दिव्यांगजन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर राज्य उपायुक्त दिव्यांगजन शैलेंद्र सोनकर, विधि अधिकारी उत्कृष्ट द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रामेश्वर मिश्रा, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ड्रोन उड़ाने के मामले को लेकर एसपीने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अनूपशहर। एसपी देहात डा.तेजवीर सिंह ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों के साथ वार्ता कर ड्रोन उड़ने की स्थिति को साफ करते हुए कहा कि लोग बिल्कुल भी भयभीत न हो।

बुधवार को कोतवाली परिसर में एसपी देहात डा.तेजवीर सिंह ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, सम्मानित नागरिकों के साथ बैठक लेकर स्पष्ट किया, कि ग्रामीण अंचल में रात के समय ड्रोन उड़ने को लेकर तरह-तरह की अफवाहें उड़ रही हैं। ड्रोन उड़ने की बात सही है। किंतु कोई साजिश नहीं है अपितु प्रदेश सरकार के सरकारी विभाग द्वारा सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इस सर्वेक्षण को करने के लिए ड्रोन के माध्यम से फोटोग्राफी कराई जा रही है। सरकारी तंत्र द्वारा यह स्पष्ट कर लिया गया है, कि अब रात्रि में ड्रोन को नहीं उड़ाया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को रात में ड्रोन उड़ता दिखाई दे तो वह संबंधित थानेदार को अवगत करा सकता है। गांव में सामूहिक रूप से लोग रात्रि में ना डोले। यदि कोई समस्या है तो एक स्थान पर बैठकर चर्चा करें या संबंधित थानेदार को सूचित करें। प्रशासन को सहयोग करना हर नागरिक का दायित्व है। यदि किसी प्रकार की समस्या है, तो उसकी तत्काल निस्तारण करने के लिए प्रशासन को अवगत कराकर सहयोग करें। ड्रोन उड़ने की अफवाहों पर कोई भी व्यक्ति ना ध्यान दे, ना परेशान हो। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी पंकज राय, प्रधान इंतजार अली, राय सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह राघव, सतेंद्र सिंह चौहान, पराग गर्ग, गोविंद अग्रवाल, प्रसून वार्ष्णेय प्रमोद कुमार मीणा, मानक राम आदि मौजूद रहे।

## निफ्ट रायबरेली में ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 का भव्य शुभारंभ

रायबरेली। निफ्ट रायबरेली में आज ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसमें पहले ही दिन 108 नवआगंतुक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ ऑनर श्री सुमित जैसवाल (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इन्फो एज ), निदेशक प्रोफ़ेसर डॉ. जोनाली डी. बाजपेई, संयुक्त निदेशक श्री अमितव चौधरी, कैंपस अकादमिक कोऑर्डिनेटर श्री प्रवीण श्रीवास्तव एवं सेंटर कोऑर्डिनेटर फाउंडेशन प्रोग्राम सुश्री प्रिया यादव की उपस्थिति रही। कैंपस अकादमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण श्रीवास्तव ने छात्रों व शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भविष्य की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संयुक्त निदेशक अमिताव चौधरी ने विद्यार्थियों को मिलने वाले नए अनुभवों की झलक प्रस्तुत की और कहा कि यह यात्रा ज्ञान, रचनात्मकता और नवाचार से भरी होगी।

# उपमुख्यमंत्री ने कल्कि धाम पहुंच कर पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से की भेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक अपने तयशुदा कार्यक्रमानुसार लगभग 1.45 पर श्री कल्कि धाम पहुंचे, श्री कल्कि धाम पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक संभल, अपर जिलाधिकारी संभल, मुख्य चिकित्साधिकारी संभल द्वारा बुके देकर उनका स्वागत किया गया, तत्पश्चात पुलिस गारद द्वारा उपमुख्यमंत्री को सलामी दी गयी, मुख्य द्वार पर श्री कल्कि धाम सेवा समिति द्वारा उपमुख्यमंत्री महोदय का स्वागत किया गया, इस स्वागत के क्रम में लगातार मंत्रोच्चार एवं शंखनाद भी किया गया, तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ने श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के कक्ष में उनसे वार्ता की, वार्ता के पश्चात श्री कल्कि पीठाधीश्वर एवं अन्य संतों के साथ उपमुख्यमंत्री महोदय ने निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के गर्भगृह में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पूजित कूर्म शिला के दर्शन किए। दर्शन के पश्चात उपमुख्यमंत्री महोदय ने श्री कल्कि धाम निर्माणार्थ शिला दान भी किया, इस अवसर पर भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंहल, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, भाजपा मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष आकाश पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, खिलेंद्र सिंह, महंत दीनानाथ, महामंडलेश्वर स्वामी हरमनोजदास जी आदि मौजूद थे।शिलादान के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री महोदय ने कहा कि हमने बचपन से ही सुना है कि श्री हरि विष्णु के दशम अवतार का अवतरण सम्भल में होना है, आज उस धरा पर आना मेरा सौभाग्य है, उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में हमने दो सबसे बड़ी घटनाएं होते हुए देखी हैं एक तो यह कि हमने अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर निर्माण होते हुए देखा है और दूसरी यह कि हम सम्भल में श्री कल्कि धाम का निर्माण होते देख रहे हैं। श्री कल्कि धाम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा हुआ हम सभी की यह भी कामना है कि इस धाम का लोकार्पण भी उन्हीं के करकमलों से हो, आचार्य प्रमोद कृष्णम जी ने श्री कल्कि धाम निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है इसके लिए मैं प्रदेश की 25 करोड़ जनता की तरफ से उनका आभार व्यक्त करता हूं। श्री कल्कि पीठाधीश्वर द्वारा श्री कल्कि धाम के नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के विस्तारीकरण के प्रस्ताव पर उन्होंने मुख्यचिकित्सा अधिकारी को निर्देश भी दिए। इसके बाद माननीय उपमुख्यमंत्री जी मुरादाबाद को रवाना हो गए।

# जिम्मेदारों की उदासीनता से वजीरगंज ब्लॉक मनरेगा में नहीं रुक रहा फर्जीवाड़ा

**ताजा मामला ग्राम पंचायत खानपुर,रायपुर,साहिबपुर,रायपुर और नौबस्ता ग्राम पंचायत में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टररोल अपलोड की जा रही है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। योगी सरकार भ्रष्टाचार को लेकर एक तरफ जहां जीरो टॉलरेंस की बात करती है,वहीं उनके मातहत अधिकारी सरकार के इस नीति को ठेंगा दिखाते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में जुटे हुए हैं इस लूट में सरकारी मशीनरी के अलावा कहीं न कहीं चुने हुए जनप्रतिनिधि भी बराबर के हिस्सेदार हैं।

मामला वजीरगंज ब्लॉ क के नयपुर गांव में इन दिनों मनरेगा योजना में डबल रोल का खेल करके धांधली की बात सामने आ रही है।वजीरगंज ब्लॉक में रोजाना कोई न कोई नया मामला भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत खान पुर,रायपुर,साहिबपुर,रायपुर और नौबस्ता ग्राम पंचायत में फर्जी फोटो लेकर कई मस्टररोल अपलोड की जा रही है। नयपुर गाँव में एक कार्य के लिए 107 मजदूर,और खानपुर में 123,रायपुर में 77 अशोकपुर गोपालपुर 97साहिबपुर में 58 श्रमिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।जहाँ अधिकारियों की उदा सीनता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यों का आंकलन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।कार्यस्थल पर जिस प्रकार से काम कराया जा रहा है।उसे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्रमिक दिनभर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।औसत बनाने के चक्कर में फर्जी मस्टररोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।वही रोजगार सेवक मनरेगा पोर्टल पर श्रमिकों की फर्जी फोटो को बार-बार अप लोड क़र फर्जी क़र फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।वही बड़ी हैरत कि बात यह है कि क्या कार्य का सत्यापन करने वाले जिम्मेदार अधि कारी डीसी मनरेगा एपीओ और तकनीकी सहायक आंख बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं।

## नवागत जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पदभार किए ग्रहण

गोरखपुर। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक मीणा ट्रेजरी पहुंच कर पदभार ग्रहण किए। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं परियोजनाओं को त्वरित गति से पूर्ण कराया जाएगा तथा नवसृजित परियोजनाओं के लिए जमीनों को उपलब्ध करा कर उसे भी पूर्ण कराया जाएगा जनपद के कार्यालयो में पहुंचने वाले हर फरियादी को न्याय संगत न्याय दिलाने का काम किया जायेगा न्यायालयो में लम्बित वादों का निस्तारण अधिवक्ताओं से सामंजस्य बैठा कर निस्तारित करने का काम किया जायेगा मुख्यमंत्री पोर्टल पर आए हुए प्रार्थना पत्र को समयबद्ध तरीके से निस्तारित कर न्याय संगत न्याय फरियादियों को देने का काम किया जायेगा बीटेक दीपक मीणा मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले अधिकारी प्रतिदिन अपने कार्यालय समय से पहुंचने वाले अधिकारियों में जाने जाते है 15 जुलाई 1986 को जन्मे दीपक मेरठ सिद्धार्थनगर श्रावस्ती गाजियाबाद के जिलाधिकारी रह चुके है इसके पहले आगरा सहारनपुर, मैनपुरी और अलीगढ़ में अपने पदों का निर्वहन कर चुकेदीपक मीणा आईआईटी खड़गपुर से पढ़े हैं उन्होंने यहां से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की है अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वह टाटा स्टील में नौकरी करने लगे थे।

## अवैध साखू की लकड़ी से लदी बोलेरो पिकअप के साथ दो गिरफतार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्रा धिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल के नेतृत्व में थाना कोतवाली मनकापुर व वन वि भाग की संयुक्त टीम की कार्यवाही के दौरान अवैध साखू की लकड़ी से लदी बोलेरों पिकअ प वाहन के साथ दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही में चोरी की गई जंगली साखू की लकड़ी से लदी एक बोलेरो पिकअप वाहन को ग्राम चमरौटी के पास पकड़कर दो अभियु क्तों आशीष सिंह पुत्र अद्या बक्श सिंह एवं उत्त म गिरि पुत्र बजरंग गिरि को मौके से गिरफ्तार किया गया।वाहन से कुल 12 नग जंगली साखू की लकड़ी बरामद की गई, जिसे अभियुक्तों ने अन्य चार व्यक्तियों के साथ मिलकर रेहरा बा जार वन रेंज से अवैध रूप से काटकर पानी में छिपाया था तथा सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे थे,उन लोगों को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया है।

# कागजों तक सिमटा संचारी रोग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शासन की ओर से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान कागजों पर सिमट कर रह गया है।जनपद में 11 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था।विभाग का दावा है कि अभियान के अंतर्गत गांव से लेकर शहर तक मच्छररोधी दवा का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की जांच कर रही हैं।जबकि हकी कत दावे के बिल्कुल विपरीत है।धरातल पर अभियान कुछ ही जगहों पर दिख रही है।बाकी जगहों पर इसकी कहीं कोई उपस्थिति नहीं है। गांवों में कहीं पर भी मच्छररोधी दवा का छिड़ काव नहीं किया जा रहा है।शाम ढलने के बाद लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं।शहर से लेकर गांव तक नाली गंदी पड़ी है शहर से सटे हुए ग्रामीण क्षेत्र जानकी नगर में सड़क के कि नारे कई जगहों पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है।सड़क किनारे दुर्गंध फैल रही है।जनपद में सं चारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान को कई विभागों के समन्वय से चलाना है।इसमें स्वास्थ्य और ग्राम पंचायत विभाग,नगर पालि का और नगर पंचायत की अहम भूमिका है। ग्राम पंचायत विभाग की ओर से जलभराव वाली जगह की सफाई के साथ उसे ढंकना भी है,वहीं जनपद के अनेक गांवों में जो भी हैंडपंप गंदा पानी दे रहा है,उसको भी लाल निशान से मार्क पर लोगों को उस हैंडपंप से पानी नहीं पी ने के लिए भी कहना है।संभव होने पर ग्राम प्र धान की मदद से उसका रिबोर कराना है।वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच साल के तक के बच्चों को ओआरएस का पैकेट बांटने के सा थ जो भी बुखार के मरीज हैं,उन्हें चिहृित कर सभी के खून की जांच का भी निर्देश दिया गया है।लेकिन इस अभियान के आगाज के बाद से यह कागजों में ही सिमट कर रह गया है।सभी विभाग के लोग सिर्फ कोरम पूरा करने में ही लगे हैं।आलम यह है कि शहर से लेकर गांव तक नाली गंदी पड़ी हुई है, मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है।स्वास्थ्य विभाग की दावा है कि लार्वासाइड के छिड़काव के लिए सभी ब्लॉक और सीएचसी पर दवा उपलब्ध कराई गई है। आवश्यकता के अनुसार इसका कहीं पर भी छिड़काव कराया जा सकता है। लेकिन सब सि र्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह गया है।

## खाटू श्याम जी की भव्य शोभायात्रा, प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न

गोरखपुर । नगर पंचायत घघसरा बाजार में नवनिर्मित खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम जी की मूर्ति स्थापना के पूर्व मूर्ति मिलन शोभायात्रा का आयोजन



बुधवार को बड़े धूमधाम से किया गया। डीजे-बाजे, सजे-धजे घोड़ों और श्रद्धालुओं की टोलियों के साथ यह यात्रा भक्तिरस से सराबोर रही।बाबा श्याम की शोभायात्रा की शुरुआत दुर्गा मंदिर से हुई, जो मुख्य बाजार होते हुए जयराज नगर, जेठू नगर और अन्य मार्गों से गुजरती हुई संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु, महिलाएं और युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए। डीजे की धुनों पर नाचते भक्तों और घोड़ों पर सवार बाल भक्तों ने लोगों का ध्यान खींचा।महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश रखकर जयकारों के साथ यात्रा की शोभा बढ़ाई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बाबा श्याम का स्वागत किया।

# किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**परिजनों का गंभीर आरोप मंदिर के पास मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के असहास गांव में एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान 30 वर्षीय संतोष कुमार के रूप में हुई है। उनका शव गांव से करीब 100 मीटर दूर मंदिर के पास स्थित हैंडपंप के पास पड़ा मिला। संतोष खेतीबाड़ी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी सुमन और दो बच्चे - 9 वर्षीय खुशबू और ढाई वर्षीय पुष्प हैं। परिवार के अनुसार, संतोष बीती रात खेत से घर लौटे थे। लेकिन सुबह उनका शव गांव के बाहर मिला।परिजनों ने संतोष की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि संतोष का गांव के ही कुछ लोगों से पुराना विवाद था। इसी विवाद के कारण यह घटना हुई हो सकती है। परिजनों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही बेहटा मुजावर थाना प्रभारी मुन्ना कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्रित किए। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा। ग्रामीणों के अनुसार, संतोष मिलनसार स्वभाव के थे और अपनी खेती में व्यस्त रहते थे। उनकी अचानक मौत से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा कि संतोष की मौत हत्या है या किसी अन्य कारण से हुई। पुलिस का कहना है कि यदि हत्या की पुष्टि होती है, तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।**

# फर्जी आय प्रमाण पत्र पर आंगनबाड़ी के चयन की मंडलायुक्त से शिकायत,सीडीओ को जांच

**शिकायत पर गंभीर रुख अपनाते हुए मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मुख्य विकास अधिकारी को स्वयं जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। विकास खंड पण्ड़री कृपाल के सालपुर सेमरा गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री की नियु क्ति में फर्जीवाड़े का आरोप सामने आया है। विनीता यादव नाम की महिला ने मंडलायुक्त से मिलकर आरोप लगाया कि अर्चना वर्मा ने फ र्जी आय प्रमाण पत्र के आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। शि कायतकर्ता विनीता यादव ने इस संबंध में मंड लायुक्त कार्यालय में शिकायत पत्र प्रस्तुत किया और मांग की कि मामले की जांच कराकर दो षी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

शिकायत पर गंभीर रुख अपनाते हुए मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मुख्य विकास अधिकारी को स्वयं जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। शिकायत में कहा गया है कि अर्चना वर्मा, निवासी सालपुर सेमरा, ने चयन प्रक्रिया में त्रुटिपूर्ण आय प्रमाण पत्र का उपयोग किया। इसके आधार पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर उनका चयन किया गया, जबकि शासनादेश के मुताबिक दस्तावेजों में गड़बड़ी पाए जाने पर नियुक्ति निरस्त की जानी चाहिए और मेरिट के आधार पर पात्र अभ्यर्थी को अवसर मिलना चाहिए। शिकायतकर्ता विनीता यादव ने पहले 18 मई 2025 को भी लिखित शिकायत की थी,लेकिन पर्याप्त समय बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने दोबारा मंडलायुक्त से मिलकर शिकायत की।अब पूरे मामले की जांच सीडीओ गोंडा द्वारा की जाएगी।

## खाद की अधिक विक्रेताओं की भी जा रही है प्रतिदिन जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। कृषि अधिकारी शशांक द्वारा जनपद मैं अधिक खाद बिक्री करने वाले विक्रेताओं की प्रतिदिन जांच की जा रही है ऐसे सभी विक्रेता जो अनियमित बिक्री बिना कृषक की खतौनी/भूमि के अनुसार संस्तुत मात्रा के हिसाब से बिक्री नहीं कर रहे हैं ऐसे समस्त विक्रेताओं के कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शासन द्वारा नामित अधिकारियों द्वारा द्वारा भी अधिक बिक्री करने वाले विक्रेताओं की जांच की जा रही है। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत विधि कार्रवाई की जाएगी। जिला कृषि अधिकारी द्वारा समस्त विक्रेता को निर्देशित किया गया है कि नियम अनुसार ही उर्वरक की बिक्री संस्तुत मात्रा एवं कृषक के भूमि के अनुसार ही करें न तथा किसानों के अभिलेख जैसे आधार व खतौनी अपने पास अवश्य रखें। ऐसा न किए जाने की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# जरा सी बारिश से जवाब दे गई व्यवस्था,ब्रेकडाउन से कई घंटे बिजली गुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गुलनसीराबाद, रायबरेली। बरसात का सीजन चल रहा है।जहां जरा सी बारिश की बूंदे पड़ते ही टाउन और देहात क्षेत्र में आपूर्ति आए दिन प्रभावित हो रही है। इससे जहां कई घंटे बिजली का संकट बना रहता है।वहीं बारिश के मौसम उमश भरी गर्मी में लोग लोग अंधेरे में जीवन गुजारने को विवश है।जर्जर लाइन और ट्रांसफार्मरों की ओवरलोडिंग के चलते आगामी आने वाले त्यौहारों पर रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। खास बात यह है कि शासन स्तर पर भी यह आदेश हैं कि रात के समय उपभोक्ताओं को पूरी बिजली दी जाए। अब त्योहारी सीजन चल रहा है।मगर इससे पहले व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई हैं।इंसेट - यह हैं हालातछतोह में बुधवार की दोपहर बारिश के कारण छतोह सब स्टेशन से जुड़ी 33 केवी की लाइन में खराबी आने से लाइन में ब्रेक डाउन हो गया है। इससे ,कई घंटे बिजली गायब रही। बिजली न होने से सबमर्सिबल नहीं चल सके। लोग उमश और गर्मी में काफी परेशान रहे।बारिश के कारण आपूर्ति पर असर पड़ा। इस कारण कई घंटे बिजली गायब रही है। बिजली न होने से ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि जरा सी बूंद पड़ने पर लाइन ब्रेकडाउन होने के चलते बिजली गुल हो जाती है।इंसेट - जर्जर लाइन और ओवरलोड ट्रांसफार्मरों से झेल रहे अनावश्यक कटौती टाउन नसीराबाद और ग्रामीण देहात क्षेत्र में अनावश्यक बिजली कटौती के लिए जर्जर लाइन और ओवरलोड ट्रांसफार्मर है। जहां आने वाले त्यौहारों में रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति किसी मुश्किल से कम नही है।जर्जर लाइन के कारण आए दिन लोकल फाल्ट अधिक हो रहें है।वहीं ट्रांसफार्मरों की क्षमता नही बढ़ाई गई है।जिससे आधी आबादी लो बोल्टेज की समस्या से जूझ रही है। शासन स्तर पर यह आदेश है कि रात के समय उपभोक्ताओं को पूरी बिजली दी जाए।अब त्यौहारी सीजन चल रहा है।इससे पहले व्यवस्था दुरूस्त नही की जिससे आने वाले त्यौहारों रक्षाबंधन,दीपावली आदि में उपभोक्ताओं को बिजली संकट से जूझना पड़ सकता है।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ एक बदमाश के पैर में लगी गोली



गोंडा। जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पकड़े गए बदमाशों के पास से एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल सोने-चांदी के जेवरात से भरा बैग,18 हजार500 सौ रुपये नकद, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस और एसओजी की टीम कर्नलगंज क्षेत्र में सक्रिय थी।इस दौरान दो संदिग्ध बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भागने लगे।पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लग गई।और वह गिर पड़ा, जबकि दूसरे को मौके से दबोच लिया गया।घायल बदमाश को तत्का ल सीएचसी पहुंचाया गया।जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।गिरफ्तार दोनों बदमाशों के खिलाफ पहले से भी कई आपरा धिक मामले दर्ज हैं।

## सीमा तस्करी पर सख्ती: एसएसबी ने 17 बोरी खाद और 3 साइकिलें की जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने की दिशा में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा निरंतर सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में 59वीं वाहिनी एसएसबी की बलाईगांव सीमा चौकी के गश्ती दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 बोरी खाद और 3 साइकिलें जब्त कीं।एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक कमल शाह के नेतृत्व में सीमा स्तंभ संख्या 676 के निकट पेट्रोलिंग कर रही टीम ने नेपाल की ओर सामान ले जा रहे तीन साइकिल सवारों को देखा। गश्ती दल को देखकर संदिग्ध तस्कर साइकिल और खाद की बोरियां छोड़कर नेपाल की ओर भाग निकले।मौके पर पहुंचे एसएसबी जवानों ने सभी साइकिलों और खाद की बोरियों को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके उपरांत पूरे मामले की सूचना कृषि विभाग को दी गई। जिला कृषि अधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची और जब्त खाद को आगे की विधिक प्रक्रिया हेतु अपने कब्जे में ले लिया।एसएसबी की यह कार्रवाई न सिर्फ सीमा पर हो रही तस्करी पर अंकुश लगाने में सहायक है, बल्कि दोनों देशों के बीच अवैध गतिविधियों को रोकने की दिशा में एक अहम कदम भी है। अधिकारियों का कहना है कि सीमा क्षेत्र में इस प्रकार की गश्त और निगरानी लगातार जारी रहेगी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नाग पंचमी का पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में नाग पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने शिव पूजा करी, तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये, जिनमें मुख्य रुप से छात्र व छात्राएं काजेश, अर्चिता, अनन्या, नित्या, शैली, अमृता, कृति, आराध्या अंशिका आदि ने मन मोह लिया। आपको बता दें कि, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम सभी को नाग पंचमी की शुभकामनाएं दी, और बताया कि, नाग पंचमी का त्यौहार पूरे भारत में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नाग हमारे पर्यावरण का अहम हिस्सा है। नागों को धारण करने वाले भगवान शिव की पूजा - आराधना करना भी इस दिन विशेष रूप से शुभ माना जाता है । इस अवसर पर विद्यालय की उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव व समस्त शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। मियागंज ब्लॉक संसाधन केंद्र में अभिभावकों को शिक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।उन्नाव मियागंज खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार की देखरेख में ब्लॉक संसाधन केंद्र मियागंज सभागार में पेरेंट्स काउंसलिंग कराई गई,जिसमें 50 से अधिक अभिभावकों एवं दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांग बच्चों में नए जोश व उत्साह के साथ शिक्षा के प्रति रूझान पैदा करने के लिए काउंसलिंग में अभिभावकों से अपील की गई की सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय भेजा जाए, उन्हें भी शिक्षा का उतना ही अधिकार है जितना कि एक सामान्य बच्चे को प्राप्त है। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर रमेश चंद्र, अवधेश एवं हेमलता द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान करा कर उनके सुरक्षित विकास और विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे मेडिकल असेसमेंट उपकरण, मापन उपकरण, स्कॉर्ट अलाउंस वितरण एवं स्टाइपेंड तथा वर्कबुक आदि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया गया।

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।विकास खण्ड बरखेड़ा में ब्लॉक प्रमुख रामदेवी की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया गई ततपश्चात ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित किये जाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के कन्या सुमंगला योजना,बाल सेवा योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन पीलीभीत से केस वर्कर शिवम शर्मा द्वारा बाल विवाह करने के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु की से कम की बलिका एवं 21 वर्ष की आयु से कम आयु के बालक का विवाह करना कानूनी अपराध है।यदि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष की कम आयु के लड़के का विवाह हो रहा हो तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। इसी क्रम में संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की पूर्ण प्रकिया बताई। स्वास्थ्य विभाग से एमओआईसी द्वारा उपस्थित ऑगनवाडी कार्यकत्रियों को पोषण सम्बंधित जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी मूर्ति देवी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वास्थ्य सुरक्षा एवं बच्चों के पोषण के बारे मे जानकारी दी गई।ब्लॉक प्रमुख द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया गया कि वह अपने कार्यों के साथ साथ ग्राम चौपाल,जागरूकता कार्यक्रम कराएं जिससे सभी लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके साथ ही कहा कि ग्राम स्तर पर बच्चों एवं महिलाओं से सम्बंधित योजनाओं में ग्रामीणों के अधिक से अधिक आवेदन करवाएं। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर अभिषेक शुक्ला,समाजिक कार्यकर्ता कर्मा राव एवं समिति के सभी मेम्बर एवं ऑगनवाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं हैं।

# डीएम ने जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, आरएडी योजना, पीएमकेएसवाई योजना की समीक्षा किया एवं जिला भूमि संरक्षण अधिकारी से उपरोक्त योजनाओं में अब तक हुई प्रगति के संबंध में जानकारी ली, जिस पर जिला भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना का संचालित की गई है जिसके अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में जनपद अमेठी को पचास खेत तालाब का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष अब तक बारह लाभार्थियों द्वारा बुकिंग की जा चुकी है, इस योजना के तहत कुल लागत का पचास प्रतिशत डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी के खाते में धनराशि भेजी जाती है जिसमें पचहत्तर प्रतिशत पचहत्तर प्रतिशत कच्चा कार्य पूर्ण होने पर तथा पच्चीस फीसदी की धनराशि कार्य पूर्ण होने पर दी जाती है। इस योजना के तहत किसान अपने खेत में तालाब खुदवा कर जहां वर्षा जल संरक्षित कर सिंचाई हेतु प्रयोग कर सकते हैं वहीं मछली पालन एवं जलीय खेती द्वारा रोजगार भी कर सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना का किसानों के मध्य व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना का किसानों के मध्य जाकर उन्हें इसके लाभ के बारे में बताएं जिससे जनपद के अधिक से अधिक किसान अपने खेतों में तालाब खुदवा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें, साथ ही अन्य योजनाओं का भी प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा सांसद के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी भड़के सपा के प्रदेश सचिव कार्रवाई करने की करी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।समाजवादी पार्टी ने भाजपा समर्थित एक मौलाना द्वारा सपा सांसद डिम्पल यादव पर की गई अभद्र टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। पार्टी के प्रदेश सचिव फारूक अहमद क़ादरी ने कहा कि इस तरह की टिप्पणी महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। और यह भाजपा की दोहरी नीति को भी उजागर करती है। उन्होंने कहा कि संसद में महिला सम्मान के मुद्दे पर प्रदर्शन करने वाली भाजपा मणिपुर और बिल्किस बानो जैसे मामलों में चुप रहती है।समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव फारूक क़ादरी ने डिम्पल यादव को एक सशक्त और शिक्षित महिला बताया, जो भारतीय राजनीति में सहजता और गरिमा का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि आज डिम्पल यादव के साथ खड़ा होना बदलाव की राजनीति के साथ खड़ा होना है। पार्टी ने मांग की है कि ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और उनका सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए, क्योंकि वे किसी भी महिला पर ऐसी टिप्पणी करने के अधिकृत नहीं हैं। यह घटना समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर गंभीर चिंता पैदा करती है।

# ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बिही-निदुरा ग्राम पंचायत में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण 29 जुलाई से 30 जुलाई राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र सुल्तानपुर के आयोजन में प्रभारी अलगू राम के नेतृत्व में महिला पुरुष को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में आचार बनाने की विधि बताई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्रीपाल पासी ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से खास कर ग्रामीण स्तर की महिलाओं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। प्रशिक्षण सागर प्रसाद वर्मा ने दिया। विशेषज्ञ डॉ प्रेम नाथ प्रेम ने बताया कि आत्म निर्भर बनने के लिए यह एक सरकार का एक महत्वपूर्ण प्रयास है,प्रशिक्षण सर्टिफिकेट मिलने के बाद सरकार इस पर समूह के माध्यम से अनुदान भी देती है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले में शशिबाला व अफ़रोज़ ने बताया कि आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकार का सुखद प्रयास है।

## श्रमजीवी एक्सप्रेस से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

अमेठी,थाना जगदीशपुर क्षेत्र के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के बगल में एक शव मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद युवक की पहचान बिहार के भोजपुरी जनपद के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के के पास बुधवार की सुबह ट्रेन की पटरी के बगल में झाड़ियों में एक अज्ञात शव लोगों को दिखाई पड़ा तो पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त में जुट गई। मृतक युवक की जेब से निकली पर्ची पर जब पुलिस ने फोन किया तब युवक की शिनाख्त हो पाई।युवक की शिनाख्त विश्वजीत पुत्र जयप्रकाश निवासी जनपद भोजपुर बिहार के रूप में हुई है। विश्वजीत अपनी मूक बधिर बहन का इलाज कराने पीजीआई लखनऊ गया हुआ था।

## सीएमओ साहब विभागीय ग्रुप की गोपनीयता भंग करने वाले कर्मचारी के खिलाफ कब होगी जांच

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रत्येक रविवार को सभी पीएचसी पर जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। स्वास्थ्य कर्मी विभाग द्वारा बनाए गए ग्रुप पर फोटो अपलोड करते हैं। महिला स्वास्थ्य कर्मी द्वारा फोटो अपलोड करने के बाद एक स्वास्थ्य कर्मी ने महिला कर्मचारी के उस फोटो पर अभद्र टिप्पणी की जिस पर विभाग ने तत्काल संज्ञान लेकर उसके खिलाफ नोटिस जारी कर दिया विभाग के ग्रुप की गोपनीयता को सार्वजनिक करने वाले के खिलाफ अभी तक किसी प्रकार का कोई नोटिस या जांच नहीं की गई यह एक अपने आप में सवाल है ? स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाया गया विभागीय ग्रुप पर फोटो अपलोड करने के बाद स्वास्थ्य कर्मी द्वारा महिला कर्मचारी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ नोटिस जारी कर जांच कमेटी बना दी गई हैं। लेकिन विभाग के ग्रुप की गोपनीयता भंग करने वाले कर्मचारी के खिलाफ कब होगी जांच ? विभागीय ग्रुप की गोपनीयता भंग करने वाले कर्मचारी के खिलाफ जांच की प्रक्रिया अभी तक क्यों नहीं की गई है ? नोटिस क्यों जारी नहीं किया गया ? स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए विभागीय ग्रुप में फोटो अपलोड करने और महिला कर्मचारी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ जांच समिति गठित की गई है। अब देखना यह है कि विभागीय ग्रुप की गोपनीयता भंग करने वाले कर्मचारी के खिलाफ कब तक जांच शुरू होती है ? और क्या कार्रवाई की जाती है।विभागीय गोपनीयता भंग करने के मामलों में अक्सर जांच समिति का गठन किया जाता है और दोषी पाए जाने पर कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। जैसे कि निलंबन या अन्य दंड। यह सुनिश्चित करने के लिए कि विभागीय गोपनीयता बनी रहे।ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई कर्मचारी विभागीय गोपनीयता को भंग ना कर सके।

## सभासद पति ने नगर पालिका के जेई को जान से मारने की दी धमकी पुलिस से की शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पालिका के कार्य जेई सतेंद्र नाथ देख रहे हैं।29 जुलाई को सभासद के पति शिवली अहमद ने नगर पालिका कार्यालय में आकर जेई से अभद्रता करते हुए गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए नगर में दिखाई देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी है।जेई ने जब इसका विरोध किया तो गाली गलौज और मारपीट को उतारू हो गए। जेई ने कोतवाली पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। जेई के साथ की गई अभद्रता से नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों में रोष दिखाई दे रहा हैं।

## बन्द घरों को निशाना बनाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना माधोटांडा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की जब पूरे क्षेत्र मे ड्रोन वाले चोर की अफवाह फैली हुई थी उसी बीच इंस्पेक्टर अशोक पाल के कुशल नेतृत्व मे जमुनिया पुलिस ने बन्द घरो को निशाना बनाने वाला शातिर चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी के मोबाइल,सोने, चांदी के जेवरात बरामद किये गये ग्राम जमुनिया खास निवासी गंगाराम उर्फ बनवारी पुत्र छोटे लाल को गिरफ्तार किया गया गंगाराम शातिर अपराधी है। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच मोबाइल फोन, एक टैबलेट, तीन चांदी की पायल, एक चांदी की गले की चैन, एक चांदी की अंगूठी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना माधोटांडा, बरखेड़ा व थाना हजारा में पूर्व से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी आए दिन बंद दुकानों और घरों की रेकी कर चोरी करता था और घटनाओं को अंजाम देने के बाद हिमाचल प्रदेश चला जाता था। कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है

## दिव्यांग को नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ डीएम से लगाई गुहार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी दिव्यांग सुनील कुमार पात्र होने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड से वंचित है। वुधवार सुबह करीब 11 बजे सुनील कुमार ने बताया कि वह वर्षों से कच्चे घर में रहकर गुजर-बसर कर रहा है। खासतौर पर बरसात के मौसम में उसे बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सुनील कुमार का कहना है कि वह कई बार तहसील में प्रधानमंत्री आवास योजना और राशन कार्ड बनवाने के लिए शिकायत कर चुका है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। उसने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन समाधान नहीं हो सका।आखिरकार थक-हार कर दिव्यांग युवक ने जिलाधिकारी से शिकायत कर अपना दुखड़ा सुनाया और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने तथा जल्द से जल्द राशन कार्ड जारी करवाने की मांग की है। सुनील की मांग है कि प्रशासन उसकी पात्रता की जांच कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराए ताकि वह भी सम्मानजनक जीवन जी सके।

## हिंदू संगठन ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर कराया जलपान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जटपुरा से गोला गोकर्णनाथ कांवड़ लेकर जा रहे कांवड़ियां का वुधवार दोपहर लगभग दो बजे पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया और सभी श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। इस मौके पर ठाकुर शिवम भदौरिया, राहुल अवस्थी, मानवेंद्र सिंह चौहान, वरुण चौहान, कपिल गुप्ता, राजेश सिंह, राहुल गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, योगेश शुक्ला, आजाद गुप्ता, आदेश गुप्ता सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## अलग-अलग सड़क हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल अस्पताल में भर्ती

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला रजागंज निवासी अयान और ढका निवासी अशाहव वुधवार दोपहर लगभग 3:30 पर बाइक से जा रहे थे। तभी ई रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। वहीं दूसरे हादसों में सिमरिया निवासी रामनिवास, नारायणपुर निवासी विवेक सिंह, संडई निवासी मुकेश, शेरपुर निवासी बृजेश, पड़रिया निवासी गौतम सिंह और कढेर चौरा निवासी रामसिवान घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सत्यनिष्ठा से संवैधानिक कर्तव्यों का पालन के लिए मोस्ट करेगा सत्याग्रह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कंपोजिट विद्यालय समरथपुर में कार्यरत शिक्षक ओम प्रकाश की नाक रगड़वाने आदि अमानवीय व्यवहार के विरोध में मोस्ट की कोर कमेटी ने सत्याग्रह का निर्णय लिया है। संस्थान ने आरोप लगाया है कि शिक्षक ओम प्रकाश को असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन नाक रगड़वाया गया, जो कि यह निंदनीय और अपमानजनक कृत्य है। इस घटना से शिक्षक समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरे समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो गया है। मोस्ट ने इस अमानवीय कृत्य के विरोध में बीते 24 जुलाई को जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा था, जिसमें मांग की गई थी कि पीड़ित शिक्षक ओम प्रकाश को तत्काल बहाल किया जाए एवं उनकी तैनाती किसी अन्य विकासखंड में की जाए तथा अमानवीय कृत्य करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नेचुरल जस्टिस एवं दोहरी सजा से बचने की प्रक्रिया से अवगत कराया जाए व शिक्षकों में कानून के प्रति विश्वास बहाल करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। संस्थान का आरोप है कि उपरोक्त मांगों के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जिससे क्षुब्ध होकर वरिष्ठ मोस्ट पदाधिकारियों की मीटिंग में रिटायर्ड नेवी ऑफिसर राम उजागिर यादव, से.नि. शिक्षक डॉ. कमालुद्दीन, से.नि. वरिष्ठ लिपिक रज्जन प्रसाद के नेतृत्व मोस्ट के लोग जिला प्रशासन सुलतानपुर के समक्ष आगामी 12 अगस्त से सत्याग्रह का ऐलान किया है। मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद ने कहा कि शिक्षकों की गरिमा पर हमला लोकतंत्र और समाज के भविष्य पर हमला है।

जिला प्रशासन को स्वतंत्र-निष्पक्ष, सत्यनिष्ठा से संवैधानिक कर्तव्यों का पालन कराने के लिए मोस्ट के लोग सत्याग्रह करेंगे। उक्त अवसर पर मोस्ट जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, कैप्टन मोस्ट रक्षक दल रोहित निषाद, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र निषाद निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक लापरवाही के चलते वर्षों से पैमाइश के लिए भटक रहा किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील बल्दीराय क्षेत्र में प्रशासनिक उदासीनता और राजस्व विभाग की लापरवाही के चलते किसान पिछले पांच वर्षों से अपनी जमीन की पैमाइश के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे किसान निराश और परेशान है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुखबडेरी निवासी किसान चिंतामणि पांडेय ने वर्ष 2020 में तहसील बल्दीराय में धारा 24 के अंतर्गत आवेदन कर अपनी भूमि की पैमाइश करवाने की मांग की थी। उन्होंने बताया कि बार-बार तहसील के चक्कर लगाने के बाद उन्हें पैमाइश का आदेश तो मिल गया, लेकिन राजस्व विभाग के कर्मचारियों की उदासीनता के कारण आज तक जमीन की पैमाइश नहीं हो सकी।

किसान का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार शिकायत की और अंततः जिलाधिकारी से भी गुहार लगाई। जिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारी फाइलों को टालते रहे और कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि तहसील में धारा 24 से संबंधित कई प्रकरण वर्षों से लंबित पड़े हैं, लेकिन राजस्व विभाग की लचर व्यवस्था के कारण इन पर समय से निर्णय नहीं हो पा रहा। इनसेट -

ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि बल्दीराय तहसील में भ्रष्टाचार और लापरवाही की स्थिति गंभीर है। छोटे किसानों को न्याय पाने के लिए सालों इंतजार करना पड़ता है। चिंतामणि पांडेय ने मांग की है कि जिलाधिकारी स्वयं इस प्रकरण की समीक्षा करें और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द उनकी जमीन की पैमाइश कराई जाए।

## लाखों की हुई चोरी की घटना का पूरनपुर पुलिस ने किया खुलासा

पूरनपुर।कुछ दिन पूर्व रात में दीवार फांदकर मुजफ्फरनगर गांव के एक फॉर्मर के घर एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था।पड़ोस के गांव के धर्मापुर का रहने वाले राजू व गुलड़िया भूपसिंह का रहने वाला जसपाल सिंह व उनके दो साथी छत्रपाल, अरविन्द ने ही फार्मर के घर लाखों के जेवर और नगदी चोरी की घटना को अंजाम दिया था फॉर्मर ने दो पर शक गहराया था। दो पर शक गहराने के कई सबूत भी मिले पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की शातिरों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। दोनों को जेल भेज दिया गया है। 25 जुलाई कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी रणजीत सिंह उनके पुत्र अजय पाल, युद्धवीर के अलावा परिवार के अन्य लोग खाना खाने के बाद प्रथम तल पर चोरों से घर की निगरानी कर रहे थे।इसी बीच दीवार फांदकर चोर घर में घुस आए। इसी बीच बिजली भी चली गई।चोरो ने कमरे में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर 6 सोने की अंगूठी, 5 सोने की चैन, 4 कंगन, एक कड़ा जेंट्स सहित 20 तोला सोना चोरी कर लिया था।

## अमेठी में कांग्रेस संगठन सृजन समीक्षा बैठक आयोजित की गई

# कार्यकर्ता की मजबूती के बगैर कोई भी लड़ाई नही जीती जा सकती है : भगवती प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी,राजीव गांधी सभागार गौरीगंज में बुधवार को कांग्रेस पार्टी अमेठी की संगठन सृजन समीक्षा बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रयाग जोन के जोनल कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने की। बैठक का उददेश्य संगठन की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करना, कार्यकर्ताओं के सुझाव लेना तथा बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती सुनिश्चित करना रहा। उक्त बैठक में जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत एवं बूथ स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि संगठन का आधार कार्यकर्ता होता है और जब तक कार्यकर्ता मजबूत नहीं होगा तब तक कोई भी लड़ाई नही जीती जा सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी का कायाकल्प हो रहा है और संगठनात्मक मजबूती उसका केंद्र बिंदु है। उन्होंने कहा कि अमेठी की धरती कांग्रेस की कर्मभूमि रही है यहां का हर कार्यकर्ता पार्टी के लिये समर्पित है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आगामी चुनावों की तैयारी अभी से शुरू करें।बैठक में प्रमुख रूप से अमेठी जिला कांग्रेस अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एन एस यू आई तथा सेवादल के प्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी निभाई और संगठन की जमीनी समस्याओं पर चर्चा की।ब्लॉकवार समीक्षा के दौरान कई स्थानों पर संगठनात्मक रिक्तियों की जानकारी दी गई जिस पर त्वरित नियुक्तियों हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। पूर्व विधायक चौधरी ने कहा कि आने वाले समय में हर ब्लॉक, न्याय पंचायत और बूथ पर नियमित बैठकें होंगी जिससे संगठन मजबूत हो सके।उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क, जनचौपाल और सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा इस देश की आत्मा है, और उसे गांव गांव तक ले जाने का संकल्प हमें लेना होगा। संचालन शत्रुधन सिंह ने किया। बैठक में अमेठी संगठन प्रभारी फरहान वारसी,परमानंद मिश्र, अनिल सिंह, मनीषा चौहान,रामदत्त यादव, मोहम्मद मतीन,अनुराग सिंह,शकील इदरीसी,ममता पाण्डेय,किरन देवी, सवीना,रमा कांती,श्रद्धा सिंह,धर्मराज बहेलिया,वीरेंद्र मिश्र,तुलसी राम पासी,अरविन्द चतुर्वेदी, अजहरुल हक, राजीव लोचन तिवारी,अशोक शुक्ला, फिरोज आलम, सर्वेश सिंह,आई पी माली उपस्थित रहे।

## अमेठी पुलिस ने यूपी में प्रथम स्थान किया हासिल

अमेठी । सीसीटीएनएस रैंकिंग माह जून में जनपद अमेठी को शत प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम में पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा माह जून हेतु दिनांक उनतीस जुलाई को जारी की गयी रैंकिंग में जनपद अमेठी पुलिस को एक सौ प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

## सूचना

मैने अपना नाम NINDERJEET KAUR से बदलकर NINDER JEET KAUR कर लिया है। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
निंदर जीत सिंह पत्नी दलजीत सिंह निवासी पिपरिया मझरा तहसील पूरनपुर, जिला पीलीभीत।

# आतंकवाद पर भारत की निर्णायक कार्रवाई

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकियों के खिलाफ चलाया गया ताजा अभियान 'ऑपरेशन महादेव' एक बार फिर यह रेखांकित करता है कि भारत अपने एक भी आतंकवादी दुश्मन को नहीं छोड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में इस अभियान के अंतर्गत उन तीन आतंकियों को मार दिया, जिन्होंने पहलगाम में हुए नरसंहार से भारत की आत्मा को छलनी करने की हिम्मत की थी। वस्तुतः यह मुठभेड़ ऐसे समय में हुई है जब देश में 'ऑपरेशन सिंदूर' की गूंज बनी हुई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इनमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के प्रशिक्षण शिविर शामिल थे। भारत सरकार की ओर से बताया भी गया, कैसे इस अभियान में 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया और पाकिस्तान के 11 हवाई ठिकानों को भी तबाह किया गया था। वास्तव में 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए नृशंस हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों को केवल उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया गया, जो इस्लामिक कलमा नहीं पढ़ पाए उन्हें गोलियों से भून दिया गया। तब यह जरूरी भी था कि आतंक का जवाब उसी भाषा में दिया जाए जिसे ये आतंकवादी समझते हैं, ताकि फिर ये सिर उठाने की हिम्मत करने के पहले कई बार सोचें जरूर कि इसका अंजाम क्या होगा! इस संदर्भ में वस्तुतः भारत की हालिया कार्रवाइयाँ यह दर्शाती हैं कि वह अब न तो आतंकी हमलों को 'स्थानीय घटनाएँ' मानकर टाल रहा है, और न ही कूटनीतिक औपचारिकताओं में उलझ रहा है। यदि हम जम्मू-कश्मीर को लेकर ही पिछले पांच वर्ष का आंकड़ा देखते हैं तो ध्यान में आता है कि वर्ष 2020 में 225 आतंकवादी मारे गए, जिसमें 207 कश्मीर में और 18 जम्मू में। साथ ही 635 ओजीडब्ल्यू (संदिग्ध सहयोगी) गिरफ्तार किए गए। वर्ष 2021 में 171 आतंकवादी ढेर हुए, जिनमें 149 स्थानीय और 22 पाकिस्तानी थे । 2022 में 172 आतंकी ढेर हुए, जिनमें 42 विदेशी थे। 100 नए शामिल, उनमें से 65 मारे गए और 17 गिरफ्तार हुए। सक्रिय आतंकियों की संख्या दहाई में आ गई। वर्ष 2023 की बात की जाए तो जम्मू क्षेत्र में वर्ष भर में 81 आतंकवादी मारे गए, 214 गिरफ्तार किए गए। इसी तरह से 2024 के दौरान पूरे वर्ष भर में जम्मू-कश्मीर में 75 आतंकवादी मारे गए, जिनमें लगभग 60 प्रतिशत पाकिस्तानी थे। वहीं, 2025 (जनवरी से जुलाई तक ऑपरेशन सिंदूर (5-7 मई) में पहले 100 से अधिक आतंकवादी ढेर किए गए। फिर ऑपरेशन महादेव समेत कुल आठ आतंकवादी मारे गए हैं। ये आँकड़े स्पष्ट करते हैं कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध अब केवल रक्षात्मक नहीं, आक्रामक और रणनीतिक दृष्टिकोण अपना रहा है। ऑपरेशन सिंदूर और महादेव जैसे अभियानों से यह संदेश गया है कि भारत आतंकवाद के स्रोतों को केवल अपने भूभाग में ही नहीं, सीमा पार भी समाप्त करने की सामर्थ्य और इच्छा रखता है। आज यह पूरे विश्व को भारत सरकार की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है इन कार्रवाइयों का उद्देश्य केवल बदला लेना नहीं, बल्कि यह स्पष्ट संदेश देना भी है कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बात अब 'ऑपरेशन महादेव' की; जब भारतीय सुरक्षा बलों ने पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल 2025) के मास्टरमाइंड और अन्य आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए लगाया गया तो उक्त अभियान का नाम रखा गया 'ऑपरेशन महादेव।' जब जम्मूकश्मीर के दचिगाम और लिडवास क्षेत्रों में तीन पाकिस्तानी लश्करएतैयबा के आतंकवादी, जिनमें प्रमुख था सुलेमान शाह उर्फ़ हाशिम मुसा को 28 जुलाई 2025 को सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक ढेर किया तो यह ऑपरेशन सभी के बीच चर्चा का विषय बन गया। आखिर 'ऑपरेशन महादेव' ही क्यों तब समझना होगा कि ऑपरेशन का नाम ऌमहादेवङ्क इसलिए रखा गया क्योंकि यह कार्रवाई महादेव चोटियों वाले जंगल क्षेत्र में हुई, जो श्रीनगर के पास है।

# भारतीय दर्शन को अपनाकर वैश्विक समस्याओं का हल निकाल सकते हैं ट्रम्प

**आज अमेरिका की स्थिति भी लगभग यही है। आज वह पूरे विश्व की चौधराहट प्राप्त करने के प्रयास में कुछ इस प्रकार की नीतियों का अनुपालन करता हुआ दिखाई दे रहा है जो अन्य देशों का नुकसान कर सकती हैं। परंतु, अन्य देशों को होने वाले नुकसान के प्रति अमेरिका आज पूर्णतः अनजान सा बना हुआ है। पूरे विश्व की आर्थिक स्थिति डंवाडोल होती हुई दिखाई दे रही है। यह सब तब हो रहा है जब विश्व की बहुत बड़ी संख्या में नागरिक भूख, गरीबी एवं बेकारी से त्रस्त है। समाज का एक वर्ग अमीर से और अधिक अमीर हो रहा है तो समाज का दूसरा वर्ग गरीब से और अधिक गरीब हो रहा है। आय की असमानता की खाई निरंतर चौड़ी होती जा रही है। कुल मिलाकर अमेरिका सहित विश्व के कई विकसित देशों के नागरिक आज अपनी आर्थिक तरक्की से संतुष्ट नहीं है एवं भौतिक सुख होने के बावजूद मानसिक बीमारियों से ग्रस्त नजर आ रहे हैं।**

वैश्विक स्तर पर आज की आर्थिक परिस्थितियों के बीच भारत का प्राचीन आर्थिक दर्शन संभवतः आशा की किरण के रूप में दिखाई पड़ता है। अमेरिका जैसा शक्तिशाली देश, अपने अहंकार के मद में, जब अपने पड़ोसी देशों एवं हितचिंतक देशों के साथ ही अन्य अविकसित एवं विकासशील देशों को भी नहीं बख्श रहा है एवं इन देशों से अमेरिका को होने विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ का डंडा चला रहा है, तब भारतीय आर्थिक दर्शन वसुधैव कुटुंबकम, सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय एवं सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामयाः जैसी नीतियों की याद सहज रूप से ही आ जाती है।

भारतीय अर्थिक दर्शन के अनुसार, अर्थ का अर्जन करना बुरी बात नहीं है परंतु इसका धर्म के अनुसार उपयोग नहीं करना बुरी बात है। ट्रम्प प्रशासन की वर्तमान नीतियों से स्पष्ट झलकता है कि अथाह मात्रा में इकट्ठे किए गए धन का उपयोग विश्व के अन्य देशों को डराने-धमकाने के लिए किया जा रहा है। अमेरिका आज कई देशों पर दबाव बनाता हुआ दिख रहा है कि यदि किसी देश ने उसकी शर्तों के अनुरूप अमेरिका के साथ द्विपक्षीय आर्थिक समझौता नहीं किया तो उस देश से होने वाले वस्तुओं के अमेरिका में आयात पर भारी मात्रा में टैरिफ लगाया जाएगा।

यह सत्य है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान विश्व के कई देश विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़े हैं और आज यह सम्पन्न देशों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। इन देशों के नागरिकों को भौतिक सुख की प्राप्ति तो हुई है परंतु उनके जीवन में मानसिक सुख का पूर्णतः अभाव है। अतः इनके जीवन में संतोष का अभाव है और यह लोग कुंठा की भावना में बहते हुए कुछ इस प्रकार के निर्णय ले रहे हैं जिससे समाज के अन्य लोगों का अहित हो रहा है। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी नीतियों के चलते कुछ लोग केवल अपने आर्थिक विकास की ओर पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए हैं, समाज के अन्य नागरिकों की स्थिति कैसी है, इस बात पर उनका ध्यान बिलकुल नहीं है। अपने को अधिक धनवान बनाने की प्रक्रिया में वे अपने ही समाज के नागरिकों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं।

आज अमेरिका की स्थिति भी लगभग यही है। आज वह पूरे विश्व की चौधराहट प्राप्त करने के प्रयास में कुछ इस प्रकार की नीतियों का अनुपालन करता हुआ दिखाई दे रहा है जो अन्य देशों का नुकसान कर सकती हैं। परंतु, अन्य देशों को होने वाले नुकसान के प्रति अमेरिका आज पूर्णतः अनजान सा बना हुआ है। पूरे विश्व की आर्थिक स्थिति डंवाडोल होती हुई दिखाई दे रही है। यह सब तब हो रहा है जब विश्व की बहुत बड़ी संख्या में नागरिक भूख, गरीबी एवं बेकारी से त्रस्त है। समाज का एक वर्ग अमीर से और अधिक अमीर हो रहा है तो समाज का दूसरा वर्ग गरीब से और अधिक गरीब हो रहा है। आय की असमानता की खाई निरंतर चौड़ी होती जा रही है। कुल मिलाकर अमेरिका सहित विश्व के कई विकसित देशों के नागरिक आज अपनी आर्थिक तरक्की से संतुष्ट नहीं है एवं भौतिक सुख होने के बावजूद मानसिक बीमारियों से ग्रस्त नजर आ रहे हैं।

हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार मनुष्य का इस धरा पर जन्म, परेशनियां झेलने के लिए नहीं हुआ है। बल्कि, इस मानव जीवन को समस्याओं रहित बनाकर, शांतिपूर्ण तरीके से जीने के लिए हुआ है। आज विभिन्न देशों के नागरिक खाने पीने की वस्तुओं, अच्छे वस्त्रों, बड़े एवं सुविधाजनक निवास स्थान, मनोविनोद के साधनों में वृद्धि, वासना की वृद्धि एवं वासना की संतुष्टि के लिए विभिन्न साधनों में वृद्धि, सुख के लिए उपभोग में वृद्धि जैसे कार्यों पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित किए हुए है। जैसे इस धरा पर जीवन जीने का लक्ष्य यही है। इच्छाओं की पूर्ति सम्भव नहीं है। एक इच्छा की पूर्ति होती है तो दूसरी इच्छा जन्म ले लेती है। यह पूंजीवाद में निहित पश्चिमी विचार है। इस धारणा को और अधिक स्पष्ट करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक पूजनीय श्री गुरुजी (श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर) कहते हैं कि पश्चिम के सुख की अवधारणा पूर्णतया प्रकृति जन्य इच्छाओं की संतुष्टि पर केंद्रित है। अतः उनके जीवन स्तर को उठाने का अर्थ भी केवल



भौतिक आनंद की वस्तुओं को अधिकाधिक जुटाना है। इससे व्यक्ति अन्य विचारों एवं एषणाओं को छोड़कर केवल इसी में पूर्णतया संलग्न हो जाता है। भौतिक सुख साधनों की प्राप्ति की इच्छा धन संग्रह को जन्म देती है। अधिकाधिक धन प्राप्ति हेतु शक्ति आवश्यक हो जाती है; किंतु भौतिक सुख की अतृप्त क्षुधा व्यक्ति को अपनी राष्ट्रीय सीमाओं तक ही नहीं रुकने देती। सबल राष्ट्र, राज्य शक्ति के आधार पर दूसरों के दमन व शोषण का भी प्रयास करते हैं। इसमें से संघर्ष व विनाश का जन्म होता है। एक बार यह प्रक्रिया प्रारम्भ हुई कि समाप्त होने का नाम ही नहीं लेती। सभी नैतिक बंधन विच्छिन हो जाते हैं। सामान्य मानवीय संवेदनायें सूख जाती हैं। मनुष्य और पशु में अंतर स्थापित करने वाले मूल्य एवं गुण समाप्त हो जाते हैं। हालांकि उक्त विचार आज से लगभग 65/70 वर्ष पूर्व व्यक्त किए गए थे परंतु यह आज अमेरिका की स्थिति पर सटीक बैठते हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे के साथ सत्ता में आने वाले श्री डानल्ड ट्रम्प आज पूरे विश्व में अराजकता की सत्ता स्थापित करने में लगे हुए हैं। केवल और केवल अमेरिका के आर्थिक हितों को प्राथमिकता देना है, इससे अन्य राष्ट्रों (अविकसित एवं विकासशील देशों सहित) का कितना भी नुक्सान हों परंतु अमेरिकी उद्योगपतियों एवं व्यवसायीयों के हित सुरक्षित रहने चाहिए, उनकी आर्थिक तरक्की होते रहना चाहिए।

भारतीय आर्थिक चिंतन पश्चिम के आर्थिक चिंतन के ठीक विपरीत है। हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार, अर्थ एवं भोग को धर्म के अनुसार ही कार्यशील रखना चाहिए। इस संदर्भ में संयम को प्राथमिकता दी गई है। कोई भी कार्य, सीमा के अंदर किया जाय तो उचित होता है। सीमा के बाहर जाकर किया गया कार्य, समाज में अस्थिरता प्रतिपादित कर सकता है। अत्यधिक भोग, भारतीय संस्कृति में निषेध है। अर्थ के अधिक मात्रा में अर्जन पर हालांकि किसी प्रकार का निषेध नहीं है परंतु अर्थ के उपभोग पर जरूर कुछ सीमाएं निर्धारित हैं। अर्थ का उपयोग स्वयं की सुख प्राप्ति के लिए उपभोग करने के उपरांत परिवार, समाज, धर्म की रक्षा, संस्कृति के विस्तार, भविष्य की सुरक्षा के लिए बचत, आदि के लिए करना आवश्यक माना गया है।

पश्चिमी सभ्यता के अनुसार तो अर्थ का उपभोग केवल एवं केवल स्वयं के लिए किया जाता है एवं येन केन प्रकारेण व्यक्ति द्वारा इसकी वृद्धि हेतु प्रयास किए जाते हैं। सुख को तो अपने अंदर महसूस किया जा सकता है। बाहरी भौतिक आवरण पहनकर सुख की प्राप्ति सम्भव नहीं है। इसी संदर्भ में श्री गुरुजी कहते हैं कि सब बातों का विचार हमारे पूर्वजों ने भी किया था। समय पर वर्षा होना चाहिए, पृथ्वी पर धन धान्य की समृद्धि रहना चाहिए, समाज को ऐच्छिक सुख समृद्धि की प्राप्ति होना चाहिए, कोई भी दुखी न रहे - ऐसी प्रार्थना उन्होंने की है, परंतु उस समय भी उनको अनुभव हुआ कि मनुष्य केवल वासनाओं का पुतला नहीं है। वासनाओं की तुष्टि कुछ समय के लिए आनंद देती हैं, किंतु हमेशा के लिए वह आनंद नहीं दे सकती। मनुष्य तो ऐसा सुख चाहता है, जो कभी क्षीण न हो, उसमें कभी बाधा न आ सके, व्यत्यय न आ सके, यानी वह अबाधित, नित्य सुरक्षित और चिरकालिक सुख की कामना करता है।

उक्त विचार को आगे बढ़ाते हुए श्री गुरुजी कहते हैं कि अपनी भारतीय प्रणाली में जिसे अर्थशास्त्र कहते हैं, उसमें आज जैसा केवल आर्थिक पहलू मात्र नहीं था। हमारे यहां अर्थशास्त्र का ही दूसरा नाम नीतिशास्त्र था। आज हमें अपने सिद्धांतों के आधार पर मौलिक चिंतन करना चाहिए। हम दुनिया भर के विचार प्रवाहों को परखेंगे तथा अपनी स्वतंत्र मौलिक राष्ट्रीय चिंतनधारा के अनुरूप अपना रास्ता अपनाएंगे। उदाहरण के लिए महात्मा गांधी ने अपने जीवन काल में संपत्ति के विकेंद्रीकरण के लिए ट्रस्टीशिप का मार्ग प्रतिपादित किया। उनके इस ट्रस्टीशिप के विचार में माना गया है कि मनुष्य के उत्पादन सामर्थ्य में कोई कमी करने की जरूरत नहीं जीविका के साधनों द्वारा जितना चाहे, उसे उत्पादन करने दो, परंतु संग्रह का वह अधिकारी नहीं है। जीविका के साधनों का प्रयोग करने पर जो संपत्ति एकत्रित होती है, वह समाज की है, अपने उपभोग बढ़ाने के लिए नहीं। वह सम्पत्ति उसने समाज को दे देनी चाहिए। इस धरा पर प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुख वासनाओं-इच्छाओं को बढ़ाते जाने में नहीं है, सुख तो वासनाओं-इच्छाओं को कम करते जाने की मानसिकता में से मिलता है। इस दृष्टि से श्री गुरुजी इच्छाओं व आवश्यकताओं को बढ़ाते जाने वाले आर्थिक चिंतन को स्वीकार नहीं करते थे, अपितु आवश्यकता विहीन की दिशा में चलने वाले अर्थशास्त्र के समर्थक थे।

**प्रहलाद सबनानी**

# अभिव्यक्ति की आज़ादी या विकृत वैचारिक मजहबी उग्रता

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव पर हाल ही में टीवी डिबेट के दौरान की गई ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी की आपत्तिजनक टिप्पणी ने सार्वजनिक विमर्श में फिर एक बार धार्मिक कट्टरता, स्त्री विरोध और सामाजिक ध्रुवीकरण के गंभीर प्रश्नों को जन्म दिया है। यह घटना केवल एक व्यक्ति की बयानबाजी नहीं, बल्कि उस वैचारिक प्रवृत्ति का हिस्सा है, जो धर्म की आड़ में व्यक्तिगत स्वतंत्रता, संविधानिक गरिमा और सार्वजनिक संवाद के स्तर को लांछित करती है । साथ ही स्त्री के 'स्व' को देह और कपड़ों में बंद कर सीमित रखना चाहती है। रशीदी ने एक ओर सांसद इकरा हसन के सिर ढंकने को आदर्श बताया, जबकि डिंपल यादव के खुले सिर पर कटाक्ष करते हुए उनके लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया, उन्हें कम से कम सार्वजनिक तौर पर कोई भी सभ्य इंसान नहीं बोल सकता है। हद है कि मौलाना इसे अब भी सही ठहरा रहे हैं। मौलाना इसे 'मुस्लिम होने की सजा' बता रहे हैं और कह रहे हैं कि कुछ भी अपमानजनक नहीं कहा। उनका मकसद मुस्लिम भावनाओं की रक्षा करना था। यहां जो सबसे बड़ा प्रश्न उभरता है, वह यह कि क्या वे भारत को भी शरिया लॉ से चलाना चाहते हैं वे किस हक से किसी स्त्री की गरिमा पर चोट कर सकते हैं मौलाना रशीदी ने डिंपल यादव के पहनावे पर सवाल उठाते हुए इस हद तक चले गए! सिर और शरीर खुला है...शॉर्ट्स पहनने वाली लड़कियों को देखकर समाज उन्हें ....कहता है! इसी तरह से उनके द्वारा कहा गया, सड़क पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म होना कोई बड़ी घटना नहीं है, लेकिन एक महिला को आईना दिखाना इनके लिए बड़ी घटना है। उनका यह बयान अत्यंत घृणित और स्त्री विरोधी है। वास्तव में देखा जाए तो उनके इस कथन ने दोहरे विवाद को जन्म दिया है, एक; सार्वजनिक जीवन में कार्यरत महिलाओं की गरिमा पर सीधा आघात और दूसरा; धार्मिक प्रतीकों और अपेक्षाओं को सार्वभौमिक व्यवहार के मानक की तरह प्रस्तुत करने का दुस्साहस है यह। मौलाना रशीदी पहले भी कई बार ऐसी टिप्पणियाँ कर चुके हैं, जो उनकी इस्लामिक कट्टरता को दर्शाती है। इससे पहले 2020 में उन्होंने कहा था, ऌआज मुसलमान खामोश है। मेरी आने वाली नस्ल३ मेरा बेटा, उसका बेटा, उसका पोता३. 50-100 साल के बाद एक हिस्ट्री उनके सामने आएगी कि हमारी मस्जिद को तोड़कर मंदिर बना दिया गया। उस वक्त हो सकता है कि कोई मुस्लिम शासक हो, कोई मुस्लिम जज हो या मुस्लिम शासन आ जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है कि क्या फ़ेरबदल हो जाए३ तो क्या उस हिस्ट्री की बुनियाद पर इस मंदिर को तोड़कर मस्जिद नहीं बनाई जाएगी बिल्कुल बनाई जाएगी।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा इस्लामिक कट्टरता के खिलाफ दिए गए बयान पर बोले थे, ''ऐसे लोगों को जिंदा नहीं छोड़ा जाना चाहिए।'' तीन तलाक पर, उन्होंने इसे शरीयत का हिस्सा बताते हुए संसद में पारित कानून को ''इस्लाम विरोधी'' बताया और यहाँ तक कह दिया था कि ''कोई कानून शरीयत से ऊपर नहीं हो सकता।'' वे संविधान से ऊपर शरीयत की बात करते हैं। न्यायपालिका या संसद के फैसलों की अवमानना करते हैं।, हिंसा या उग्र विरोध को वैध ठहराते हैं। निश्चित ही ऐसे वक्तव्यों को धार्मिक स्वतंत्रता या अभिव्यक्ति की आज़ादी के दायरे में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि ये सीधे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुँचाने वाले हैं। कहना होगा कि ऐसे बयान खुले तौर पर न केवल भारत के संवैधानिक भावना के विरुद्ध हैं, बल्कि हिंसा को वैध ठहराने का प्रयास भी हैं। वस्तुतः रशीदी की बयानबाजी बार-बार एक ही वैचारिक धारा की पुष्टि करती है, वह धारा जो इस्लामिक मजहब की आड़ में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को सीमित करना चाहती है। महिलाओं के वस्त्र, सार्वजनिक जीवन में उनकी भागीदारी और धार्मिक प्रतीकों के आधार पर उनके चरित्र का मूल्यांकन करने की प्रवृत्ति, उनकी गहरी मजहबी सोच को दर्शा रही है। जिसमें वह हर स्त्री को भले ही वह उनके विचारों से मेल खाती हो या नहीं, उनके मजहब की हो या नहीं, सभी को एक विशेष लिवाज में ढंकने की उनकी विशेष मजहबी सोच का परिचायक है। देशभर से इस्लामिक कन्वर्जन के मामले इन दिनों सामने आ तो रहे ही हैं। किसी का लक्ष्य 2030 का है तो किसी का 2047 और किसी का 2050 तक भारत को गजबा-ए-हिंद जिसमें भारत पर इस्लाम का शासन और शरिया कानून होगा, बना देने का है। वैसे भी ये मौलाना अपने दिए गए पहले विवादास्पद व्यक्त में अपनी मंशा व्यक्त कर ही चुके हैं कि कि कोई कानून शरीयत से ऊपर नहीं है। वास्तव में यहां मौलाना रशीदी को समझना होगा कि भारत में अभिव्यक्ति की आज़ादी संविधान द्वारा संरक्षित है, लेकिन वह पूर्ण नहीं है।

## सेहत मंत्र

# घर पर बनाएं गुड़हल का आयुर्वेदिक तेल, बालों की हर परेशानी होगी दूर

मजबूत और खूबसूरत बालों के लिए आप तरह-तरह के तेल आजमा चुके हैं मगर बालों का टूटना, झड़ना या सफ़ेद होना नहीं बंद हो रहा है, तो परेशान न हों। दरअसल बाजार में मिलने वाले ज्यादातर हेयर ऑयल तरह-तरह के वादे तो करते हैं मगर इनसे लाभ होने के बजाय नुकसान होता है क्योंकि इनमें बहुत मात्रा में केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप घर पर बनाए हुए खास आयुर्वेदिक तेल का इस्तेमाल करेंगे, तो आपकी ये समस्या दूर हो जाएगी। बालों की समस्याओं में गुड़हल का फूल बहुत फायेदमंद होता है। आप घर पर ही गुड़हल का आयुर्वेदिक तेल बना सकते हैं, जो बालों की हर समस्या को चुटकियों में दूर कर देगा। गुड़हल का तेल बनाना आसान है। इसे आप घर पर ही बना सकते हैं। इसके लिए आपको गुड़हल के फूल, गुड़हल की पत्तियां, मेथी के दाने और नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। इन सामग्रियों को इकट्ठा करके आप इस तरह बनाएं गुड़हल का तेल- सबसे पहले गुड़हल के 3-4 फूल और मुट्ठीभर पत्तियों को अच्छी तरह धो लें। इन फूल और पत्तियों को मिक्सर में डालकर अच्छी तरह पीसकर पेस्ट बना लें। एक बर्तन में 250 मिलीग्राम नारियल का तेल डालें और इसमें ये पेस्ट मिला लें। गुड़हल के पेस्ट को नारियल के तेल में डालकर आंच पर चढ़ा दें। बीच-बीच में चलाते हुए 5 मिनट धीमी आंच पर इसे पकाएं। अब इसमें एक चम्मच मेथी के दाने डालकर 1 मिनट तक गर्म करें। गुड़हल का तेल तैयार है बस इसे ठंडा करके बोतल में भर लें। हर बार जब आप गुड़हल के तेल का इस्तेमाल करने से पहले इसे थोड़ा सा गर्म कर लें। अब हथेली में थोड़ा सा तेल लेकर बालों की जड़ों और लंबाई में इसे लगाएं। इस तेल के इस्तेमाल से आपके बालों की सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

## धर्म मंत्र

# शनि मंदिरों में दर्शन कर आप पा सकते हैं मनवांछित फल

मध्य प्रदेश के मुरैना के शनि पर्वत पर स्थित त्रेतायुगीन शनि मंदिर पर देश के कोने-कोने से दर्शन करने आते हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की शनिदेव के प्रति असीम आस्था है। श्रद्धालु शनिदेव से यहां सुख समृद्धि और शांति के लिए आराधना करने आते हैं। 15 मई को शनि जयंती पर यहां एक महोत्सव जैसा माहौल था। शनि जयंती के दिन शनि देव की पूजन करना एक संयोग भी माना जाता है। शनि देव सौर मंडल का सबसे महत्वपूर्ण गृह हैं। जो व्यक्ति के कर्म अनुसार अच्छे बुरे कर्म फल के निर्णायक हैं। शनि को मृत्युलोक का न्यायाधीश माना गया है। इसलिए भी शनिदेव की आराधना बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। पुराणों के अनुसार सूर्यदेव की दूसरी पत्नी छाया के गर्भ से जन्मे शनि के श्याम रंग को देखकर सूर्य ने अपनी पत्नी छाया पर आरोप लगाते हुए शनि को अपना पुत्र मानने से इंकार कर दिया। इस कारण शनिदेव अपने पिता सूर्य से शत्रुभाव रखने लगे। उन्होंने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर अनेक शक्तियां प्राप्त कीं। सभी ग्रहों में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया, यमराज शनिदेव के भाई और यमुना बहन हैं। देश में विख्यात मुरैना का त्रेता युगीन शनि मंदिर से ही शनि शिंगणापुर महाराष्ट्र में 1817 के आसपास शिला से शनिदेव की स्थापना की गयी। माता अहिल्या की नगरी इंदौर में शनि देव का प्राचीन मंदिर है। शहर के बीचोंबीच जूनि इंदौर में यह स्थित यह मंदिर करीब 300 साल पुराना है। इस मंदिर के बारे में एक सच्ची कहानी है कि यहां के अंधे पुजारी को शनि देव ने प्रसन्न होकर आंखें दी थीं।

## पर्यटन



# हिमाचल के अंडरेट्टा गांव में देखने को मिलेगा कला और खूबसूरती का अनोखा संगम

जॉब करते हुए घूमने-फिरने का शौक पूरा कर पाना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है लेकिन नामुमकिन नहीं। और दो दिनों की छुट्टी में उत्तराखंड और हिमाचल को ही एक्सप्लोर करना आसान है। जहां आप नेचर के साथ-साथ एडवेंचर और रिलैक्सिंग हर एक चीज़ के लिए ऑप्शन्स मौजूद हैं। हिमाचल में तो इतनी ज्यादा खूबसूरत जगहें हैं जहां के बारे में बहुत कम जानकारी इंटरनेट पर अवेलेबल है और इसी वजह से ये टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स की लिस्ट में भी अभी शिमला, मनाली और लेह जैसी जगह नहीं बना पाएं हैं। ऐसी ही एक जगह है अंडरेट्टा। सन् 1930 के बीच में नोरा रिचर्ड्स जो एक आइरिश नाट्य कलाकार थीं, अपने पति की मृत्यु के बाद लाहौर से यहां आकर बस गईं। इसके बाद उन्होंने इंडियन मॉडर्न आर्ट के जानकार उए ट्टथद्धभथद्य और प्रो.फ़ेसर ख्थद्धदथभथद्य के साथ मिलकर यहां पॉटरी का काम शुरू किया। तो अगर आप पॉटरी कला की बारीकियों से सीखना चाहते हैं तो यहां गर्मियों में होने वाले 3 महीने का रेसीडेंशियल कोर्स कर सकते हैं। इस जगह की खूबसूरती और शांति दुनियाभर से कलाकारों को अपनी ओर आकर्षित करती है। अंडरेट्टा खासतौर से नोरा सेंटर फॉर आर्ट, अंडरेट्टा पॉटरी एंड क्रॉफ्ट सोसाइटी, नोरा मड हाउस और सर शोभा सिंह आर्ट गैलरी के लिए जाना जाता है। अंडरेट्टा के पास ही बसा पालमपुर शहर, जो दुनियाभर में अपने चाय बागानों के लिए जाना जाता है। यहां कई सारी छोटी-छोटी नदियां हैं। पहाड़ों और नदियों की वजह से ही यहां का मौसम हमेशा ही ठंडा रहता है। जो चाय बागानों के अनुकूल है। नार्थ इंडिया के सबसे पुराने शिव मंदिर में से एक है बैजनाथ मंदिर। आम दिनों के अलावा शिव रात्रि और भी दूसरे उत्सवों के दौरान यहां भक्तों की ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला सिपाही का शव बरामद, हत्या की आशंका





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मसौली थाना क्षेत्र के बिंदौरा गांव में बुधवार सुबह एक महिला सिपाही का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान सुल्तानपुर जिले के जैसीपुर थाना क्षेत्र निवासी विमलेश पाल के रूप में हुई है, जो वर्तमान में बाराबंकी जनपद के सुबेहा थाने में तैनात थीं। शव की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, जिसे मौके पर कव्वे नोचते पाए गए। खेत में बने एक तालाब के किनारे शव मिलने की सूचना पर मसौली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, एसपी अर्पित विजयवर्गीय एवं एएसपी विकास

**जांच में जुटी पुलिस ,तालाब किनारे शव मिलने से फैली सनसनी, घटनास्थल सील, स्कूटी के जरिये सामने आया संदिग्ध कनेक्शन**

चंद्र त्रिपाठी समेत पुलिस बल ने घटनास्थल को चारों ओर से सील कर लिया। किसी भी व्यक्ति को घटनास्थल के समीप जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। घटनास्थल के पास से एक स्कूटी बरामद की गई है, जो हरदोई जनपद में तैनात सिपाही इंद्रेश मौर्य के नाम पर दर्ज है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतका विमलेश और इंद्रेश मौर्य पूर्व में संपर्क में थे। वर्ष 2024 में विमलेश ने कोतवाली नगर बाराबंकी में इंद्रेश के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया था, हालांकि बाद में आपसी सुलह हो गई थी। इसके बाद इंद्रेश का तबादला हरदोई कर दिया गया था।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि मृतका की ड्यूटी लोधेश्वर महादेव मंदिर के गर्भगृह में लगी थी, लेकिन वह ड्यूटी पर नहीं पहुंची थी। इसके बाद से ही उसकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच बुधवार सुबह ग्रामीणों को खेत में बने तालाब के पास शव दिखाई दिया।

### मामले की गहन जांच जारी

एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी के अनुसार, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है। हत्या, आत्महत्या या अन्य किसी एंगल को नज़रअंदाज नहीं किया जा रहा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मृतका के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, इंद्रेश मौर्य 27 जुलाई से अवकाश पर है। पुलिस उसकी भूमिका की भी जांच कर रही है ।इस सनसनीखेज घटना के बाद मसौली क्षेत्र में दहशत का माहौल है। भारी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हुए लेकिन पुलिस द्वारा सुरक्षा घेरा बनाए रखने के कारण किसी को भी निकट नहीं जाने दिया गया।

### अंतिम विदाई : कर्तव्यपथ की वीरांगना को सलाम

बाराबंकी : मसौली क्षेत्र में अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन कर रहीं महिला कांस्टेबल विमलेश पाल के असामयिक एवं दुखद निधन ने समूचे पुलिस महकमे और जनपद को गहरा आघात पहुंचाया है। सुल्तानपुर की इस जांबाज बेटी ने जनसेवा की राह चुनी, परंतु नियति को कुछ और ही मंजूर था। बाराबंकी पुलिस लाइन में उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। इस अवसर पर आईजी प्रवीण कुमार, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, रितेश सिंह, सीओ सुमित त्रिपाठी, गरिमा पंत, हर्षित चौहान समेत अनेक अधिकारी एवं साथीगण मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से इस वीरांगना को अंतिम सलामी दी।

# भगेला प्राथमिक विद्यालय के विलय का ग्रामीणों ने किया विरोध

## सांसद तनुज पुनिया से लगाई न्याय की गुहार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली, बाराबंकी।प्रदेश सरकार के निर्देश पर छात्र संख्या कम होने के चलते प्राथमिक विद्यालयों के विलय की प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलहरी के मजरा भगेला स्थित प्राथमिक विद्यालय को दो किलोमीटर दूर प्राथमिक विद्यालय चिलौकी में मर्ज कर दिया गया है। इस निर्णय का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है और विद्यालय पुनः संचालित किए जाने की मांग को लेकर सांसद तनुज पुनिया को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।उल्लेखनीय है कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून 2024 को जारी आदेश के अनुसार, जिन परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित मानक से कम है, उन्हें पास के उच्च प्राथमिक अथवा कंपोजिट विद्यालयों में विलय किया जाना है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय भगेला को बंद कर चिलौकी प्राथमिक विद्यालय में समाहित कर दिया गया। विलय के बाद से भगेला विद्यालय का गेट बंद पड़ा है, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।बुधवार को भगेला के राम तीर्थ यादव, संतोष कुमार, राम किशोर, मलखान, राजितराम, लखपति रावत, नितिन यादव, विजय कुमार, जितेंद्र कुमार, शिवम, दिलीप कुमार, दयाराम, ओमकार, अनुप कुमार समेत दर्जनों अभिभावकों व छात्रों ने इस फैसले का विरोध करते हुए सांसद तनुज पुनिया को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय दूर चले जाने से छोटे बच्चों को आने-जाने में कठिनाई होगी और इससे स्कूल छोड़ने वालों की संख्या बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि भगेला विद्यालय को पूर्ववत संचालित किया जाए, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और क्षेत्रीय शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# ग्रामीण युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए स्टेडियमों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करें : शशांक त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जमील उर रहमान किदवई मिनी स्टेडियम का निरीक्षण,**

**साफ-सफाई में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी**

मसौली, बाराबंकी। बुधवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ग्राम बड़ागांव स्थित जमील उर रहमान किदवई स्मारक मिनी स्टेडियम का भौतिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण युवा कल्याण विभाग द्वारा कराए जा रहे अनुरक्षण कार्यों के संबंध में किया गया था।निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि स्टेडियम परिसर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे और युवा खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित हो सकें। उन्होंने अनुरक्षण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुमोदित स्टीमेट के अनुसार कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने हेतु एक टास्क फोर्स का गठन किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि खेल सुविधाएं केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि उनका नियमित अनुरक्षण और सक्रिय उपयोग सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया जा सके। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी ने जानकारी दी कि जनपद के चार विकासखंडों–मसौली, देवा, त्रिवेदीगंज एवं बनीकोडर–में युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण मिनी स्टेडियम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें से देवा, त्रिवेदीगंज तथा मसौली स्थित स्टेडियमों के अनुरक्षण हेतु शासन से बजट प्राप्त हुआ है, जिसके अंतर्गत कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट/आईएएस सुश्री गुंजिता अग्रवाल, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, अभियंता दुर्गेश कुमार, ब्लॉक स्तरीय तकनीकी सहायक योगेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी तुषार तिवारी, टी.ए. दिनेशचंद्र, अजय कुमार वर्मा, सुरज प्रसाद, रोजगार सेवक विनोद कुमार राव सहित कई अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सरकारी स्कूलों पर सुश्री फिजा का सर्जिकल स्ट्राइक , कुछ स्कूल मिले बंद तो शिक्षक रहे गुमशुदा !

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री फ़िज़ा मिर्ज़ा बुधवार की भोर बेला में जब शिक्षा के मंदिरों की स्थिति देखने निकलीं, तो सूरज भले ही आसमान पर न चढ़ा हो, पर शिक्षकों की गैरहाज़िरी का सूरज पूरे उजाले में चमक रहा था। सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुए औचक निरीक्षण में कई विद्यालय बंद मिले, और जहाँ खुले थे वहाँ शिक्षक नदारद थे ऽ मानो स्कूलों में ''गुरु-विहीन ज्ञान'' की परंपरा चल पड़ी हो। निरीक्षण के दौरान कम्पोजिट विद्यालय परसा-प्रथम, प्राथमिक विद्यालय हजरतपुर तथा प्राथमिक विद्यालय ढकवामाफी में ताले लटकते मिले, जैसे कह रहे हों ऽ ''अभी नींद में हैं, कृपया बाद में आएं!'' वहीं प्राथमिक विद्यालय



कटोरवा और शेषपुर टुटरू में शिक्षक-शिक्षिकाएं ऐसे गायब थे जैसे स्कूल उनका

**गुरुजी नदारद, एबीएसए सक्रिय , शिक्षा व्यवस्था पटरी पर लाने की पहल जारी**

'वैकल्पिक कार्यक्षेत्र' हो। सुश्री मिर्ज़ा ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सभी अनुपस्थित शिक्षकों और बंद मिले विद्यालयों के प्रभारियों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने की घोषणा की। उन्होंने दो टूक कहा कि बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति जितनी आवश्यक है, उतनी ही आवश्यक शिक्षकों की समय पर उपस्थिति भी है ऽ ''केवल मध्यान्ह भोजन की खुशबू से शिक्षा नहीं परोसी जा सकती।''अचानक हुए इस ''शैक्षिक भूकंप'' से क्षेत्र के विद्यालयों में हड़कंप मच गया है। कुछ गुरुजन अब घड़ी के अलार्म पर भरोसा बढ़ाने की सोच रहे हैं, तो कुछ छुट्टी का बहाना गढ़ने में व्यस्त हो सकते हैं। लेकिन जो भी हो, एबीएसए के इस औचक 'सर्जिकल स्ट्राइक' ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि अब लापरवाहियों की घंटी टनटनाएगी और स्कूल में ताले नहीं, पढ़ाई बजेगी।

### सांप के डंसने से साधु की दर्दनाक मौत

मसौली, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर के मजरा कडेरा में एक साधु की सांप के डंसने से इलाज के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कडेरा गांव निवासी 55 वर्षीय लल्लू प्रसाद पुत्र छेदीलाल बीते कई वर्षों से गांव के बाहरी छोर पर अपने खेत में बनी कुटिया में साधु जीवन व्यतीत कर रहे थे। मंगलवार की शाम लगभग चार बजे वह अपनी कुटिया में विश्राम कर रहे थे, तभी उन्हें एक जहरीले सांप ने डंस लिया। परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी हुई, वे उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने लखनऊ के लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान साधु लल्लू प्रसाद ने अंतिम सांस ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

### योग्यता समय का सदुपयोग सफलता का महामंत्र पंकज 'पंकी'

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डलपुरवा गांव की होनहार बालिका पूजा पाल को उसके नवाचार व वैज्ञानिक सोच के लिए इण्डियन स्टूडेंट पॉवर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के संरक्षक एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज गुप्ता 'पंकी' ने डलपुरवा पहुंच कर पूजा पाल को सम्मानित किया और उसे आवश्यक शैक्षिक सामग्री भी प्रदान की। श्री पंकी ने पूजा को भविष्य में हर संभव सहयोग हेतु आश्वस्त भी किया। पंकज गुप्ता 'पंकी' ने इस अवसर पर कहा, ''तुम्हारी शख़्सियत से यह सबक लेंगी नई नस्लें, वही मंज़िल पे पहुँचा है जो अपने पाँव चलता है। डुबो देता है कोई नाम तक भी ख़ानदानों के, किसी के नाम से मशहूर होकर गाँव चलता है!''

संसाधन अभाव मे भी होनहार पूजा पाल के सफलता की उन्होंने प्रशंसा की।पंकज गुप्ता 'पंकी' द्वारा कुर्सी, मेज, बैग, स्मार्ट वॉच, अलार्म वॉच, टेबल लैंप सहित कई उपयोगी शैक्षिक सामग्री प्रदान की गई। साथ ही क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी पूजा से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने व शिक्षा में रुचि लेने की प्रेरणा दी गई।

इस मौके पर इण्डियन स्टूडेंट पॉवर के अध्यक्ष सिद्धार्थ कनौजिया ने पूजा पाल को 'बाल वैज्ञानिक' की उपाधि प्रदान करते हुए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में मोहम्मद शादाब, जया श्रीवास्तव, आशीष सिंह, अमित सिंह, रवि धीमान, बृजेश गौतम, कपिल कनौजिया, श्रवण कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव पेंच

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शेषपुर टूटरु में नाग पंचमी के दूसरे दिन परंपरागत हापा मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में हर साल की तरह इस बार भी दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।बुधवार को आयोजित दंगल में क्षेत्रीय पहलवानों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम की शुरुआत छोटे बच्चों की कुश्ती से हुई। इसके बाद बड़े पहलवानों ने भी अपने दांव-पेंच दिखाए। प्रतियोगिता दोपहर से शुरू होकर देर शाम तक चलती रही।दंगल में विभिन्न मुकाबले हुए जिनमें विकालू यादव, निखिल तेलवारी, मुलायम यादव, राम पहलवान, गोलू पहलवान, राहुल मापती, बब्बी तेलवारी, सिद्दिक तेलवारी, शेखर पहलवान, विशाल सझीम, अंशू धुरु जैसे कई पहलवानों ने हिस्सा लिया। विजेता पहलवानों को 100 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक के नकद पुरस्कार दिए गए।कार्यक्रम में भीति, सनावा, रानीपुरवा, सहित आसपास के कई गांवों से लोग पहुंचे। इस मौके पर आयोजक रामू अवस्थी, प्रियांशु, विजय, अनुज सिंह, राघवेंद्र और ज्ञानू बाबा थे। दंगल देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### महादेवा तीर्थ में आवारा पशुओं का आतंक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री लोधेश्वर महादेवा में सावनी मेला चल रहा है।और आवारा पशुओं का आतंक मचा हुआ है। जगह-जगह मार्गो पर आवारा पशु इधर-उधर दौड़ते फिरते हैं। और आपस में लड़ते रहते हैं। जिससे यात्रियों के आने जाने में परेशानी होती है ।जबकि मेला की व्यवस्था को लेकर बैठक हुई थी ,उसमें यह निर्णय लिया गया था की मेला क्षेत्र में आवारा पशु इधर-उधर घूमते ना मिले जो पशु इधर-उधर घूमते मिले उन्हें गौशाला भेजा जाए। लेकिन अभी तक उनकी कोई व्यवस्था नहीं हुई है। बंदरों का इतना बड़ा आतंक है कि जरा से लोग चूकते हैं कि उनका सामान लेकर भाग जाते हैं और छोटे बच्चों को देखकर उसे दौड़कर काट लेते हैं। अगर शासन प्रशासन समय रहते ही ध्यान ना दिया तो यहां पर बहुत बड़ी घटना घट सकती है।इसी मेला क्षेत्र में एक रंपी बीमारी से पीड़ित काफी दिनों से घूम रहा है ।उसका आज तक कोई इलाज नहीं हुआ ।जिसके चलते अन्य जानवरों में भी बीमारियां फैल रही हैं।

### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना में शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी : बाल्मीकि

अमेठी,प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना की प्रगति और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भारत सरकार के केंद्रीय सलाहकार सदस्य धीरेंद्र कुमार वाल्मीकि ने बुधवार को अमेठी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक की जिसमें जिले में संचालित केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज, स्वास्थ्य, जल निगम, विद्युत, पूर्ति विभाग, यूपी सिडको और मंडी समिति के अधिकारियों से योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की आदर्श ग्राम योजना, पूर्ति विभाग की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन की स्थिति, विद्युत विभाग के अंतर्गत सौभाग्य योजना में विद्युतीकरण कार्य, स्वास्थ्य विभाग की जीवन ज्योति बीमा योजना, स्वास्थ्य बीमा, और वैक्सीनेशन कार्यों की समीक्षा की। साथ ही, जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना, पंचायती राज विभाग के अंतर्गत हैंडपंपों की कार्यशीलता, एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित घरेलू शौचालयों की स्थिति पर भी उन्होंने अधिकारियों से जानकारी ली।

# विवादों में रहने वाली ग्राम सचिव पर लगा गबन व हेराफ़ेरी का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शासकीय धनों में गबन एंव हेराफ़ेरी के आरोप में लगी जांच आखिर कितने कदम तक चलती है, यह देखने वाली बात होगी । जिले के कूरेभार ब्लॉक के बनमई ग्राम पंचायत के शिकायतकर्ता रवि प्रताप सिंह ने शगुफ्ता शबनम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत अधिकारी एंव इरसाद हुसैन सिद्दीकी (एम एस आजाद ट्रेडर्स), व अन्य ग्राम पंचायत में हुए गबन की शिकायत की थीं। जिसकी जांच जिला कार्यक्रम अधिकारी को मिली है। खैर शगुफ्ता शबनम पर जांच होना कोई नयी बात नहीं है। जांच होती हैं, रसूखदारों के चलते बहाल हो जाती हैं। इस गबन में पूरा खेल सचिव शगुफ्ता शबनम के पति सलमान का होता है, जो अपनी पत्नी शगुफ्ता शबनम के कार्यो का देखरेख करता है और पत्नी का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर लाखों रुपए का वारा-न्यारा करता है। शिकायतकर्ता रवि प्रताप सिंह के अनुसार पूर्व सचिव शगुफ्ता शबनम का ट्रांसफर धनपतगंज ब्लॉक में करीब एक महीने पहले हो गया, परंतु शगुफ्ता शबनम के पति सलमान अपने रसूख और दबदबे की वजह से अभी तक कूरेभार ब्लॉक का कार्यभार नहीं छोड़ें हैं और धनपतगंज ब्लॉक जाकर ज्वाइन नहीं भी किया। ऐसे में पूरे मामले को गंभीरता से देखने पर सवाल उठता है कि जांच रिपोर्ट में अपात्र होने के बाद भी पैसों की रिकवरी ना होना,, पूर्व सचिव शगुफ्ता शबनम का कूरेभार ब्लाक से धनपतगंज ब्लॉक ट्रांसफर होने के बाद भी ज्वाइन ना करना कहा तक उचित और नियमानुसार है। पंचायत सचिव शगुफ्ता शबनम के ऊपर ऐसे आरोप नये नहीं हैं। आपको बताते चलें कि प्रधान का डिजिटल हस्ताक्षर चोरी कर सात लाख 65 हजार रूपये निकाल लेने की वित्तीय गड़बड़ी और अन्य आरोपों में कूरेभार ब्लॉक के डीहढग्गूपुर की पंचायत सचिव शगुफ्ता शबनम को जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने निलंबित कर दिया था।

# साइकिल रैली गूंजा पर्यावरण और शिक्षा का संदेश

## राजभवन अधिकारियों की साइकिल यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। स्वतंत्रता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाराबंकी, लखनऊ एवं उन्नाव के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का भ्रमण साईकिल रैली द्वारा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आयोजित ''एक पेड़ माँ के नाम 2.0'' अभियान के अंतर्गत राजभवन लखनऊ से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की दो दिवसीय साइकिल रैली, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान बाराबंकी में चलाया गया। इस दौरान देवा एवं बंकी के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पर्यावरण, शिक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता से जुड़ी कई प्रेरणादायक गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

**टीम का सीमा पर हुआ भव्य स्वागत**

राजभवन से आई टीम के बाराबंकी जनपद की सीमा पर पहुँचने पर एसडीएम नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार, सीओ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, बीईओ सुनील कुमार गौड़, जिला समन्वयक पुनीत श्रीवास्तव सहित अन्य प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत श्री राम स्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय परिसर में सभी प्रतिभागियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया।






**कस्तूरबा देवा विद्यालय में पारंपरिक स्वागत और 200 पौधों का रोपण**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय देवा में टीम के आगमन पर वार्डन सीमा, गाइड छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। इसके उपरांत एडीजे गवर्नर पुनीत द्विवेदी, डॉ. नरेंद्र देव, डॉ. रईस अहमद, अनुराग यादव समेत अन्य अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में नीम, जामुन, मौलश्री, बॉटल ब्रश, सहजन, छितवन और अमरूद के कुल 200 पौधों का वृक्षारोपण किया।

**राजभवन अधिकारियों का छात्राओं से संवाद**

साइकिल रैली के प्रतिभागी अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके अनुशासन, शैक्षिक स्तर एवं जागरूकता की सराहना की। एडीजे गवर्नर पुनीत द्विवेदी ने छात्राओं को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हुए राजभवन आने का निमंत्रण भी दिया।

**हस्ताक्षर अभियान में जागरूकता का संदेश**

''स्वच्छता, पर्यावरण और शिक्षा'' विषयक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं, शिक्षकों और अधिकारियों ने सहभागिता की।

कस्तूरबा बंकी विद्यालय में भी हुआ जोरदार स्वागत, पौधरोपण व संवाद

जब साइकिल रैली कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बंकी पहुँची तो खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव, जिला स्काउड मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी, वार्डन पूनम मिश्रा, ग्राम प्रधान, एवं अन्य ने रोली-अक्षत और पुष्पवर्षा से सभी का स्वागत किया। यहां भी विभिन्न प्रजातियों के 200 पौधों का रोपण एवं सफाई अभियान सफलतापूर्वक संचालित हुआ।

एक साइकिल रैली, अनेक संदेश

इस अभियान ने जहां पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई, वहीं शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक जागरूकता को भी एक नई दिशा दी। राजभवन द्वारा किया गया यह प्रयास जनपद के लिए प्रेरणा और गौरव का विषय बन गया है।

**31 जुलाई को कस्तूरबा हरख पहुचेंगी रैली**

गुरुवार 31 जुलाई को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरख में प्रातः 7 बजे उक्त साइकिल रैली टीम सहित पहुचेंगी, टीम के सदस्यों द्वारा कस्तूरबा हरख में पौधरोपण, सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा टीम के सदस्यों द्वारा छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें पौधरोपण और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

**राजभवन की टीम में शामिल अधिकारी**

आईपीएस एडीसी टू गवर्नर यूपी पुनीत द्विवेदी, डॉ. नरेन्द्र देव चिकित्साधिकारी राजभवन, अनुराग यादव राजपरिवार नियंता राजभवन, डॉ रईस अहमद फिजिशियन राजभवन, मनोज सिंह एवं विमल सिंह नोडल ऑफिसर साइकिल रैली सहित अन्य राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल रहें।





# डब्ल्यूसीपीएल के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के साथ खेलने से भारत का इनकार

एजेंसी






नई दिल्ली। बर्मिंघम में चल रही वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीपीएल) 2025 में भारत चैंपियंस टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से साफ इनकार कर दिया है। यह फैसला भारत सरकार के उस रुख के अनुरूप है, जिसमें आतंकवाद के चलते पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध को नकारा गया है।

बताया गया है कि हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनज़र भारतीय टीम ने यह कड़ा रुख अपनाया है। टीम में शिखर धवन, इरफान पठान, हरभजन सिंह, युवराज सिंह और सुरेश रैना जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं।

इससे पहले भी भारत ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार किया था। उस समय भी कई पूर्व भारतीय क्रिकेटर पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरने को तैयार नहीं हुए थे।

टूर्नामेंट के प्रमुख प्रायोजकों में शामिल ट्रैवल-टेक कंपनी इजिमायट्रीप ने भी इस मुद्दे पर भारत का समर्थन किया है। कंपनी के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ल्लआतंक और क्रिकेट साथ नहीं चल सकते। भारत की टीम ने जिस तरह प्रदर्शन किया है, हम गर्व महसूस करते हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल केवल एक मैच नहीं है। इजिमायट्रीपइस मुकाबले से खुद को अलग करता है ऽ देश पहले, व्यापार बाद में।

भारत चैंपियंस टीम ने मंगलवार को वेस्टइंडीज चैंपियंस को महज 13.2 ओवर में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। अब पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला न खेलने के फैसले ने टूर्नामेंट के भविष्य को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# सीएएफए नेशंस कप 2025: भारत लेगा मलेशिया की जगह, ईरान, ताजिकिस्तान जैसी टीमों से होगी भिड़ंत

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम अब सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 2025 में भाग लेगी, जहां वह मलेशिया की जगह लेगी, जिसने लॉजिस्टिक कारणों से टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है। सीएएफए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ''मलेशिया की भागीदारी पहले ही तय हो गई थी और उन्हें टूर्नामेंट की तारीखों (29 अगस्त से 8 सितंबर) की पूरी जानकारी थी, जो कभी बदली नहीं गयी, लेकिन इस देर से हुए नाम वापसी ने आयोजन की तैयारियों को प्रभावित किया है, क्योंकि योजनाएं पहले ही उन्नत चरण में थीं।अब भारत 'हरिमाउ मलाया' (मलेशिया की टीम) की जगह लेगा''।

यह टूर्नामेंट भारतीय टीम के लिए एक नए युग की शुरुआत भी होगा, क्योंकि हाल ही में मैनोलो मार्केज़ के साथ पारस्परिक सहमति से करार खत्म हो गया था।

भारत को जिन टीमों के साथ ग्रुप में रखा गया है, वे ईरान (डिफेंडिंग चैंपियन), ताजिकिस्तान (2023 एशियन कप क्वार्टरफाइनलिस्ट) और अफगानिस्तान हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के पास ईरान और ताजिकिस्तान जैसी ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को हराकर मूल्यवान रैंकिंग अंक अर्जित करने का सुनहरा अवसर होगा।

टूर्नामेंट फॉर्मेट के अनुसार, हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें प्लेऑफ स्टेज में पहुंचेंगी। 8 सितंबर को दो मुकाबले खेले जाएंगे, तीसरे स्थान के लिए मुकाबला (ग्रुप रनर-अप के बीच)दुशांबे में और फाइनल मुकाबला (ग्रुप विजेताओं के बीच) ताशकंद में होगा। भारत का संभावित कार्यक्रमः भारत बनाम ताजिकिस्तान ऽ 29 अगस्त भारत बनाम ईरान ऽ 1 सितंबर भारत बनाम अफगानिस्तान ऽ 4 सितंबर

भारतीय फुटबॉल टीम पिछले 16 महीनों में किसी भी प्रतिस्पर्धात्मक मैच में जीत दर्ज करने में असफल रही है। 2024 एशियन कप में ग्रुप स्टेज से ही बाहर होने के बाद पहले इगोर स्टिमैक और फिर मैनोलो मार्केज़ को कोच पद से हटाया गया। वर्तमान में भारत की फीफा रैंकिंग 133 है, जो पिछले एक दशक में सबसे निचला स्तर है।

अब टीम एक नई शुरुआत की ओर देख रही है, और 1 अगस्त को नया मुख्य कोच नियुक्त किया जाना तय है। संभावित उम्मीदवारों में खालिद जमील, स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन, और स्टेफ़न टार्कोविक के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बेन स्टोक्स बाहर, आर्चर को आराम

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ लंदन के ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और निर्णायक टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान बेन स्टोक्स कंधे की गंभीर चोट के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं। अब ओली पोप इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। पांच मैचों की सीरीज़ में फिलहाल इंग्लैंड 2-1 से आगे है और यह टेस्ट निर्णायक मुकाबला होगा। स्टोक्स इस सीरीज़ में कुल 140 ओवर डाल चुके हैं और 17 विकेट के साथ अभी तक सीरीज़ के सबसे सफल गेंदबाज़ भी रहे हैं। स्टोक्स ने प्री मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मैं सीरीज़ का अंत नहीं कर पाने से बेहद निराश हूं। स्कैन रिपोर्ट में साफ हो गया कि मैं गेंदबाज़ी नहीं कर सकता। मेडिकल टीम और कोच ब्रेंडन मैकुलम से बात करने के बाद यह फैसला लेना पड़ा। इंग्लैंड ने मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट के ड्रॉ होने के बाद अपनी टीम में कुल चार बदलाव किए हैं। जैकब बेथेल, जोश टंग, गस एटकिंसन, और जेमी ओवरटन को टीम में शामिल किया गया है। तेज़ गेंदबाज़ जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स को आराम दिया गया है। ऑलराउंडर जैकब बेथेल इस साल का अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और वह स्टोक्स की जगह लेंगे। वहीं, स्पिनर लियाम डॉसन को टीम से बाहर कर दिया गया है, जिससे इंग्लैंड किसी भी स्पेशलिस्ट स्पिनर के बिना मैदान में उतरेगा।

### महिला कोपा अमेरिका 2025: ब्राजील ने उरुग्वे को 5-1 से रौंदा, फाइनल में किया प्रवेश

क्विटो। कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के सेमीफाइनल में ब्राजील ने मंगलवार को उरुग्वे को 5-1 से करारी शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही ब्राजील ने 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। मैच में ब्राजील की ओर से अमांडा गुटिरेस ने दो गोल दागे और शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार को होने वाले फाइनल में ब्राजील का मुकाबला कोलंबिया से होगा। यह 2022 के फाइनल की पुनरावृत्ति होगी, जिसमें ब्राजील ने जीत दर्ज कर अपना आठवां खिताब हासिल किया था। 24 वर्षीय गुटिरेस ने कहा, ल्लहम बहुत खुश हैं, यह मेरा पहला फाइनल है। यह हमारे कोच के साथ की गई कड़ी मेहनत का नतीजा है। कोलंबिया एक मजबूत टीम है, लेकिन हम ट्रॉफी जीतने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। गुटिरेस ने मैच की शुरुआत में 11वें मिनट में मार्ता की शानदार क्रॉस पर हेडर के जरिए पहला गोल किया। दो मिनट बाद ही जिओ गारबेलिनी ने ढीली पड़ी गेंद को नेट में डालते हुए ब्राजील की बढ़त 2-0 कर दी। उरुग्वे की ओर से बेलन एक्विनो का एक शॉट क्रॉसबार से टकराया और गोल में तब्दील नहीं हो सका। इसके बाद 27वें मिनट में मार्ता ने पेनल्टी के जरिए टूर्नामेंट का अपना पहला गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। उरुग्वे को 51वें मिनट में ब्राजील की खिलाड़ी ईसा हास के आत्मघाती गोल से थोड़ी राहत मिली, लेकिन 65वें मिनट में गुटिरेस ने फ्री किक पर शानदार गोल कर ब्राजील की बढ़त फिर से तीन गोल की कर दी। मैच के अंतिम क्षणों में सब्स्टीट्यूट डुडिन्हा ने 86वें मिनट में गोल कर स्कोर 5-1 किया और ब्राजील की जीत की कहानी को मुकम्मल कर दिया।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में जगह, लाबुशेन बरकरार

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। युवा ऑलराउंडर मिचेल ओवेन को पहली बार वनडे टीम में मौका मिला है, वहीं तेज गेंदबाज लांस मॉरिस की 50 ओवर प्रारूप में वापसी हुई है। टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद मिचेल ओवेन को वनडे टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने उस सीरीज़ में 192.30 के स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए थे, जिसमें जमैका में पदार्पण मैच में अर्धशतक भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने पिछले वनडे कप सीज़न में तस्मानिया की ओर से साउथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 69 गेंदों में 149 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। वेस्टइंडीज दौरे पर टेस्ट टीम से बाहर किए गए मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम में बरकरार रखा गया है। स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल के वनडे से संन्यास लेने के बाद यह टीम पहले बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है।

# टेस्ट रैंकिंग्स में स्टोक्स और जडेजा की बड़ी छलांग अभिषेक शर्मा बने नंबर-1 टी20 बल्लेबाज़

एजेंसी



नई दिल्ली। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने हाल ही में खेले गए इंग्लैंड-भारत चौथे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग्स में बड़ी छलांग लगाई है। स्टोक्स ने टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग्स में तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल कर लिया है, जो दिसंबर 2022 के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। उन्होंने मैच में 141 रन की पारी के साथ पहली पारी में पांच विकेट भी झटके थे। इससे वे बल्लेबाजों की सूची में आठ स्थान चढ़कर 34वें और गेंदबाजों में 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा ने 107 रन की जुझारू पारी और चार विकेट की मदद से ऑलराउंडर रैंकिंग्स में शीर्ष पर अपनी बादशाहत और भी पुख्ता कर ली है। वे अब 422 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे नंबर पर मौजूद बांग्लादेश के मेहदी हसन से 117 अंक आगे हैं। उन्होंने बल्लेबाजों की सूची में पांच स्थान चढ़कर 29वां स्थान और गेंदबाजों में एक स्थान ऊपर चढ़कर 14वां स्थान हासिल किया है। इंग्लैंड के जो रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में 150 रन की शानदार पारी खेली, जिससे वे बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन से 37 अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं। इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट पांच स्थान ऊपर चढ़कर 10वें और ज़ैक क्रॉली दो स्थान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ओली पोप भी एक स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर आ गए हैं। भारत के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर, जिन्होंने जडेजा के साथ 203 रनों की नाबाद साझेदारी की और 101* रन बनाए, आठ स्थान की छलांग लगाकर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 65वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दो विकेट भी लिए और ऑलराउंडर लिस्ट में भी आठ स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर आ गए हैं।

तेज गेंदबाज जॉफ्रा आर्चर ने चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में लौटते हुए तीन विकेट लिए और गेंदबाजों की रैंकिंग में 38 स्थान ऊपर चढ़कर 63वें स्थान पर पहुंच गए। वहीं, क्रिस वोक्स एक स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर आ गए हैं। भारतीय युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पहली बार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड, जो पिछले एक साल से टॉप पर थे, वेस्ट इंडीज सीरीज़ में नहीं खेले और उनकी रैंकिंग गिर गई।

## खो-खो को एआईईएससीबी के खेल कैलेंडर में मिली आधिकारिक मान्यता, पारंपरिक भारतीय खेल के लिए नया स्वर्ण युग शुरू

नई दिल्ली। भारतीय पारंपरिक खेल खो-खो ने खेल जगत में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए अखिल भारतीय विद्युत क्रीड़ा नियंत्रण बोर्ड (एआईईएससीबी) के वार्षिक खेल कैलेंडर में अपनी आधिकारिक जगह बना ली है। यह निर्णय एआईईएससीबी की मुंबई में आयोजित वार्षिक आम सभा बैठक में लिया गया, जहां खो-खो को क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन और टेनिस जैसे अन्य 16 प्रमुख खेलों के समकक्ष स्थान दिया गया।

एआईईएससीबी भारत में ऊर्जा और विद्युत क्षेत्रों से जुड़े विभागों की प्रमुख खेल संस्था है, जो वर्षों से विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। अब एआईईएससीबी की मान्यता मिलने के बाद, खो-खो खिलाड़ियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक मंच मिलेगा, बल्कि उन्हें खेल कोटे के माध्यम से करियर के स्थायी अवसर भी मिल सकेंगे।

# ई-स्पोर्टस वर्ल्ड कप 2025: अर्जुन एरिगैसी शतरंज इवेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

एजेंसी




नई दिल्ली। रियाद (सऊदी अरब) में चल रहे ई-स्पोर्टस वर्ल्ड कप 2025के शतरंज इवेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने मंगलवार को क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। एरिगैसी (ग्रुप बी) के साथ अन्य ग्रुप विजेता लेवोन अरोनियन (ग्रुप ए), अलीरेज़ा फिरोज़ा (ग्रुप सी) और मैग्नस कार्लसन (ग्रुप डी) भी अंतिम आठ में पहुंचे हैं। कुल 16 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में कुल इनामी राशि 15 लाख अमेरिकी डॉलर है।

क्वार्टरफाइनल के शेष चार स्थान 'लूजर्स ब्रैकेट' के विजेताओं को मिलेंगे। ग्रुप ए में इयान नेपोमनियाची, व्लादिस्लाव अर्तेमिएव और आंद्रे एसिपेंको शामिल हैं। ग्रुप बी में अनीश गिरी, निहाल सरीन और मैक्सीम वाचिए-लाग्राव हैं। ग्रुप सी में जावोखिर सिंदारोव, वेई यी और हिकारू नाकामुरा जबकि ग्रुप डी में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, फाबियानो करूआना और जान-क्रिज़टोफ डूडा शामिल हैं।

हर मुकाबले का टाइम कंट्रोल 10 मिनट का है जिसमें कोई इनक्रिमेंट नहीं है। प्रत्येक मुक़ाबला दो गेम की श्रृंखला होती है, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर आर्मगेडन टाईब्रेकर भी खेला जाता है। एरिगैसी ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन निहाल सरीन पर 2-0 की जीत से की। ग्रुप बी के एक अन्य मैच में मैक्सीम वाचिए-लाग्राव ने अनीश गिरी को 1.5-0.5 से हराया। ग्रुप विजेता तय करने वाले मुकाबले में एरिगैसी ने काले मोहरों से पहला गेम जीता, हालांकि वाचिए-लाग्राव ने वापसी करते हुए दूसरा गेम जीत लिया और मुकाबला आर्मगेडन तक पहुंच गया। निर्णायक आर्मगेडन गेम में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सफ़ेद मोहरों से जीत दर्ज कर ग्रुप टॉप करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लूजर्स ब्रैकेट के सेमीफाइनल में निहाल सरीन का मुकाबला अब अनीश गिरी से होगा, जिसमें जीतने वाला खिलाड़ी क्वार्टरफाइनल के लिए वाचिए-लाग्राव से भिड़ेगा।

# कनाडियन ओपन 2025: एक महीने बाद कोर्ट पर लौटे अलेक्जेंडर ज्वेरेव की विजयी वापसी

एजेंसी

टोरंटो। कनाडियन ओपन 2025 (एटीपी टोरंटो मास्टर्स) में टॉप सीड जर्मन खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एक महीने बाद कोर्ट पर वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को 7-6 (8/6), 6-3 से हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली।

विंबलडन के पहले दौर में हारने के बाद ज्वेरेव ने मानसिक थकावट के कारण खेल से ब्रेक लिया था। इस दौरान उन्होंने राफ़ेल नडाल की मल्लोर्का अकादमी का दौरा भी किया, जहां उन्होंने सलाह और करियर से जुड़े विचार-विमर्श किए। पहले सेट के टाईब्रेकर में वह 4-1 से पीछे थे, लेकिन शानदार वापसी करते हुए सेट अपने नाम किया। मैच के दौरान उन्होंने एक 52 शॉट्स की लंबी रैली भी खेली। जीत के बाद अब उनके करियर में कुल 499 मैच जीत हो चुकी हैं।

ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, ल्लकभी-कभी केवल जीत ही मायने रखती है। यह सबसे सुंदर मैच नहीं था, लेकिन जीत जरूरी थी।ङ्क अब उनका सामना इटली के माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने त्रिस्टन स्कूलकेट को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया।

अन्य मुकाबलों में तीसरे वरीय लोरेन्जो मुसेत्ती और पांचवें वरीय होल्गर रून ने भी सीधे सेटों में जीत दर्ज की। मुसेत्ती ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से हराया।

रून ने फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरिकरड को 7-6 (9/7), 6-3 से मात दी। आठवें वरीय कैस्पर रूड ने रोमन सफियुल्लिन को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया।

पूर्व चैंपियन और 10वें वरीय दानील मेदवेदेव ने डलिबोर स्वर्सिना को 7-6 (7/3), 6-4 से हराया। स्वर्सिना ने इस मैच में 40 से अधिक अनफोर्स्ड एरर्स किए। 11वें वरीय कारेन खाचानोव ने अर्जेंटीना के जुआन पाब्लो फिकोविच को

# उतार-चढ़ाव के बीच मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने की 80 हजार करोड़ की कमाई

एजेंसी




नई दिल्ली। पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि, बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। दिन के पहले सत्र में ज्यादातर समय बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरे सत्र के ज्यादातर समय लिवाली का जोर बना रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी, आईटी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसी तरह ऑयल एंड गैस और बैंकिंग इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 80 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 452.24 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 451.44 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से 80 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,158 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,030 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,966 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 162 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,654 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,355 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,299 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 256.57 अंक की तेजी के साथ 81,594.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 150.89 अंक की कमजोरी के साथ 81,187.06 अंक तक गिर गया। दिन के दूसरे सत्र में खरीदारी शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक निचले स्तर से 430 अंक से ज्यादा उछल कर 281.01 अंक की बढ़त के साथ 81,618.96 अंक तक पहुंच गया।

# जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स की मजबूत एंट्री, लिस्टिंग के बाद बना बिकवाली का दबाव

एजेंसी

नई दिल्ली। लैपटॉप, डेस्कटॉप और आईसीटी डिवाइसेज की रीफर्बिशिंग सर्विसेज मुहैया कराने वाली कंपनी जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। हालांकि, लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों को मामूली झटका भी लगा। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 237 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी एंट्री करीब 49 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 350 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 355 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कुछ ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 325.55 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। इसके बाद खरीदारों ने भी लिवाली का जोर बनाया, जिसके कारण कंपनी के शेयर उछल कर 359.40 रुपये के स्तर तक भी पहुंचे। पूरे दिन के कारोबार के बाद जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 96.39 रुपये की बढ़त के साथ 333.39 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक 40.67 प्रतिशत के मुनाफ़े में रहे। जीएनजी इलेक्ट्रॉनिक्स का 460.43 करोड़ रुपये का आईपीओ 23 से 25 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 150.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 266.21 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 226.44 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 47.36 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 400 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 2 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 25.50 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं। आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 32.43 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 52.31 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 69.03 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 46 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 1,420.37 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़ी महिला को किया गिरफ्तार

## गुजरात एटीएस को बड़ी कामयाबी, गिरफ्तार शमा परवीन के पाकिस्तानी संपर्क मिले

एजेंसी

गांधीनगर। गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने आतंकवादी संगठन अलकायदा से कथित संबंधों के आरोप में कर्नाटक के बेंगलुरु से 30 साल की महिला शमा परवीन को गिरफ्तार किया है।

एटीएस का दावा है कि शमा परवीन एक्यूआईएस (भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा) के ऑनलाइन टेरर मॉड्यूल का हिस्सा थी। एटीएस ने बताया है कि शमा परवीन मूलरूप से झारखंड की रहने वाली है। यह इस मॉड्यूल की पांचवीं गिरफ्तारी है। इससे पहले इस मॉड्यूल के चार आतंकी गिरफ्तार हो चुके हैं। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने शमा की गिरफ्तारी को बड़ी सफलता बताया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि महिला का पाकिस्तान कनेक्शन मिला है। वो ऑनलाइन आतंकवादी मॉडल पर काम करती है। गुजरात एटीएस के अनुसार, शमा परवीन इस पूरे मॉड्यूल की मुख्य साजिशकर्ता थी और लोगों को कट्टरपंथी बनाकर आतंकवादी गतिविधियों के लिए तैयार कर रही थी। शमा अविवाहित है और बेरोजगार है। वह सोशल मीडिया के जरिए अलकायदा के टेरर मॉड्यूल को आगे बढ़ा रही थी। गुजरात एटीएस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद बताया कि शमा परवीन सोशल मीडिया पर दो फ़ेसबुक और एक इंस्टाग्राम अकाउंट से जिहाद फैला रही थी। इंस्टाग्राम अकाउंट पर 14 हजार से अधिक फॉलोवर्स हैं। गुजरात एटीएस के अनुसार 22 जुलाई को चार आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था जो अलकायदा से जुड़े थे। इन आतंकियों से पूछताछ में शमा परवीन की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद शमा परवीन को रडार पर लिया गया। एटीएस ने उसको बेंगलुरु से गिरफ्तार किया। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि अभी तक जांच में सामने आया है कि शमा परवीन जिहादी मानसिकता और गजवा ए हिंद के कई वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाकर हिंसा फैलाने का काम करती थी। बेंगलुरु में कुछ साल से ही परिवार के साथ रहती थी लेकिन अपने कमरे से जल्दी बाहर नहीं आती थी। शमा परवीन व्हाट्सएप के जरिए कई पाकिस्तानी अकाउंट्स के संपर्क में थी। इसे किसी प्रकार की कोई फंडिंग थी या इसके साथ अन्य कौन जुड़ा है, इसकी अब जांच की जाएगी। महिला को गिरफ्तार कर अहमदाबाद लाया गया है। रिमांड लेकर डिटेल जांच की जाएगी।



## अमृत भारत ट्रेन में विश्व स्तर की सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं: वैष्णव

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोक सभा में बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में वैश्विक स्तर की सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं और विभिन्न क्षेत्रों से इस ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन को चलाने की मांग बढ़ रही है।

श्री वैष्णव ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए चलायी जाने वाली अमृत भारत ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे, नये डिजाइन के शौचालय, मोबाइल फोन चार्जिंग आदि सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं। इस ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग देश के विभिन्न क्षेत्रों से निरंतर आ रही हैं। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष में वंदे भारत ट्रेन की 144 सेवायें संचालित करा दी गयी हैं। पूरे भारत को वंदे भारत की सेवा से कवर कर लिया गया है। रेल मंत्री ने आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर के प्रश्न के उत्तर में बताया कि केरल में रेल सेवा विस्तार के लिये बहुत काम किया गया है। प्रदेश में रेल सेवा विस्तार के लिए मोदी सरकार के कार्यकाल में जितना काम हुआ हैं।

# ट्रम्प के मामले में गोल मोल जवाब दे रहे हैं मोदी : राहुल-प्रियंका

एजेंसी



नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सैन्य कार्रवाई रोकने के दावे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोल मोल जवाब दे रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि यदि सच बोल दिया तो श्री ट्रम्प पूरी सच्चाई सामने रख देंगे। उन्होंने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों पर कहा कि श्री ट्रम्प के मामले में श्री मोदी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं। श्री मोदी जानते हैं कि यदि श्री ट्रम्प को लेकर कुछ बोलेंगे तो व्यापार समझौते में वह मनमानी पर उतर आएंगे इसलिए इस संकट से बचने के लिए प्रधानमंत्री गोल मोल जवाब दे रहे हैं।

श्री गांधी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नहीं लिया। ये सबको मालूम है क्या हुआ है और प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं। अगर प्रधानमंत्री ने बोल दिया, तो ट्रम्प खुलकर बोलेंगे और पूरी सच्चाई रख देंगे, इसलिए प्रधानमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं। ट्रम्प बार-बार एक ही बात को इसलिए दोहरा रहे हैं, क्योंकि वो व्यापार समझौते में श्री मोदी को दबाएंगे। आप देखना कैसा व्यापार समझौता होता है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री 'गोल-मोल' बातें कर रहे हैं। श्री मोदी साफ कहें कि अमेरिकी राष्ट्रपति झूठ बोल रहे हैं।

# मोदी के कार्यकाल में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्य सभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में पिछले 11 वर्षों में जम्मू कश्मीर को छोड़कर शेष देश में आतंकवादी हमले बंद हो गये हैं।

श्री नड्डा ने उच्च सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि देश में 2014 के पहले कई आतंकवादी हमले हुए जिनमें सैकड़ों लोग मारे गये लेकिन 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद जम्मू कश्मीर को छोड़कर शेष देश में आतंकवादी घटनाओं पर रोक लग गयी।

उन्होंने इस सिलसिले में कंग्रेस सरकार के कार्यकाल को अमावस्या की संज्ञा देते हुए कहा कि उस दौरान कई आतंकवादी घटनाएं हुईं लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 की बीच का कांग्रेस का कार्यकाल अमावस्या की तरह था और उसके बाद 2014 में मोदी सरकार ने कार्यभार संभाला और सरकार के पिछले 11 वर्ष के कार्यकाल को पूर्णिमा की संज्ञा दी जा सकती है जिसमें आतंकवादी घटनाएं बंद हो गयीं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने संप्रग सरकार के शासन में आतंकवादी घटनाओं का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए कहा कि 2005 में जौनपुर में हरकत-उल-जेहाद के आतंकवादी हमले में 14 लोग मारे गये लेकिन उस समय की सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद 2005 में दिल्ली में सीरियल बम धमाके हुए जिसमें सरोजनी नगर और पहाड़गंज को निशाना बनाया गया जिसमें 67 लोग मारे गये और करीब 200 लोग घायल हुए लेकिन इस घटना पर भी सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक हमले होते रहे। वर्ष 2006 में मुंबई में रेल बम धमाके हुए जिसमें 209 लोग मारे गये और करीब 700 लोग घायल हुए। इसमें इंडियन मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था। इस हमले के बाद केन्द्र सरकार ने कार्रवाई के नाम पर 'ज्वाइंट एंटी टेररिजम मैकेनिजम' बना दिया। इसकी पहली बैठक दो महीने बाद हुई जबकि दूसरी बैठक सात महीने बाद हुई। इसके बाद भी हमले होते रहे और पाकिस्तान और भारत के बीच व्यापार और पर्यटन जारी रहा। श्री नड्डा ने कहा कि दिल्ली में 2008 में कनॉट प्लेस में आतंकवादी हमला हुए जिसमें भी कई लोग मारे गये। इस आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की थी।

# सैन्य कार्रवाई रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति की कोई भूमिका नहीं: जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर दोहराया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई को रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोई भूमिका नहीं थी।

श्री जयशंकर ने राज्यसभा में 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक आपरेशन सिंदूर' पर मंगलवार को अधूरी रही चर्चा की बुधवार को शुरूआत करते हुए कहा कि सैन्य कार्रवाई को रोकने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कोई बातचीत नहीं हुई थी। उन्होंने कहा, 'दोनों नेताओं के बीच 22 अप्रैल से लेकर 16 जून के बीच टेलीफोन पर कोई भी बात नहीं हुई थी। विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय कूटनीति की विफलता के विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए कहा कि भारतीय कूटनीति बिल्कुल सही दिशा में थी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की गयी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं और सीमा पार आतंकवाद की निंदा की जबकि मुंबई आतंकवादी हमले के बाद हुए ब्रिक्स सम्मेलन में जो बयान जारी किया गया था उसमें सीमा पार आतंकवाद का कोई जिक्र नहीं था। श्री जयशंकर ने कहा कि जर्मनी फ्रांस, रूस और यूरोपीय संघ ने भी पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। श्री जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए 25 अप्रैल को बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि यह तब हुआ जब पाकिस्तान सुरक्षा परिषद का सदस्य था और भारत इस विश्व संगठन से बाहर था। विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैन्य बलों के शौर्य की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने बहावलपुर और मुरीदके में आतंकवादी ठिकानों को पूरी सटीकता के साथ धवस्त किया। ये पाकिस्तान में आतंकवाद के गढ थे। यही नहीं, पाकिस्तान के कई हवाईअड्डों को भी निशाना बनाया गया। यह ऑपरेशन सिंदूर की बड़ी कामयाबी थी। उन्होंने कहा कि जो लोग ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के सबूत मांगते हैं, उन्हें यूट्यूब पर जाकर आतंकवादियों की मौत के बाद उनकी अंत्येष्टि के दृश्य देखने चाहिए। इससे यह पता चला जायेगा कि भारतीय सेना ने किस तरह की कार्रवाई की थी। श्री जयशंकर ने पाकिस्तान और चीन करीब आने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि दोनों देश करीब आये हैं लेकिन वे एक दिन में करीब नहीं आये हैं। उन्होंने कंग्रेस सरकारों के दौरान की घटनाओं का जिक्र करते हुए यह बताने की कोशिश की कि दोनों देशों के बीच पहले भी करीबी रिश्ता रहा है। विदेश मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर निशाना साधते हुए कहा कि जब सिंधु जल संधि की गयी थी उस समय उन्हें भारतीय किसानों से ज्यादा पाकिस्तान के किसानों की चिंता थी। उन्होंने उस दौरान लोकसभा में कहा था कि इस जल संधि से पश्चिमी पंजाब के किसानों को लाभ होगा जो पाकिस्तान का हिस्सा था। श्री जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत की स्थिति स्पष्ट करने के लिए विभिन्न देशों में गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में सांसदों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि 33 देशों में भारत के प्रतिनिधिमंडल भेजे गये थे जिसमें शशि थरूर, रविशंकर प्रसाद, संजय झा, सुप्रिया सुले और श्रीकांत शिंदे तथा अन्य सांसदों ने बेहतर तरीके से भारत का पक्ष विश्व के सामने रखा।



### उप्र में कम छात्रों के कारण बंद हो रहे विद्यालयों का मामला लोकसभा में उठा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में उत्तर प्रदेश में कम छात्र संख्या के कारण परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का मामला उठा और शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबों के हित में किसी भी विद्यालय को किसी भी बहाने बंद नहीं करने का सरकार से आग्रह किया गया। लोकसभा में शून्यकाल में समाजवादी पार्टी के नरेश चंद्र देव ने उत्तर प्रदेश परिषदीय विद्यालयों को कम छात्र संख्या के आधार पर बंद किए जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि राज्य सरकार ने 16 जून को एक आदेश जारी कर इन विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। उन्होंने इस आदेश को गरीब विरोधी बताया और कहा कि गरीबों को बुनियादी शिक्षा मिले इसके लिए इन विद्यालयों बंद नहीं करना चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस आदेश को तत्काल वापस लेकर प्रदेश में परिषदीय विद्यालय बंद करने की नीति में बदलाव लाए। समाजवादी पार्टी के ही नीरज मौर्य ने कहा कि राज्य में जब सपा की सरकार थी तो तब छात्रों को लैपटॉप दिये जाते थे लेकिन आज 'सब पढ़े सब बढ़े' का नारे के बावजूद सरकार छात्रों के अधिकार को छीन रही है और सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। उन्होंने स्कूल बंद करने की बजाय वहां केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढाने का आग्रह किया और कहा कि इसी संसद ने शिक्षा का अधिकार देश की जनता को दिया था और अब उस अधिकार को छीनने का काम हो रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि किसी भी स्तर पर शिक्षा के मंदिरों को बंद नहीं किया जाना चाहिए और कम छात्र संख्या का हवाला देकर कमजोर वर्ग के छात्रों को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

### लालू की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रष्टाचार के एक मामले में अपने खिलाफ निचली अदालत में चल रही कार्यवाही स्थगित करने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की याचिका पर सुनवाई करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता की गुहार ठुकरा दी। पीठ कहा कि निचली अदालत द्वारा मामले में आरोप तय करने से उनकी (यादव की) उच्च न्यायालय में दायर याचिका निरर्थक नहीं होगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने शीर्ष अदालत से यह निर्देश देने की मांग की थी कि जब तक दिल्ली उच्च न्यायालय इस मामले उनकी याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं कर लेता, तब तक निचली अदालत की कार्यवाही स्थगित कर दी जाए। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 2004-2009 में 'जमीन के बदले नौकरी' के आरोप में श्री यादव और अन्य के खिलाफ 2022 में मुकदमा दर्ज किया था।

### राज्य सभा में चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री के नहीं देने पर विपक्ष का बहिर्गमन

नयी दिल्ली। राज्य सभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नहीं दिये जाने पर बुधवार को कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। ऑपरेशन सिंदूर पर करीब 16 घंटे की चर्चा के बाद जवाब देने के लिए उप सभापति हरिवंश ने जैसे ही गृह मंत्री अमित शाह का नाम पुकारा तो विपक्षी सदस्य अपनी सीटों पर खड़े होकर इसका विरोध करने लगे। उन्होंने कहा कि चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री को देना चाहिए। उन्होंने सदन के बीचों बीच आकर हंगामा शुरू कर दिया। उप सभापति ने सदस्यों से अपनी सीटों पर जाने का आग्रह करते हुए कहा कि ये मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा कि कार्यमंत्रणा समिति में पहले ही यह फैसला हो चुका है कि कोई भी मंत्री चर्चा का जवाब दे सकता है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सभी को अपेक्षा थी कि 16 घंटे की चर्चा के बाद प्रधानमंत्री अपनी बात रखेंगे और विपक्ष के सवालों का जवाब देंगे क्योंकि कई सवाल उनसे ही संबंधित हैं। वह यहां रहते हुए भी सदन में नहीं आ रहे हैं तो ये अनुचित है और सदन का अपमान है। श्री शाह ने भी कहा कि कार्यमंत्रणा समिति में ये बात हुई थी कि कोई भी मंत्री चर्चा का जवाब देगा। फिर विपक्ष को इस पर ऐतराज क्यों है। उन्होंने कहा कि श्री खरगे को कांग्रेस बोलने नहीं देती है वही मुद्दा उठा रहे हैं। जवाब कौन देगा ये सरकार तय करेगी। प्रधानमंत्री अपने कार्यालय में हैं और अगर वह आते हैं तो इससे विपक्ष को और ज्यादा तकलीफ होगी। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य अपनी मांग पर अड़े रहे और गृह मंत्री के जवाब जारी रखने पर सदन से बहिर्गमन कर गये। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा का जवाब मंगलवार को प्रधानमंत्री ने दिया था। दोनों सदनों में चर्चा की शुरूआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की थी।

## पेज एक का शेष

### आंतरिक जांच के...

न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया था?। उन्होंने एक रिट याचिका में आंतरिक प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष सुनवाई और उचित प्रक्रिया से इनकार करने का दावा किया। उन्होंने न्यायाधीशों की समिति द्वारा जाँच शुरू करने से पहले औपचारिक शिकायत न होने का मुद्दा भी उठाया। न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि 22 मार्च, 2025 को उनके खिलाफ आरोपों का खुलासा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति वेबसाइट पर अपलोड करने (शीर्ष न्यायालय के) से मीडिया में तीव्र अटकलें लगाई गईं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन हुआ। न्यायमूर्ति वर्मा ने यह भी तर्क दिया कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित न्यायाधीशों की समिति ने उन्हें आरोपों का खंडन करने या गवाहों से जिरह करने का अवसर नहीं दिया।

### दो हजार आरोपी, 500...

गवाहों के साथ यह भारत का सबसे ज़्यादा भीड़-भाड़ वाला मुक़दमा होगा। निचली अदालत का एक छोटा सा अदालत कक्ष काफ़ी नहीं होगा। उनकी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एक क्रिकेट स्टेडियम की भी जरूरत पड़ेगी। कई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस अभियुक्त अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अचानक सामने आ जाएंगे। याचिकाकर्ता वाई बालाजी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने दलील दी कि ऐसे मामले भी हैं जहां कई दादी को अपने पोते को नौकरी दिलाने के लिए अपने गहने बेचने पड़े। उन्होंने कहा कि वे अभियुक्त नहीं, बल्कि गवाह हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि पूर्व मंत्री, उनके भाई, निजी सहायक और नौकरी के लिए पैसे मांगे वाले आस-पास के अन्य लोगों को ही मुख्य अभियुक्त माना जाए। उन्होंने कहा कि अब रिश्वत देने के आरोप में आरोपी बनाए गए अन्य लोगों के बारे में यह तय किया जा सकता है कि वे मुख्य आरोपी हैं या उनके साथ गवाहों जैसा व्यवहार किया जा सकता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस मामले के लिए एक विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया जा सकता है। तमिलनाडु सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि इस अदालत ने पहले भी वकील की ओर से पेश हर दलील पर विचार किया है और विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति सहित हर अनुरोध को इस अदालत ने एक से अधिक बार खारिज कर दिया है। शीर्ष अदालत ने हालांकि राज्य सरकार से आरोपियों की पूरी सूची और उनका विवरण उपलब्ध कराने को कहा। गौरतलब है कि पीठ ने मंगलवार को भी सुनवाई की और कहा था कि बालाजी से जुड़े सभी लंबित मामलों पर वह बुधवार को सुनवाई करेगी। नौकरी में रिश्वत के आरोप से जुड़े मुकदमों में बालाजी 14 जून, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। शीर्ष अदालत ने उन्हें 26 सितंबर, 2024 को जमानत दे दी।

### रूस में 8.8 तीव्रता...

को खाली करने का आदेश दिया गया और फुकुशिमा परमाणु संयंत्र को खाली कर दिया। लेकिन बाद में जापान के अधिकारियों ने सुनामी की तीव्रता का अपना अलर्ट हल्की श्रेणी में डाल दिया। हालांकि खतरा पूरी तरह से टला नहीं है और अधिकारी सुनामी की नई लहरों पर नजर बनाए हुए हैं। इसी तरह हवाई इलाके में करीब पांच मीटर की लहरें उठीं लेकिन उनसे किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद स्थानीय प्रशांत सुनामी केंद्र ने चेतावनी के स्तर को कम करते हुए कहा कि यहां कोई बड़ी सुनामी की आशंका नहीं है। परिवहन विभाग ने कहा कि होनोलूलू हवाई अड्डे से उड़ानें बाद में फिर से शुरू कर दी गईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि यह भूकंप 19.3 किमी गहराई पर था और इसका केंद्र 165 हजार की आबादी वाले पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से 119 किमी पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा में था। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार सुबह रूस में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद सुनामी लहरें रूस के कुरील द्वीप और जापान के होक्काइडो के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर पहुंच गई हैं। सुनामी की चेतावनी अलास्का, हवाई और न्यूजीलैंड की ओर दक्षिण में स्थित अन्य तटों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि 60 सेंटीमीटर (2 फीट) ऊंची सुनामी का पता चला है, क्योंकि लहरें प्रशांत तट के साथ होक्काइडो से टोक्यो खाड़ी तक दक्षिण की ओर बढ़ रही हैं।

### भारत ने फिर रचा...

मुताबिक, निसार मिशन दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक दशक से अधिक लंबे सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इसरो ने बताया कि यह उपग्रह हर 12 दिनों में पूरी पृथ्वी को स्कैन करेगा और दिन-रात, हर मौसम में उच्च-रिजॉल्यूशन वाला डाटा प्रदान करेगा। उपग्रह पृथ्वी की सतह पर अत्यंत सूक्ष्म बदलावों की पहचान करने में सक्षम होगा, जैसे वनस्पति में बदलाव, बर्फ की चादरों का खिसकना और जमीन का विकृति (डिफॉर्मेशन)। इसरो ने कहा कि इस मिशन से समुद्र के स्तर की निगरानी, जहाजों का पता लगाना, तूफानों पर नजर रखना, मिट्टी की नमी में बदलाव, सतही जल संसाधनों की मैपिंग और आपदा प्रबंधन जैसे कई अहम क्षेत्रों में मदद मिलेगी। यह उपग्रह भूकंप से जमीन में आई हल्की दरारें या बर्फ की चादर में बदलाव का पता लगाएगा। जीएसएलवी-एफ18 इस उपग्रह को 743 किलोमीटर ऊंचे सन-साइक्रोनस ऑर्बिट में स्थापित करेगा। जिसका झुकाव 98.40 डिग्री होगा। निसार धरती की निगरानी करने वाला दुनिया का पहला उपग्रह है। इसमें दो अलग अलग बैंड (नासा का ख्र-बैंड और इसरो का ट्ट-बैंड वाले) के रडार हैं। जिसके कारण वह घने जंगलों के नीचे से भी डाटा एकत्र करने में सक्षम होगा। इसरो प्रमुख ने बताया कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपग्रह है। इसके दो प्रमुख पेलोड हैं: एक एस-बैंड पेलोड है। जिसे इसरो ने पूरी तरह से अहमदाबाद की लैब में विकसित किया है और दूसरा- जेपीएल अमेरिका द्वारा विकसित एल-बैंड पेलोड। दोनों पेलोड को एक उपग्रह में संयोजित और एकीकृत किया गया है। निसार सैटेलाइट एसएआर का इस्तेमाल किया गया है। इस तकनीक से रडार सिस्टम की मदद से बहुत अच्छी तस्वीरें ली जा सकेंगी। इसी तकनीक की मदद से हर 12 दिन में पूरी पृथ्वी की सतह की उच्च-रिजॉल्यूशन तस्वीरें ली जाएंगी। दोनों रडार नासा के 12 मीटर के फैलने योग्य मेश रिफ्लेक्टर एंटीना के जरिए डेटा प्राप्त करेंगे। जिसे इसरो के ऋउख बस में जोड़ा गया है। यह उपग्रह 242 किलोमीटर की चौड़ाई और उच्च स्थानिक रेजॉल्यूशन के साथ पृथ्वी का निरीक्षण करेगा। ये दोनों धरती पर पेड़-पौधों की घटती-बढ़ती संख्या पर नजर रखेंगे साथ ही प्रकाश की कमी और ज्यादा होने के असर की भी अध्ययन करेंगे।

### प्रधानमंत्री काशी में...

यह दौरा भी काशीवासियों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात लेकर आएगा।

### पहलगाम हमले के लिए...

लेकिन 26 अप्रैल को टीआरएफ ने अपने दावे को वापस ले लिया। इसके बाद टीआरएफ की ओर से कोई और बयान नहीं आया तथा न ही किसी अन्य समूह ने जिम्मेदारी ली। रिपोर्ट में एक सदस्य देश के हवाले से कहा गया है, ''यह हमला पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन के बिना संभव नहीं था और टीआरएफ तथा लश्कर के बीच संबंध हैं। एक अन्य सदस्य देश ने कहा कि हमला टीआरएफ ने किया था जो लश्कर का ही दूसरा नाम है। हालांकि, एक अन्य सदस्य देश ने इन दावों को ''खारिज'' करते हुए कहा कि लश्कर-ए-तैयबा अब ''निष्क्रिय'' हो चुका है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि क्षेत्रीय संबंध अब भी नाजुक हैं और ''यह आशंका है कि आतंकवादी संगठन इन क्षेत्रीय तनावों का फायदा उठा सकते हैं। अमेरिका ने इस महीने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया है। पहलगाम हमले के बाद 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी कर कहा था कि ऐसे घृणित आतंकवादी कृत्य के जिम्मेदार अपराधियों, षडयंत्रकर्ताओं, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाना जरूरी है। हालांकि, पाकिस्तान के दबाव में उस बयान में टीआरएफ का नाम शामिल नहीं किया गया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि सुरक्षा परिषद में बयान पर चर्चा के दौरान पाकिस्तान ने टीआरएफ के नाम का किसी भी प्रकार का उल्लेख हटवाने की कोशिश की थी। भारत ने पहलगाम हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर'' चलाया था। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट-खुरासान अब भी मध्य और दक्षिण एशिया तथा वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है।

### युवाओं को जॉब सीकर...

की लाइसेंस बाध्यता नहीं है। साथ ही, 5 लाख रुपए का बीमा कवर भी दिया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 में जब उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में तैयार लोक कल्याण संकल्प पत्र में वादा किया गया था कि परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना लाई जाएगी। सरकार बनने के बाद प्रदेशभर का अध्ययन कराया गया और पाया कि हर जिले में कुछ न कुछ परंपरागत उद्यम हैं, लेकिन भ्रष्टाचार, अराजकता और पलायन के कारण यह क्षेत्र लगभग दम तोड़ चुका था। इसी चुनौती को अवसर में बदलते हुए सरकार ने 2018 में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना की शुरुआत की। यह योजना आज देश में एक ब्रांड बन चुकी है और उत्तर प्रदेश के निर्यात को 86,000 करोड़ से बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले त्योहारों पर चीन का सामान बाजारों में छाया रहता था, लेकिन आज स्थानीय उत्पाद और ओडीओपी गिफ्ट्स हर घर तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय कारीगर, उद्यमी और हस्तशिल्पी सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही 2019 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई, जिसके तहत परंपरागत कारीगरों को प्रशिक्षण, टूलकिट और सम्मान दिया जा रहा है। सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि जो समाज अपने कारीगरों को सम्मान नहीं देता, उसका भविष्य नहीं होता। सीएम योगी ने बताया कि 25 से 29 सितंबर, 2025 को नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में भी उत्तर प्रदेश के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। वहां पर बायर-सेलर मीट होती है। कोई कल्पना भी नहीं करता था कि यूपी में इस तरह की चीजों का प्रोडक्शन होता होगा। पहले साल चार लाख लोग, दूसरी बार 5 लाख लोग इसके सहभागी बने थे। यह उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल का एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन चुका है। यह प्रदेश के 'लोकल टू ग्लोबल' विजन को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच है। इस अवसर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार, कई विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायकों की ओर से उठाई गई जन समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विधायकों की ओर से उठाई गई जनसमस्याओं को अधिकारी पूरी गंभीरता से लें और उनके समाधान के लिए अधिकारी विधायकों के साथ निरंतर संवाद करें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को सचिवालय में टिहरी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं की मुख्यमंत्री घोषणाओं और अन्य कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सभी 70 विधानसभाओं के अंतर्गत की गई घोषणाओं और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए शासन-प्रशासन और विधानसभा क्षेत्र के बीच सेतु की भूमिका में कार्य करने के लिए अपर सचिव स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाए।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि प्रत्येक विधानसभा में गतिमान विभिन्न कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव स्तर पर भी की जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय सचिव भी विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अपने विभागों की नियमित समीक्षा करें। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं की प्रत्येक तीन माह में समीक्षा मुख्यमंत्री स्वयं करेंगे। बैठक में विधायकों की ओर से अपनी विधानसभा से संबंधित जो जन समस्याएं रखी गई हैं, उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी एक सप्ताह के भीतर संबंधित विधायकों और मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जनहित से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के बाद सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने सभी विधायकों से कहा कि अपनी विधानसभा क्षेत्र में लघु, मध्य और दीर्घ अवधि में पूर्ण होने वाले कार्यों का प्रस्ताव भेजें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन योजनाओं का नियमित अनुश्रवण किया जाए और समयबद्धता के साथ योजनाओं को पूर्ण किया जाए। 469 घोषणाओं में से 305 घोषणाएं पूर्ण बैठक के दौरान विधायकों की ओर से सड़क मार्गों के निर्माण और चौड़ीकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं, जलभराव की समस्या के समाधान, सौंदर्यीकरण के कार्यों, सिंचाई के लिए पानी, ड्रेनेज व सीवरेज की समस्या, तटबंध निर्माण, नालों के निर्माण कार्य और अन्य समस्याएं रखी गईं।

**मुख्यमंत्री प्रत्येक तीन माह में करेंगे लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा वार योजनाओं की समीक्षा**

# ननों की गिरफ्तारी के मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे केंद्र: वेणुगोपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव एवं लोकसभा के सदस्य केसी वेणुगोपाल ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर जबरन धर्म परिवर्तन और मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार की गईं ननों का मुद्दा बुधवार को संसद में उठाया। उन्होंने सरकार से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की।वेणुगोपाल ने कहा कि दो कैथोलिक नन वंदना और प्रीती आगरा जा रही थीं, तभी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोका, मारपीट की और धर्म परिवर्तन के आरोप लगाए। इन ननों का आसपास बहुत आदर था। वह गरीबों और कैंसर रोगियों की मदद करती थीं। पुलिस भी इस मामले में निष्क्रिय रही और दोनों ननों को जेल भेज दिया गया। अगर प्रधानमंत्री देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा का वादा करते हैं, तो ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? देश के अल्पसंख्यक असहज क्यों महसूस कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ और गृहमंत्री को पत्र लिखने के बावजूद नन को रिहा नहीं किया गया। अगर सरकार ने तत्काल हस्तक्षेप नहीं किया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक ईसाई मुद्दा नहीं है, बल्कि यह मुस्लिमों और अन्य समुदायों के खिलाफ भी हो सकता है। सरकार से मांग की कि ननों को बिना किसी कारण के जेल में रखने का यह अत्याचार तुरंत रोका जाए और उन्हें रिहा किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला कथित पत्रकार गिरफ्तार

हरिद्वार । वीडियो बनाकर सरकारी कर्मचारियों को ब्लैकमेल कर रुपयो की मांग करने वाले पत्रकार को पुलिस ने रंगेहाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक 29 जुलाई को राजीव भटनागर लिपिक नगर निगम रुड़की ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पत्रकार विकास कुमार खरे द्वारा नगर निगर कार्यालय में गोपनीय तरीके से बनाई गई वीडियो के एवज में 20 लाख रूपये की मांग करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। घटना का संज्ञान तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी रूडकी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव को पुलिस टीम गठित कर गिरफ्तारी के आदेश दिए। पीड़ित आरोपित के कोर अण्डर पास पर बताये स्थान पर पहुंचा, लेकिन आरोपित वहां नहीं मिला। फोन करने पर आरोपित ने पीड़ित को शान्तरशाह अण्डरपास पर बुलाया। जाल बिछाए बैठी पुलिस ने आरोपित विकास खरे निवासी पदार्था थाना, पथरी, जनपद हरिद्वार को रंगेहाथ 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया है।

### मदनपुर में भाजपा का बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करने की अपील

अररिया। भाजपा की ओर से अररिया विधानसभा अंतर्गत मदनपुर मंडल में बुधवार को बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह ने किया।मौके पर मंडल प्रभारी अभिषेक सिंह, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता देवी सहित भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने, मतदाताओं को जागरूक करने और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने पर जोर दिया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर अररिया विधानसभा संयोजक विकास भगत, सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष समेत भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### लुधियाना में कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक कश्मीरी छात्र की मौत और दो घायल

चंडीगढ़ । पंजाब के लुधियाना में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में एक कश्मीरी छात्र की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार की बाइक से टक्कर के कारण यह हादसा हुआ है। घायलों का डीएमसी अस्पताल में उपचार चल रहा है। लुधियाना पुलिस के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों युवक बाइक से कहीं जा रहे थे और तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। घायलों की पहचान जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा निवासी जाहिद अहमद और सोपोर निवासी मोमिन अहमद की रूप में हुई है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, मृतक की पहचान जम्मू-कश्मीर के बारामूला के पट्टन निवासी मुदारिस के रूप में हुई है। मृतक के एक साथी ने बताया कि मुदासिर सरस्वती कॉलेज में बीएससी नर्सिंग-4 का स्टूडेंट था। हंबड़ा पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपित कार चालक की तलाश में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### प्रशासन ने कुंभ मेला की तैयारियों को लेकर की बैठक

हरिद्वार । वर्ष 2027 में यहां लगने वाले कुंभ मेला की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने एक बैठक की है। बैठक में जनपद के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं नगर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

गोष्ठी के दौरान आगामी कुंभ मेला 2027 के सुचारु संचालन एवं सुरक्षा प्रबंधन के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया तथा उनसे संबंधित बिंदुओं पर रणनीति तय करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य बिंदुओं में यातायात डायवर्सन प्लान, क्राउड मैनेजमेंट, पार्किंग के साथ अखाड़ों के शाही स्नान के क्रम के अनुसार शाही जुलूस मार्ग तथा शाही स्नान के दौरान भीड़ को अन्य घाटों की ओर डायवर्सन किए जाने, कुंभ मेले के लिए विशेष ट्रेनें व बसें चलाने के साथ पुलिस व्यवस्थापन के ऊपर भी विचार किया गया। इसके साथ ही बैठक में साइबर सुरक्षा, सूचना प्रचार माध्यम, खोया-पाया केंद्र, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, मेडिकल इमरजेंसी रिस्पॉन्स एवं वॉलंटियर्स की भूमिका जैसे अतिरिक्त बिंदुओं पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना कल, सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

देहरादून । त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना कार्य में 15,024 कार्मिक जुटेंगे, जबकि सुरक्षा व्यवस्था में 8,926 जवानों की तैनाती की गई है। राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने बताया कि राज्य में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मतगणना का कार्य कल सुबह 31 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान कराया गया है, उसी तरह से मतगणना का कार्य भी पूरी पारदर्शिता से कराया जाएगा। इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हरिद्वार को छोड़कर राज्य के 12 जिलों के 89 विकासखंडों में दो चरणों में 24 जुलाई और 28 जुलाई को हुए मतदान का कुल प्रतिशत 69.16 रहा है। इसमें 64.23 प्रतिशत पुरूष और 74.42 प्रतिशत महिला मतदाता शामिल रहे। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि मतगणना के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। मतगणना की निगरानी प्रेक्षकों एवं जोनल मजिस्ट्रेट तथा पुलिस के अधिकारी करेंगे। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी मतगणना केंद्रों पर आवश्यक बैरिकेडिंग कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर पर चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के बाद आयोग की वेबसाइट पर इन्हें प्रदर्शित किया जाएगा।

## निठारी कांड: सीबीआई, यूपी सरकार और पीड़ित परिवारों की अपील सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने 2006 में नोएडा के निठारी सीरियल हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को बरी करने के आदेश को सीबीआई, यूपी सरकार और पीड़ित परिवारों की ओर से चुनौती देने वाली 14 याचिकाओं को खारिज कर दिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाओं को खारिज करने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने पंढेर को सभी मामलों में बरी कर दिया है, जबकि कोली एक लंबित मामले में जेल में बंद है। इस मामले में एक पीड़िता के पिता, सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी। इलाहाबाद उच्चतम न्यायालय ने 16 अक्टूबर, 2023 को सुरेंद्र कोली को बरी करने का आदेश दिया था। इसके पहले ट्रायल कोर्ट ने 28 सितंबर, 2010 को सुरेंद्र कोली को मौत की सजा दी थी। इस मामले में सुनवाई के दौरान सुरेंद्र कोली के वकील ने उच्चतम न्यायालय में दलील देते हुए कहा था कि उसके खिलाफ साक्ष्य के नाम पर केवल कबूलनामा है, जो उसकी पुलिस हिरासत के काफी दिन के बाद दर्ज कराया गया था।

# विशेष पूंजीगत सहायता के रूप में केन्द्र से उत्तराखंड के लिए 615 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। केन्द्र सरकार की ओर से विशेष पूंजीगत सहायता के तौर पर उत्तराखंड के लिए 615 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिसकी पहली किश्त में 380.201 करोड़ की धनराशि भी राज्य को जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशेष केन्द्रीय सहायता मंजूर किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इस दशक को उत्तराखंड के विकास का दशक बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना को पूरा करने के लिए राज्य सरकार पूरी तत्परता व प्रतिबद्धता से जुटी है। इस दिशा में केन्द्र सरकार की ओर से उत्तराखंड को भरपूर सहयोग मिल रहा है। केन्द्र सरकार की पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के अंतर्गत उत्तराखंड सरकार की ओर से चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 37 योजनाओं के लिए 619.42 करोड़ रुपये की विशेष सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री धामी की ओर से केन्द्र सरकार के समक्ष इन प्रस्तावों की प्रभावी पैरवी करते हुए शीघ्र मंजूरी दिए जाने का आग्रह किया गया था। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में राज्य सरकार को एक पत्र भेजकर एसएएससीआई योजना के तहत उत्तराखंड को 37 योजनाओं के लिए 615.00 करोड़ की धनराशि मंजूर किए जाने की जानकारी दी है। इस राशि में से राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों के लिए 218.45 करोड़ और सौंग बांध पेयजल परियोजना के लिए 70 करोड की धनराशि स्वीकृति मिल गई है। विभिन्न स्थानों पर घाटों, नहर पर बाईपास सड़क निर्माण एवं ड्रेनेज के निर्माण की परियोजनाओं के लिए 36.18 करोड़, 06 पुलिस थानों व 14 रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों के प्रशासनिक भवनों के निर्माण के लिए 10.00 करोड़, स्टार्टअप की सुविधा एवं प्रोत्साहन के लिए यू-हब स्टार्ट अप प्लेस का निर्माण के लिए 10.00 करोड़, जलापूर्ति व्यवस्था एवं सीवरेज प्रबंधन की योजनाओं के लिए 35.00 करोड़ और विद्युत पारेषण लाइनों को निर्माण कार्य के लिए 47.33 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा संस्थानों के निर्माण कार्यों के लिए 82.74 करोड़, आईएसबीटी और आधुनिक कार्यशाला निर्माण की तीन योजनाओं के लिए 25.00 करोड़, डाकपत्थर बैराज और इच्छाड़ी बांध के पहुंच मार्ग आदि के कार्यों के लिए 34.72 करोड़ की योजनाओं की भी स्वीकृति मिली है। इसी तरह ऋषिकेश में तिलक रोड के पास मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण, देहरादून में आढ़त बाज़ार पुनर्विकास की परियोजना और विद्युत वितरण नेटवर्क को भूमिगत करने के कार्यों के लिए 45.58 करोड़ की धनराशि की योजना स्वीकृत की गई है।

# लालू यादव की ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद की ओर से पेश वकील ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका लंबित रहने तक ट्रायल कोर्ट में कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय में इस मामले को निरस्त करने को लेकर भी याचिका दायर की गई है, जिस पर 12 अगस्त को सुनवाई होनी है, इस पर उच्चतम न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट में कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

दिल्ली उच्चतम न्यायालय ने 24 जुलाई को लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों की सीबीआई की ओर से दायर मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, 18 जुलाई को उच्चतम न्यायालय ने लालू यादव की ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। उसके बाद लालू यादव ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अब जब उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया है, तब लालू यादव ने दोबारा उच्चतम न्यायालय का रुख किया था। लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने 7 अक्टूबर 2022 को लालू यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के

# बिहपुर विस भाजपा का कार्यशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




भागलपुर । जिले के बिहपुर एनडीए कार्यालय बिहपुर में बुधवार को बिहपुर विस भाजपा कार्यशाला आयोजित हुआ।कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा ने आगामी विस चुनाव की तैयारियों में अभी से ही जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कि हम विकास व जन विश्वास की बात करते हैं,जबकि हताश, निराश और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाला विपक्ष पूरी तरह से मुद्दा विहीन हो गया है।

प्रदेश मंत्री ठाकुर ने कहा कि मोदी और नीतीश की अगुवाई में देश और सूबे का सर्वांगीण विकास हो रहा है। जनता को तो दिख रहा है लेकिन आंख पर विरोध की पट्टी बांधे विपक्षी देश और राज्य के आमलोगों की आवाज सुनाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 के विस चुनाव में नीतीश कुमार की अगुवाई में सूबे में फिर से एनडीए की सरकार को बनाने के लिए जनता मन बना चुकी है। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरूण मंडल, बिहपुर विस बीएलए वन ई कुमार गौरव, रूपेश रूप, दिलीप महतो, ब्रजेश चौधरी, बाल्मिकी मंडल, दिलीप सिंह समेत बिहपुर, नारायणपुर और खरीक प्रखंड से पहुंचे भाजपा के सभी मंच मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले के 22 केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा में 3358 अभ्यर्थी हुए शामिल, 897 रहे अनुपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फारबिसगंज/अररिया । केन्द्रीय चयन पर्षद के अन्तर्गत बिहार पुलिस के सिपाही संवर्ग में 'सिपाही' पद पर चयन हेतु अररिया जिला मुख्यालय अवस्थित कुल 22 परीक्षा केन्द्रों पर बुधवार को एकल पाली में निर्धारित लिखित परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

उक्त परीक्षा में कुल 3358 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 897 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। संपूर्ण परीक्षा अवधि में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टेदिक दण्डाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता दल, पुलिस पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अररिया एवं परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी सक्रिय रहे। ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) (विज्ञापन संख्या 01/2025) के अन्तर्गत बिहार पुलिस के सिपाही संवर्ग में 'सिपाही' पद पर चयन हेतु अररिया जिला मुख्यालय अवस्थित कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। आज के उपरांत अब 03.08.2025 (रविवार) को एकल पाली में लिखित परीक्षा निर्धारित है। उक्त सभी तिथियों पर एकल पाली के लिए अलग-अलग अभ्यर्थी होंगे एवं प्रश्न-पत्र भी अलग-अलग होंगे। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग टाईम 09:30 बजे पूर्वाह्न है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के ढाई घण्टा पूर्व अर्थात 09:30 बजे पूर्वाह्न से प्रवेश की अनुमति सद्यन फ्रिस्किंग के पश्चात दी जायेगी जो 10:30 बजे पूर्वाह्न तक जारी रहेगी। परीक्षा 12:00 बजे मध्याह्न से प्रारंभ होकर 02:00 बजे अपराह्न तक चलेगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063